# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 14 मार्च, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 70, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1471 अंकों की गिरावट

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण सेंसेक्स 1470.50 अंकों की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। } 14

## वैश्विक चुनौतियों से निपटेगी सरकार : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एक लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना मौजूदा वैश्विक संकट जैसी स्थिति में देश को आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा। } 16



# ईरान में 15 हजार ठिकानों पर अमेरिकी हमला

### अमेरिकी एयरफोर्स का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान क्रैश, 6 सैनिकों की मौत



एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान में 15 हजार से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी अभी जारी है। वर्जीनिया के आर्लिंगटन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हेगसेथ ने कहा कि आज ईरान और राजधानी तेहरान के ऊपर अब तक के सबसे ज्यादा हवाई हमले किए जाएंगे। ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईरान ने भारतीय टैंकर को दी सुरक्षित निकासी

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत के लिए राहत की खबर है, जहां ईराक और सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर दो बड़े भारतीय टैंकर (पुष्पक और परिमल) होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरे हैं। यह सफलता राजनयिक प्रयासों (विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरान के बीच बातचीत) के बाद मिली है, जिससे भारत की तेल आपूर्ति में बड़ी रुकावट टल गई है। रिपोर्टों के अनुसार, 5-10 मार्च के बीच दोनों टैंकरों ने सुरक्षित रूप से जलडमरूमध्य पार किया। एक टैंकर इराक के अल-बसरा और दूसरा सऊदी अरब के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का किया लोकार्पण

### बुलडोजर केवल तोड़ना नहीं जानता, विकास पथ भी तैयार करता है : रक्षामंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने महत्वाकांक्षी ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का शुक्रवार को लोकार्पण करते हुए कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास केवल कागज का विषय नहीं रह गया है बल्कि प्रदेशवासियों के जीवन में दिख रहा है। इस परियोजना से लखनऊ के करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में आसानी होगी, जाम से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईएम रोड से आउटर रिंग रोग तक 28 किमी के इस ग्रीन कॉरिडोर को बनाने में लगभग 7190 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इस ग्रीन कॉरिडोर को बनाते समय रास्ते में आने वाले डेढ़ सौ से ज्यादा वृक्षों को काटा नहीं गया बल्कि उन्हें दूसरी जगह पर स्थानांतरित किया गया। यह अपने आप में



पर्यावरण की रक्षा के लिए मिसाल है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें पुरस्कृत भी किया। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इन कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रक्षा उत्पादन का नया केंद्र बन रहा लखनऊ : योगी

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 1,519 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ अब वाकई मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं, का प्रतीक बन चुका है। आज लखनऊ वास्तव में नए भारत के आधुनिक शहर की पहचान के रूप में तेजी से उभर रहा है। किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए, जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इसी उद्देश्य से लखनऊ में आधुनिक कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित किया जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

## किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में दरोगा सस्पेंड

प्रयागराज। प्रयागराज में गरीब किसानों की सब्जियां पुलिस जीप से रौंदने के मामले में पहले चर्चा में रहे दरोगा सुमित आनंद सिंह को एक बार फिर निलंबित कर दिया गया है। इस बार उन पर नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में लापरवाही बरतने और गलत विवेचना करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवारको बताया कि कोरांव थाना क्षेत्र में चार मार्च को एक किशोरी पशुओं के लिए चारा काटने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान एक युवक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट कर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। किसी तरह किशोरी वहां से बचकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की तहरीर पर थाने में केवल मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया और मामले की विवेचना दरोगा सुमित आनंद सिंह को सौंपी गई। उन्होंने नौ मार्च को मात्र चार दिन के भीतर विवेचना पूरी कर मारपीट समेत अन्य धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी, जबकि पीड़ित किशोरी का बयान ही दर्ज नहीं किया गया।

## प्रदेश में सात आईएएस व चार पीसीएस के तबादले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को सात आईएएस और चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रकाश बिंदु सचिव लोक निर्माण से सचिव गृह बनाए गए हैं। नए आदेश के मुताबिक डॉ. लोकेश एम प्रतीक्षारत सचिव लोक निर्माण विभाग, महेंद्र प्रसाद प्रतीक्षारत से विशेष सचिव उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग, नीना शर्मा निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी से प्रमुख सचिव सार्वजनिक उद्यम विभाग तथा महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम बनाई गई हैं। संजय कुमार महानिदेशक सार्वजनिक उद्यम से निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, रघुबीर विशेष सचिव धर्मार्थ कार्य से विशेष सचिव ...शेष पृष्ठ 14 पर

# लोकसभा में एलपीजी के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने का किया आग्रह





एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को कांग्रेस के सदस्यों ने देश में एलपीजी गैस की कथित कमी के मुद्दे पर हंगामा किया जिसके कारण सदन की बैठक शुरू होने के करीब तीन मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इसी दौरान कांग्रेस के सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर देश में एलपीजी गैस की कथित कमी का मुद्दा उठा रहे थे। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को इस मुद्दे पर कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने की बात कहते सुना गया। बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल सदन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और आज भी विपक्ष के आठ सांसदों के प्रश्न सूचीबद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में जहां देश के मुद्दे, क्षेत्रों की समस्याएं उठाई जाती हैं, वहीं सरकार की जवाबदेही भी तय होती है। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, आप कहते हैं कि बोलने का अवसर नहीं मिलता। जब आपको बात रखने का समय और अवसर दिया जाता है, तब आप बोलना नहीं चाहते, सदन में गतिरोध पैदा करना चाहते हैं जो संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के बाद यदि सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहते हैं तो उठा सकते हैं। बिरला ने यह भी कहा एक और आग्रह कर रहा हूं कि संसद के अंदर हो या संसद परिसर में बाहर हो, उसकी पवित्रता, मर्यादा, प्रतिष्ठा बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। जिस तरह का आचरण और व्यवहार आप कर रहे हैं, उससे सदन की पवित्रता को समाप्त कर रहे हैं। जब विपक्ष के सांसदों ने अपने आठ साथियों के निलंबन का मुद्दा उठाया तो अध्यक्ष ने कहा, सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही कार्रवाई होगी। यह स्पष्ट है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब तीन मिनट बाद ही कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

## निर्बाध एलपीजी आपूर्ति का सरकार ने दिया भरोसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पांच मार्च से अब तक घरेलू ...शेष पृष्ठ 14 पर



## गैस की कालाबाजारी में 24 एफआईआर, 6 गिरफ्तार 19 लोगों पर अभियोजन

लखनऊ। प्रदेश में आम नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह सक्रिय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से प्रदेशभर में आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी के साथ निरीक्षण व छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की कमी या अव्यवस्था न होने पाए। इसी क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं।

यूपी पहला राज्य है, जहां कालाबाजारी के खिलाफ सबसे पहले और ताबड़तोड़ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रवर्तन टीमों द्वारा शुक्रवार को कुल 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान एलपीजी वितरकों के विरुद्ध 4 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि एलपीजी गैस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विमान ईंधन हुआ महंगा किराये में हुई बढ़ोतरी





एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग का असर अब आपकी हवाई यात्रा पर भी पड़ने लगा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट से यात्रा 14 मार्च से महंगी होने जा रही है। एयरलाइन ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकटों पर 425 से 2300 तक फ्यूल चार्ज लगाने का फैसला किया है। इसके बाद नई बुकिंग करने वाले यात्रियों को टिकट के साथ एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज देना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बेहतर वित्तीय प्रबंधन से राष्ट्रीय स्तर पर उभरा उत्तराखंड

### सीएम धामी ने आर्थिक स्थिति व वित्तीय उपलब्धियों पर दी जानकारी

प्रमुख संवाददाता

गैरसैंण (उत्तराखंड)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की वित्तीय स्थिति, आर्थिक प्रबंधन और राजकोषीय अनुशासन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन के कारण उत्तराखंड ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

मुख्यमंत्री धामी ने जानकारी दी कि नीति आयोग द्वारा जारी फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 (रिपोर्ट 2023-24) में उत्तराखंड को हिमालयी और उत्तर-पूर्वी राज्यों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने इसे राज्य की



मजबूत आर्थिक व्यवस्था और बेहतर वित्तीय नियोजन का परिणाम बताया। सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत हल्के अंदाज में करते हुए कहा कि विषय से जुड़ी जानकारी कुछ विस्तृत है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने मुस्कुराते हुए कहा कि तो माइक भी लंबे करने पड़ेंगे। इस टिप्पणी पर सदन में कुछ देर के लिए हंसी का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने वक्तव्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चाइनीज मांझे की बिक्री व उपयोग पर होगी कड़ी कार्रवाई : अमिताभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा तथा सिंथेटिक/शीशा चढ़ी नायलान पतंग डोर के निर्माण, भंडारण व बिक्री के विरुद्ध अभियान के तहत कार्रवाई तेज किए जाने का निर्देश दिया है।



उन्होंने व्यापारियों से इनका भंडारण व बिक्री न करने तथा लोगों से इनका उपयोग न करने की अपील की है। एडीजी ने कहा कि चाइनीज मांझा तथा सिंथेटिक पतंग डोर से घायल होकर कई व्यक्तियों की जानें जा चुकी हैं। पशु-पक्षी भी घायल हो रहे हैं। इनके उपयोग से कोई गंभीर हादसा किसी के भी परिवार के सदस्य के साथ हो सकता है। लिहाजा इनका उपयोग न किया जाए। उन्होंने सभी जिलों में प्रतिबंधित मांझा का निर्माण, भंडारण व बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा लोगों को चाइनीज मांझे से होने वाले नुकसान से बचने व लोगों की सुरक्षा के लिए स्वयं जागरूक होने की जरूरत है।

**रमजान मुबारक**



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:09 | 5:14 |

**भीतर पढ़ें**


- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट व अकासा एयर में करार (पृष्ठ-02)
- जमीन के सुरक्षित लेनदेन से बढ़ेगा भरोसा (पृष्ठ-022)
- रुपया 20 पैसे टूटकर 92.45 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पीएम मोदी ने जारी की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त, प्रदेश के अन्नदाता भी लाभान्वित

# पीएम किसान सम्मान निधि पाकर खिले किसानों के चेहरे

विशेष संवाददाता

गुवाहाटी/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी। इस किस्त के तहत देशभर के 9.32 करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर की गई। इसमें उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों को भी बड़ी राहत मिली है। उनके खातों में सीधे 4335.11 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार किसानों की आय और सम्मान बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों को अब तक 99 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मिल



चुकी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक लाभ पाने वाला राज्य बना हुआ है। 22वीं किस्त जारी होने से पहले तक प्रदेश के किसानों को 21 किस्तों में कुल 94,668.58 करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी थी। अब ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा कि कृषक-कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता एक बार फिर करोड़ों अन्नदाताओं के जीवन में विश्वास और संबल लेकर आई है। इस किस्त के तहत 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में पहुंची है जिसमें उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान भी लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एचपीसीएल हत्याकांड: पुलिस इंस्पेक्टर व दारोगा निलंबित

जिला संवाददाता

बदायूं। बदायूं एक इथेनॉल संयंत्र से जुड़े दो वरिष्ठ अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट के बाद दो पुलिस अधिकारियों को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

**एजीएम के परिवार ने लगाया निष्क्रियता का आरोप**

इस बीच, मृतकों में से एक हर्षित मिश्रा के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पहले भी शिकायत की गई थी कि उनकी जान को खतरा है लेकिन पुलिस ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया।

सेजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) संयंत्र में सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) के पद पर कार्यरत मिश्रा (34) और महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता (58) की बृहस्पतिवार को हत्या कर दी गई थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बदायूं के सांसद आदित्य यादव ने कहा कि एक औद्योगिक परिसर के अंदर दिनदहाड़े दो अधिकारियों की हत्या से कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठते हैं। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षक अजय कुमार और उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को बृहस्पतिवार रात ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जापान और सिंगापुर की सफल यात्रा के लिए योगी को दीं शुभकामनाएं

## राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को उनकी जापान एवं सिंगापुर की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। समिति की वार्षिक पत्रिका ह्लअवध केसरीह्ल के दसवें अंक का भी मुख्यमंत्री योगी ने विधिवत विमोचन किया।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद रायबरेली के विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और महत्वपूर्ण प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसमें जनपद में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण तथा हैदरगढ़ स्थित शुगर मिल के बंद होने से किसानों को हो रही गन्ना उठान की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद रायबरेली के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने जनहित में और भी बेहतर कार्य के लिए समिति के सदस्यों को प्रेरित किया। राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की ओर से



- समिति की वार्षिक पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक का मुख्यमंत्री ने विधिवत किया विमोचन

प्रकाशित वार्षिक पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक के प्रकाशन की सीएम योगी ने शुभकामनाएं दीं और प्रसन्नता जताई कि समिति बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। इस अंक में अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह के अंग्रेजों के खिलाफ किए गए संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। 1857 में साहित्यकारों ने भी देश की आजादी में अपनी कलम के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका भी विवरण इस अंक में विस्तार से दिया गया है। समिति का उद्देश्य है कि अवध केसरी पत्रिका के माध्यम से जन-जन तक 1857 क्रांति में शहीद हुए योद्धाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना, उस समय किन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए संघर्ष किया गया था, उसके बारे में लोगों को बताना और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करना है।

समिति का प्रयास अमर शहीदों के परिजनों का सहयोग करना और उनके द्वारा किए गए कार्यों से हर किसी को अवगत कराना है। मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, कौशलेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राकेश भदौरिया, रविन्द्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह, एसपी सिंह, आरबी सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अकासा एयर के बीच करार

## एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) के लिए बनेगा अत्याधुनिक केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और देश की तेजी से उभरती एयरलाइन आकासा एयर के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी हुई है। इसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में अकासा एयर की पहली मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा स्थापित की जाएगी।

यह अत्याधुनिक एमआरओ केंद्र विमान रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी सेवाओं का व्यापक नेटवर्क तैयार करेगा। इससे भारत के एविएशन सेक्टर को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निवेश-प्रोत्साहन नीतियों और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते उत्तर प्रदेश में वैश्विक कंपनियों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में विकसित हो रही यह एमआरओ सुविधा प्रदेश को एविएशन, लॉजिस्टिक्स और हाईटेक इंडस्ट्री के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बनेगा अत्याधुनिक एमआरओ हब

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और आकासा एयर के बीच यह साझेदारी न केवल देश में विमान रखरखाव की क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को एविएशन टेक्नोलॉजी और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और तकनीकी सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगी। इस एमआरओ सुविधा के विकसित होने से विमान कंपनियों को देश के भीतर ही उच्च गुणवत्ता वाली मेंटेनेंस सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे परिचालन लागत और समय में कमी आएगी। इस अत्याधुनिक एमआरओ सुविधा के स्थापित होने से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और स्थानीय युवाओं को एविएशन टेक्नोलॉजी और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस से जुड़े कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही यह परियोजना क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। यह पहल भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश के प्रमुख एमआरओ हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इससे भारत की विमानन सेवाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता मजबूत होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ शनेलमैन ने कहा कि अकासा एयर का अपना पहला एमआरओ केंद्र नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्थापित करने का निर्णय इस एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय एविएशन हब बनाने के विजन की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी भारत की एमआरओ क्षमताओं को मजबूत करेगी और क्षेत्र में रोजगार तथा कौशल विकास के नए अवसर पैदा करेगी।

अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दुबे ने कहा कि भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन बाजार को देखते हुए मजबूत घरेलू एमआरओ क्षमताओं का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ यह साझेदारी अकासा एयर के दीर्घकालिक विकास की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे भारत के विमानन क्षेत्र को अधिक आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

# गोकशी के 35 हजार आरोपी पकड़े

विशेष संवाददाता (vol)

- 14,182 मामले दर्ज, 35 हजार से अधिक आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने सूबे की सत्ता संभालने के बाद प्रदेश में गोकशी, गोतस्करों और अवैध पशु वध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई की, जो आज भी लगातार जारी है। इसके साथ गोकशी को पूरी तरह से रोकने के लिए वर्ष 2020 में गोवध निवारण कानून में संशोधन किया गया और जून-2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश जारी किया गया। इसके तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

प्रदेश सरकार का मानना है कि गोकशी पर नियंत्रण केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि यह सामाजिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से पुलिस, प्रशासन और विशेष कानूनों के माध्यम से लगातार कार्रवाई की जा रही है। गोकशी से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ केवल सामान्य मुकदमे ही नहीं दर्ज किए गए, बल्कि उनके विरुद्ध कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई। गोकशी के मामले में 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की सख्त कार्रवाई से गोकशी व गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली।

इस दौरान प्रदेश में सक्रिय गोकशी से जुड़े नेटवर्क को ध्वस्त किया गया और आरोपियों की संपत्तियों की भी जांच की गई। गोकशी के मामलों में केवल गिरफ्तारी तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक स्तर पर भी अपराधियों पर प्रहार किया गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसका उद्देश्य अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने से संगठित अपराधियों की आर्थिक ताकत कमजोर करना है ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को पूरी तरह रोका जा सके। इतना ही नहीं कई मामलों में अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियों को भी कुर्क किया है।

# आवासीय सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में गाजियाबाद बना मॉडल जिला

## स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नवाचार कर रही सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में औरैया के बाद गाजियाबाद जनपद ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है। गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने औरैया के जिलाधिकारी का अनुकरण करते हुए आदेश जारी किया। अब जनपद में नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बिजली की बचत करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को भी सुनिश्चित करना है।

इस प्रस्ताव के अंतर्गत संबंधित नगर पालिकाएं, नगर निगम एवं नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकतीं हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में



सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा का दायरा व्यापक होगा।

सरकार गाजियाबाद जनपद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मान रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के सभी जनपदों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप तृतीय श्रेणी शहरी एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर आवासीय सोलर कवरेज बढ़ाने के प्रयास करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1440 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जिससे 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह बिजली बिना कोयला जलाए उत्पन्न की जा रही है, जिससे पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों में भी उल्लेखनीय कमी आई है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन लगभग 4 करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त इस पहल से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। लगभग 60 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तथा लाखों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही सोलर रूफटॉप मॉडल के कारण 5000 एकड़ से अधिक भूमि का संरक्षण संभव हो सका है, जिसे अब अन्य विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। यह पहल ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए मजबूत हो रही है। योगी सरकार का मानना है कि औरैया का यह मॉडल प्रदेश के अन्य जनपदों में भी लागू होने से उत्तर प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा और हरित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित करेगा।

# सरयू नहर परियोजना के विस्तार से पूर्वी यूपी में बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र

- पूर्वी यूपी में 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** सरयू नहर परियोजना के विस्तार से पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस राष्ट्रीय परियोजना के तहत कुल 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में वर्ष 2026-27 में नए कुलाबों का निर्माण और गैप्स को पूरा करने के साथ प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित कर सरयू नहर परियोजना की सिंचाई क्षमता में लगातार वृद्धि की जा रही है। इससे न केवल पूर्वी यूपी में सिंचाई कमांड एरिया में वृद्धि हो रही है, बल्कि क्षेत्र के किसानों के उत्पादन और आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

सरयू नहर परियोजना के तहत पूर्वी यूपी के नौ जिलों में 9000 कुलाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से लगभग 7345 कुलाबों का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 1655 कुलाबों का निर्माण सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा कर रहा है। इससे क्षेत्र में लगभग 66,200 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र का विकास होगा, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों को रबी और खरीफ दोनों फसलों में मिलेगा। इसी क्रम में नहरों में 14 गैप्स के कारण बड़े क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इनमें से 14 नहर गैप्स में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इस कार्य के पूरा होने से लगभग 27,863 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। सरयू नहर परियोजना के तहत कम जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने के उद्देश्य से यूपी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से प्रेशर सिंचाई परियोजना का चरणबद्ध विकास कर रहा है।

# जमीन के सुरक्षित लेनदेन से बढ़ेगा भरोसा

विशेष संवाददाता (vol)

- रजिस्ट्री से पहले मालिकाना हक की जांच, संपत्ति विवादों पर लगाम लगाने की तैयारी
- भू-माफियाओं पर लगाम लगायेगा सरकार का फैसला, रजिस्ट्री प्रक्रिया बनेगी पारदर्शी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जमीन और संपत्ति से जुड़े विवादों, धोखाधड़ी और जालसाजी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाया है। हाल ही में लिया गया यूपी कैबिनेट का फैसला आने वाले समय में बड़ा बदलाव ला सकता है। रजिस्ट्री से पहले भू-संपत्ति के मालिकाना हक और उससे जुड़े दस्तावेजों की अनिवार्य जांच की व्यवस्था लागू होने से जमीन के लेनदेन को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में नई शुरूआत मानी जा रही है। यह फैसला भू-माफियाओं की कमर तोड़ने का भी काम करेगा साथ ही लोगों की मेहनत की कमाई लुटने से बचेगी।

जमीन की खरीद-फरोख्त के मामलों में अक्सर कोई न कोई समस्या सामने आती रहती है। रजिस्ट्री होने के बाद खरीदार को पता चलता है कि जमीन विवादित है, उस पर किसी और का दावा है या फिर दस्तावेजों में गड़बड़ी है। ऐसे मामलों में कई बार लोगों को लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है और उनकी मेहनत की कमाई दांव पर लग जाती है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद रजिस्ट्री से पहले ही कागजात और मालिकाना हक की जांच होने से ऐसे जोखिम काफी हद तक कम हो सकते हैं।

प्रॉपर्टी विशेषज्ञ प्रदीप मिश्रा का कहना है कि यह कदम भविष्य में संपत्ति विवादों की संख्या कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। जब रजिस्ट्री से पहले जमीन की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और दस्तावेजों की पुष्टि हो जाएगी, तब फर्जी सौदे, डुप्लीकेट कागजात और धोखाधड़ी की संभावनाएं स्वतः कम हो जाएंगी। इससे जमीन खरीदने वाले लोगों को भरोसे के साथ निवेश करने का माहौल मिलेगा। यह फैसला भू-माफियाओं और अवैध जमीन कारोबार पर भी प्रभावी चोट साबित होगा।

लंबे समय से फर्जी दस्तावेजों और कानूनी खामियों का फायदा उठाकर कुछ लोग जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री करते रहे हैं। यदि रजिस्ट्री प्रक्रिया में ही कड़ी जांच की व्यवस्था लागू होती है, तो ऐसे तत्वों के लिए जमीन से जुड़े फर्जी सौदे करना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी यह कदम सकारात्मक माना जा रहा है। जब जमीन से जुड़े लेनदेन अधिक पारदर्शी और सुरक्षित होंगे तो निवेशकों और खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा। इससे शहरी और औद्योगिक विकास की योजनाओं को भी गति मिलने की संभावना है।

सरकार पहले से ही भू-माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और अवैध कब्जों को हटाने के अभियान पर जोर दे रही है। ऐसे में रजिस्ट्री से पहले दस्तावेजों की जांच की नई व्यवस्था इस अभियान को और मजबूत आधार देने में सक्षम होगी। आने वाले समय में यह पहल आम लोगों को जमीन से जुड़े जोखिमों से बचाने और संपत्ति बाजार को अधिक विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# लंदन से आये न्यायिक सदस्यों व बैरिस्टरों ने फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया

## मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस : गोस्वामी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में लंदन से आए न्यायिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने संस्थान का परिभ्रमण किया। संस्थान में परिभ्रमण पर आए सदस्यों को संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी, आईजी राजीव मल्होत्रा एवं डीआईजी हेमराज मीणा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया।

प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ बैरिस्टर बलदीप सिंह, पीटर क्लार्क, डेविड जोस्से केसी, देवेंद्र धालीवाल, डॉ सतविंदर एस जूसे, तलवीर सिंह केसी, हरजोत सिंह, ईरविंदर बक्शी, इकबाल दीप सिंह, शरणदीप सहोता, रूठ में बारबर, महिला प्रकरण के बैरिस्टर गेराल्डिन मोर, या दानकवा एमपाडु, सखे, ग्रेगरी वेज, श्री संजय तुरा, रुपिंदर कौर मथारू, अरुणा वर्मा, जस्टिन



वांग, मनदीप सिंह खटकड़, लवजोत सिंह, लखबीर सिंह, अनहद सिंह, गुरु मनजोत सिंह तिवाना, ज्योति कौर, अमनदीप सिंह सिद्धू, जयवीन सिंह मल्ही, देवजोत सिंह, हरमन सिंह, चरण संधू, रोसिये कौर, पुनीत चीमा, हर सिमरन गुलाटी, दिलप्रीत सलूजा, जज राज सिंह भदेसर, जज मनप्रीत, ईशपाल सिंह, जज जिंदर सिंह, जज रवि सैंडिल तथा जज सुखी गिल ने फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट में स्थापित विश्व स्तरीय डीएनए लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब का विजिट भी किया। फॉरेन डेलिगेट्स ने लैब में स्थापित विभिन्न प्रकार के सभी महत्वपूर्ण उपकरणों एवं उनके के बारे में जाना। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी ने भ्रमण पर आए हुए बैरिस्टर तथा न्यायिक सदस्यों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक सत्र एवं प्रचलित कोर्सों के बारे में विस्तृत रूप से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शिता का परिणाम है। यह संस्थान भारत का दूसरा संस्थान है जो फॉरेंसिक विषयों पर तकनीकी एवं फॉरेंसिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि आज के दौर में अनसुलझे अपराधों की रहस्यों को खोलने में फॉरेंसिक की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। फॉरेंसिक विषय से संबंधित साक्ष्य अपराधियों को सजा के द्वार तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर डीआईजी हेमराज मीणा ने संस्थान परिभ्रमण पर लंदन से आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल के कोऑर्डिनेटर बैरिस्टर हरजोत सिंह ने संस्था प्रमुख डॉ जी के गोस्वामी सहित यूपीएसआईएफएस परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च न्यायालय के कई अधिवक्तागणों सहित अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी सहित फैकेल्टी डॉ. श्रुति दास गुप्ता, डॉ. मनीष राय, डॉ पलक अनेजा, शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह, बृजेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हक मांगने से नहीं मिलता, उसके लिए लड़ना पड़ता है : राहुल गांधी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाज के दलित, शोषित, वंचित, पीड़ित, तथा गरीब, वर्ग के लोगों के हितों की आवाज को प्रमुखता से उठाने वाले तथा उनके हक और अधिकारों की लड़ाई को लड़ने वाले तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक रहे मा0 कांशीराम जी की जयन्ती को कांग्रेसजनों द्वारा सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आज राजधानी लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बातौर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, राहुल गांधी ने संम्बोधित किया। संगोष्ठी का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ0 अनिल जय हिन्द जी ने किया। संगोष्ठी का आयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय-पूर्व मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डा0




अनिल जय हिन्द एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डा0 राजेन्द्र पाल गौतम द्वारा किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम आज कांशीराम को याद करते है, उनके संघर्ष को, उनके सपनों को उनके हिन्दुस्तान के राजनीति के योगदान को और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। राहुल गांधी जी ने कहा कि सिर्फ चाहने से परिवर्तन नहीं होता बल्कि प्रयासों से होता है। परिवर्तन तब होता है जब हम गलत को गलत और सही को सही कहते हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम उत्तर प्रदेश में घूमते थे तो एक पेन अपने साथ रखते थे और बताते थे कि पेन में निब कहां, उसकी बॉडी कहां, कैसे लिखती है और ढक्कन लगाते ही बंद हो जाती है। ढक्कन 15 प्रतिशत है और वो ही पेन को संचालित करता है यही स्थिति भारतीय समाज की है। मगर होना यह चाहिए कि फायदा 15 प्रतिशत को भी मिले और 85 प्रतिशत को भी मिलना चाहिए। मगर भाजपा जब से सत्ता में आई उसने एक नया सिस्टम निकाला है पेन और ढक्कन को अलग कर दिया है और 85 प्रतिशत को फेंक दिया और 15 प्रतिशत को लेकर घूम रही है। मोदी आज कंप्रोमाइज हो गए हैं जिसके कारण वह ट्रंप के आगे झुक रहे हैं, अभी हाल ही में अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में अमेरिका को सारे फायदे दिए गए जबकि इस व्यापार समझौता से ना केवल हमारे देशवासियों का कोई भी फायदा नहीं हुआ बल्कि भविष्य में हमारे किसान भाइयों को इसका नुकसान उठाना पडेगा। राहुल गांधी जी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता कर लिया है, क्योंकि अब अमेरिका तय कर रहा है कि हम तेल कहां से लेंगे? उन्होंने कहा कि जब मैंने संसद में एपस्टीन का नाम लिया तो स्पीकर ने मुझे बोलने से रोक दिया।

राहुल गांधी जी ने कहा कि मंत्री हरदीप पुरी पहले से ही कम्प्रोमाइजड हैं। इनका नाम एपस्टीन फाइलस में है और ये एपस्टीन के दोस्त रहे हैं। हरदीप पुरी की बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस का पैसा लगा है- जैसे ही मैंने संसद में ये बात रखी तो स्पीकर ने फिर मुझे बोलने से रोक दिया। मोदी जी के सरेंडर करने का कारण केवल दो हैं एक एपस्टीन और दूसरा अडानी, अडानी का जो केस अमेरिका में चल रहा है उसमें खुद मोदी भी संलिप्त हैं इसी वजह से नरेन्द्र पूरी तरह से सरेंडर हो गए हैं। मोदी जी साइकोलॉजिकल रूप से हार गए हैं और जब व्यक्ति मन से हारता है तो फिर उसको हारना ही होता है। राहुल गांधी जी ने कहा कि हक मांगने से नहीं मिलता बल्कि उसके लिए लड़ना पड़ता है। कांग्रेस पार्टी 85 प्रतिशत के शोषण की व्यवस्था को बदलने की लड़ाई लड़ रही है वह समय अब आ गया है।

यह लड़ाई ना केवल चुनाव जीतने की है बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की है। हक की लड़ाई विचारों की लड़ाई सबसे मजबूत होती है जो विचारों से कम्प्रोमाइज नहीं करता है उसकी ही पूजा होती है, वह चाहे अम्बेड़कर जी हों, गांधी जी हो, या कांशीराम हों। संगोष्ठी में पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनिल जय हिन्द, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 राजेन्द्र पाल गौतमडॉ0 बी0पी0 अशोक-रिटा0 आईपीएस, वीरेन्द्र सिंह यादव- रिटा0 न्यायाधीश, राकेश राठौर-सांसद, के0के0 गौतम-पूर्व मंत्री, लालमनी प्रसाद-पूर्व सांसद, अनीस अंसारी-पूर्व आईएएस, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।

# लखनऊ व वाराणसी में 18 से 25 तक रोजगार मेले

## युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने की पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बृहद रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार मार्च माह में तीन प्रमुख शहरों में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इन रोजगार मेलों में विभिन्न कंपनियां भाग लेकर प्रशिक्षित और योग्य युवाओं का चयन करेंगी। सरकार का उद्देश्य है कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए। कौशल विकास मिशन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और बरेली मंडल के अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके बाद 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में 25 मार्च को वाराणसी स्थित राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में वाराणसी, मिजार्पुर और प्रयागराज मंडल के युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति के तहत कौशल विकास मिशन युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। रोजगार मेलों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं और कंपनियों को एक मंच पर लाकर रोजगार की प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। मिशन डायरेक्टर पुलकित खरे ने बताया कि योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं, कौशल प्रशिक्षण, स्टार्टअप और निवेश आधारित औद्योगिक विकास के चलते प्रदेश में रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं।

रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को सीधे कंपनियों से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिल रहा है। योजना के तहत प्रत्येक आयोजन स्थल पर 100 से अधिक कंपनियों और नियोक्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इन रोजगार मेलों में आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही महिला अभ्यर्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने, जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत चयनित परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता देने तथा इच्छुक और योग्य दिव्यांगजनों के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है।

## संक्षेप

### गमगीन माहौल में दफन हुआ दुर्घटना में मृत छात्रों का शव

प्रतापगढ़। अनियंत्रित कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत की घटना में गुरूवार की देर रात पीएम के बाद शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों छात्रों के शव को दफन किया। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी मो0 आलम और पूरे खुदाबक्श उछापुर निवासी महफूज रायबरेली जनपद के करहिया बाजार स्थित कम्प्यूटर सेण्टर में कम्प्यूटर कोर्स की पढ़ाई करने जाते थे। बीते गुरूवार की दोपहर वह पढ़ाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रायबरेली जनपद में ही कोतवाली सलोन के नुरूददीनपुर के पास अनियंत्रित कंटेनर की चपेट में आने से दोनों छात्रों की मौत हो गयी थी। पीएम के बाद रात में शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों शवों को दफन किया। दुर्घटना से मृतक परिवार के लोग गमगीन हैं।

### आगजनी से हड़कंप

प्रतापगढ़। गोआश्रय स्थल के समीप अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद स्थित गोआश्रय स्थल के समीप शुक्रवार दोपहर सरपत के झुरमुटों में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आगजनी में सरपत के जलने के अलावा और कोई क्षति न होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

प्रतापगढ़। तहसील लालगंज क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई। लालगंज कस्बे में बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के साथ ही खालसा सादात, खानापटटी, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, पिंजरी, शुकुलपुर, जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, तेजगढ़, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर, लीलापुर आदि मस्जिदों में बड़ी तादात में जुटे अकीदतमंद अलविदा की नमाज में शामिल हुए। अलविदा की नमाज के दौरान पुलिसकर्मी मस्जिदों के आसपास शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

### प्रमोद तिवारी अपने दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे रामपुरखास

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को अपने दो दिवसीय दौरे के तहत रामपुरखास आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर तीन बजे सांगीपुर ब्लाक अन्तर्गत मुरैनी गांव में आयोजित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद सायं साढ़े चार बजे सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज परिसर में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके बाद सायं सात बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं पौने आठ बजे पूरे स्वामी लालगंज में राजकुमार मिश्र द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी जलेशरगंज रोड पर नंदलाल कौशल के संयोजन में चल रही श्रीमदभागवत कथा में भी शामिल होंगे तथा रात्रि साढ़े आठ बजे जगन्नाथपुर में पूर्व प्रधान देशराज यादव के यहां मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी इससे पूर्व रांकी में प्रधान रामअधार व आमीशंकरपुर में संजय सिंह बघेल तथा रेहुआ लालगंज में अफजल के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना जतायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी अगले दिन रविवार को अपने पैतृक आवास संग्रामगढ़ से बरीबोझ पहुंचकर यहां सम्पर्क मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर दो बजे क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर क्षेत्रीय नागरिकों एवं कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे तथा जनसमस्याओं की सुनवाई भी करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं छः बजे लालगंज नगर स्थित चांदतारा मस्जिद के समीप अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार में भी शिरकत करेंगे।

# पात्र ग्रामीणों को मिलेगा हर योजना का लाभ

## नचनी में गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न




सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास खण्ड मिठवल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नचनी में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विधायक बांसी जय प्रताप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

चौपाल कार्यक्रम में विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है। सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। गांव की समस्या गांव में समाधान के अन्तर्गत चौपाल आयोजित कर ग्राम में ही लोगो की समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प लगाकर योजनाओ की जानकारी दी जा रही है तथा योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। इसी क्रम में पूरे जनपद में चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहॅुचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये।आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सभी लोग अपना फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि एस.आई.आर. में छूटे हुए मतदाता अपना नाम जोड़वा ले। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोग फार्म-06 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा ले।

## समारोहपूर्वक हुआ एनएसएस शिविर का समापन




प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुक्रवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल, इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, राष्ट्रगीत आदि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र के संयोजन में प्रबुद्धजनों सभासद कैलाशनाथ तिवारी, जावेद अहमद, ब्रजघोष ओझा, डॉ0 निशान्त पाण्डेय आदि का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उददेश्य शिविरार्थियों के व्यक्तित्व व चरित्र का विकास करना है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल ने कहा कि एनएसएस शिविर निःस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को दशार्ता है। विशिष्ट अतिथि इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी ने एनएसएस की महत्ता बतायी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 अभिषेक पाण्डेय, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 शैलेन्द्र सरोज, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 महेश पाण्डेय आदि रहे।

## भगवान कृष्ण की महारास लीला की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



प्रतापगढ़। नगर के पूरे स्वामी में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को गोपियों संग भगवान श्रीकृष्ण की महारासलीला व मथुरा गमन प्रसंग पर कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास स्वामी योगेश्वराचार्य जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की वंशी की धुन सुनकर गोपियां ही नहीं सारा बृजवासी ठहरा जाता था। भगवान कृष्ण ने निधिवन में गोपियों संग महारास रचाया। कथाव्यास ने बताया कि इस महारास में भगवान शिव भी गोपी बनकर आये और इसीलिए उनका नाम गोपेश्वर पड़ा। उन्होने रास और महारास में अंतर स्पष्ट करते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि जब भगवान से मिलने की इच्छा भक्त करते हैं तो वह रास कहा जाता है। जबकि जब भगवान स्वयं अपने भक्तों से मिलने के लिए आते हैं तो उसे महारास कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला जीवात्मा का परमात्मा से मिलन कहा जाता है। कथा के दौरान राधेकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक रमाकांत मिश्र व द्रोपदी मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत व मनीष मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर

## सागौन की लकड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार



श्रावस्ती। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सागौन की लकड़ी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने पुलिस टीम के साथ 12 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर भितुरिहा डोमाई क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से 10 बोटा सागौन की लकड़ी के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुनील दुबे उर्फ अनिल दुबे पुत्र अरविंद दुबे निवासी शिवगढ़ खुर्द थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है।

## डीएम ने राष्ट्रीय लोक अदालत जागरूकता प्रचार वाहन रवाना किया




श्रावस्ती। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान की शुरूआत की।

यह पहल सर्वोच्च न्यायालय के कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशों के अनुपालन में की गई है। इसके अंतर्गत आगामी 14 मार्च 2026 को दीवानी न्यायालय परिसर श्रावस्ती में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व तथा इसके माध्यम से मामलों के त्वरित और सुलभ निस्तारण के बारे में जानकारी देगा। उन्होंने जनपद के सभी एनपीए खाताधारकों से भी अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने मामलों का निस्तारण कराएं।

इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेल परियोजना में तेजी लाने को लेकर रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनपद के विकास से जुड़ी बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बहराइचझखलीलाबाद रेल लाइन परियोजना की प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की और कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री को पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि बहराइचझखलीलाबाद वाया भिंगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला और डुमरियागंज होते हुए प्रस्तावित लगभग 4090 करोड़ रुपये की इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृति दी गई थी। इस परियोजना का शिलान्यास 2 मार्च 2019 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया था।

उन्होंने बताया कि परियोजना का कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन निर्माण की रफ्तार काफी धीमी होने के कारण श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच जनपद के लोगों में निराशा का माहौल है। खासकर श्रावस्ती और बलरामपुर जनपद की उतरौला तहसील में आज तक रेल लाइन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने रेल मंत्री से अनुरोध किया कि बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर जनपद में चल रहे रेल लाइन निर्माण कार्य की प्रगति को तेज करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और व्यापार, शिक्षा तथा पर्यटन के क्षेत्र में भी व्यापक विकास को गति मिलेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पूर्व सांसद की बातों को गंभीरता से सुनते हुए परियोजना की प्रगति की समीक्षा कराने और कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया।

## संघर्ष में योगदान के लिए अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

### अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर किया गया मंथन





**लखनऊ।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने को लेकर आल इण्डिया बार एसोसिएसन द्वारा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को साथियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन भत्ता तथा न्यायिक क्षेत्र में महिला अधिवक्ताओं के विशेष आरक्षण पर मंथन भी हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष बजट के लिए सरकार को मसौदा सौंपा गया है। उन्होने कहा कि अभियान को लेकर प्रदेश भर में निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा में बढ़ चढ़कर भूमिका निभाने के लिए अधिवक्ताओं का प्रयास संघर्ष को मजबूती प्रदान करता आ रहा है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान तथा सुरक्षा को सदैव प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस तिवारी तथा संचालन अधिवक्ता रोहित तिवारी ने किया। अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता शैलेन्द्र तिवारी व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता कौशलेंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता गिरीश मिश्र, बृजेश श्रीवास्तव, विजय पाल, जितेन्द्र तिवारी, महेन्द्र शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभाकर नाथ शुक्ल, हरेकृष्ण तिवारी, अजय ओझा, अशोक दीक्षित, टीके बोस, डीपी सिंह, टीपी त्रिपाठी, अनीता वर्मा, शिवाक्षी तिवारी, आयुष त्रिपाठी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही मिलेगी गैस रिफिल डिलीवरी

श्रावस्ती। जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने जनपद के समस्त घरेलू गैस कनेक्शन धारकों को सूचित किया है कि अब गैस सिलेंडर की डिलीवरी केवल ऑनलाइन बुकिंग के बाद ही उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही दूसरी बुकिंग की जा सकेगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग करने में असुविधा हो रही है, वे अपना केवाईसी अवश्य कराएं तथा गैस कनेक्शन में सही मोबाइल नंबर दर्ज कराएं। इससे उपभोक्ता आसानी से ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे और बुकिंग के बाद ओटीपी के माध्यम से संबंधित गैस एजेंसी द्वारा रिफिल की होम डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। जनपद में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त है और रिफिल की आपूर्ति नियमित रूप से कराई जा रही है।

### एसएसपी ने सुनी जन फरियाद

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों की सुनवाई किया।

## नेपाल भाग रहा लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, हुआ गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर** । नेपाल भाग रहा लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने उक्त जानकारी प्रेस वार्ता कर बताया गया , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार जनपद में पुलिस और बदमाशों के बीच हुए मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है, जबकि उसके साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना 12 और 13 मार्च की दरमियानी रात करीब 2:45 बजे सनई-शोहरतगढ़ मार्ग पर पतसिया के पास हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की एक इनोवा कार, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। एसओजी प्रभारी मिथिलेश कुमार राय अपनी टीम के साथ कोतवाली नौगढ़ पुलिस के सहयोग से साड़ी तिराहा क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक गाड़ी रोकने के बजाय तेजी से भागने लगा। भागते समय वाहन डिवाइडर से टकरा गया और फिर शोहरतगढ़ की ओर बढ़ गया। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष और आसपास की पुलिस टीमों को दी गई। पुलिस की कई टीमों ने घेराबंदी करके आरोपियों को भागने का मौका नहीं दिया। पुलिस की कई टीमों ने घेराबंदी करके आरोपियों को भागने का मौका नहीं दिया। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह अपनी टीम के साथ आगे से घेराबंदी करने लगे, जबकि जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके की ओर रवाना हुए। पीछे से मिथिलेश कुमार राय अपनी एसओजी टीम और कोतवाली नौगढ़ पुलिस के साथ बदमाशों का पीछा करते रहे। कुछ ही दूरी पर सनई-शोहरतगढ़ मार्ग स्थित पतसिया के पास पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। घिरते देख बदमाश इनोवा से उतरकर भागने लगे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। एक गोली एसओजी टीम की गाड़ी में लगी, हालांकि पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई ! घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने उसके साथी को मौके से ही पकड़ लिया। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं और लूटी गई इस कार को नंबर प्लेट हटाकर नेपाल में तस्करी के लिए ले जाने की तैयारी में थे। बिहार के रहने वाले हैं ।




लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल : nnlko@up.nic.in वेबसाइट : https://lmc.up.nic.in

संख्या : 460/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 12.03.2026

**अति-अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 20.03.2026 को मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.03.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अपर नगर आयुक्त महोदय, के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य GST सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत विकास नगर सेक्टर-13 में स्थित समता पार्क में शेड निर्माण कार्य। | 473239.00 | 47324.00 | 07 दिवस | 474.00 | 85.00 | 559.00 |
| 02. | जोन-07 में मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं. ए-322 के सामने स्थित पार्क की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 362482.00 | 36249.00 | 07 दिवस | 363.00 | 66.00 | 429.00 |
| 03. | जोन-07 में मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं. बी-1921 के सामने स्थित हरिओम पार्क की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 656066.00 | 65607.00 | 07 दिवस | 657.00 | 119.00 | 776.00 |
| 04. | जोन-07 में मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर सी-ब्लॉक में म.सं. सी-1031/8 के सामने स्थित पार्क की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 492229.00 | 49223.00 | 07 दिवस | 493.00 | 89.00 | 582.00 |
| 05. | जोन-07 में मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं.डी-1285 के सामने स्थित प्रगति पार्क की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 583905.00 | 58391.00 | 07 दिवस | 584.00 | 106.00 | 690.00 |

शर्ते :- **01.** निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **02.** शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा.)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या 692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम **(Below)** है तो 10 प्रतिशत से आधिक कमी **(Below)** के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम **(Below)** दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग/**RTGS/NEFT**/डयूली प्लेज्ड **FDR**/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **03** कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **04.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **05** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **06** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा। **07.** उपरोक्त शर्तो के उल्लधंन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दे तथा जनहित में निर्णय ले। **08.** किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# चिलुआताल की लहरों पर स्थापित होगा फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट

## कोल इंडिया लिमिटेड लगवायेगी 20 मेगावाट क्षमता का ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्र

- 140 करोड़ रुपये की आएगी लागत, टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में
- गोरक्षनगरी को सोलर सिटी बनाने के सीएम योगी के प्रयासों को मिलेगी और गति

घनश्याम कुमार



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से निखर उठा चिलुआताल आने वाले दिनों में सिर्फ पर्यटन स्थल ही नहीं बल्कि सोलर एनर्जी (सौर ऊर्जा) के बड़े उत्पादन केंद्र के रूप में भी जाना जाएगा। चिलुआताल की लहरों पर फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट लगाने की कार्ययोजना जल्द ही मूर्त होने वाली है। गोरक्षनगरी को सोलर सिटी बनाने के सीएम योगी के संकल्पित प्रयासों में सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड ने भी हाथ बढ़ाया है। कोल इंडिया लिमिटेड, गोरखपुर के चिलुआताल में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना कराने जा रही है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 20 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट को स्थापित करने में 140 करोड़ रुपये की लागत आएगी। ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीएम योगी का जोर क्लीन-ग्रीन एनर्जी (स्वच्छ-हरित ऊर्जा) पर है। इसे देखते हुए सरकार की तरफ से सोलर प्लांट को सतत बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के चिलुआताल को भी सौर ऊर्जा उत्पादन के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था। सीएम का मानना है कि चिलुआताल में पानी की सतह पर फ्लोटिंग पॉवर प्लांट की स्थापना कारगर सिद्ध हो सकता है। इसके लिए जब प्रयास शुरू किए गए तो कोल इंडिया लिमिटेड ने इच्छा जताई। तैयार की गई परियोजना के मुताबिक कोल इंडिया लिमिटेड चिलुआताल की लहरों पर 20 मेगावाट की क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पैनल लगवाएगी। इसके लिए कोल इंडिया की तरफ से ई-बिड का प्रकाशन 19 दिसंबर 2025 को किया गया। बिड जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 है जबकि 17 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे टेंडर खुलेगा। चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पैनल ऐसे स्पेशल फाइबर पर लगाए जाएंगे जो पानी में खराब नहीं होंगे। इस परियोजना के तहत प्रतिवर्ष 38.54 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की कंट्रोल यूनिट हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की चहारदीवारी के समीप बनाई जाएगी। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी।

सीएम योगी के प्रयासों से नया पर्यटन स्थल बन गया है चिलुआताल

गोरखपुर शहर के उत्तरी छोर पर स्थित चिलुआताल कभी उपेक्षित दशा में था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अब नया पर्यटन स्थल बन गया है। इसके घाट का सौंदर्यीकरण, रामगढ़ताल की तर्ज पर कराया गया है। चिलुआताल के कायाकल्प पर सरकार ने 20.39 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## जीबीसी 5.0 से गोरखपुर को मिलेगा निवेश का बूस्टर डोज

### शासन ने गोरखपुर के लिए निर्धारित किया है 7000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य

गोरखपुर। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पांचवें संस्करण (जीबीसी 5.0) से गोरखपुर को निवेश का बूस्टर डोज मिलेगा। जीबीसी की तिथि निर्धारित होने से पहले ही गोरखपुर ने निवेश को धरातल पर उतारने से जुड़े दो तिहाई से अधिक लक्ष्य को हासिल कर लिया है। उद्योग विभाग और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी बाकी बचे लक्ष्य को हासिल करने के प्रोजेक्ट्स की पहचान और संभावित निवेशकों से संपर्क में जुटे हैं। नए निवेश से प्रगति की रफ्तार बढ़ेगी और रोजगार के व्यापक अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अब तक के कार्यकाल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चार संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। इसके परिणाम भी धरातल में विकास के नए आयाम और नव रोजगार सृजन के रूप में नजर आते हैं। अब सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पांचवें संस्करण से निवेश के ग्राफ को नई ऊंचाई देने की तैयारी में है। जीबीसी 5.0 के लिए प्रदेश के सभी जिलों को लक्ष्य आवंटित किए जा चुके हैं। गोरखपुर जिले को 7000 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इन्वेस्ट यूपी के रिलेशनशिप मैनेजर अभिषेक सिंह बताते हैं कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गोरखपुर में 5018 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव/एमओयू प्राप्त कर लिए गए हैं। इसमें गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का लक्ष्य शामिल नहीं है। गीडा को शासन ने अलग से लक्ष्य दिया है। गोरखपुर में गीडा के अलावा अन्य विभागों को दिए गए निवेश लक्ष्य पर गौर करें तो आबकारी विभाग ने 300 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 2679 करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल कर ली है। इसी तरह गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने 3500 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से 1860 करोड़ रुपये और हथकरघा विभाग ने 30 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से 11.42 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को प्रक्रियात्मक बना दिया है। गोरखपुर के उद्योग उपायुक्त उज्ज्वल सिंह के अनुसार जीबीसी 5.0 के लक्ष्य से भी अधिक उपलब्धि हासिल करने को संभावित निवेशकों से संपर्क करने के साथ उन परियोजनाओं को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें जीबीसी योग्य बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि जीबीसी 4.0 में गोरखपुर का प्रदर्शन शानदार रहा है। गोरखपुर ने 2,500 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 17,322 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतारा था।

## स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में कैम्प का आयोजन



इटावा। वैभव कुमार गुप्ता वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी प्रयागराज के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन में सेवारत एवं सेवानिवृत रेल कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण कैंप का आयोजन स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में किया गया, जिसमें प्रयागराज मंडल से आई टीम के द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण किया गया। इस आयोजन में स्टेशन अधीक्षक पूरन मल मीना, प्रयागराज से आएटीम लीडर रामस्वरूप मीना चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर, ताहिर अली वेलफेयर इंस्पेक्टर, सीएमआई नरेश मीना, ओमप्रकाश, रोहित कनोजिया, स्वप्निल, दलेल सिंह सहित तमाम रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेंगर नदी में डूबे बुजुर्ग का शव मिला



बकेवर, इटावा। संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम पेवली में गुरुवार को जानवर चराने गये 82 बर्षीय बृध्द का सेंगर नदी में अचानक पैर फिसलने से डूब गया शुक्रवार की सुबह नदी के किनारे बृध्द का शव बरामद हुआ घटना की जानकारी परिजनो ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर लखना चैकी इंचार्ज अंकित पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक बृध्द का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम पेवली निवासी मृतक के भतीजे विनोद कुमार पुत्र बाबूराम ने बताया कि उसके 82 वर्षीय चाचा टीकाराम उर्फ बाबा जी पुत्र दिवोली गुरुवार को अपने दिलाशाराम व राम प्रकाश के साथ जानवर चराने गये हुए थे शाम को जब वह घर नही लौटे तो परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश में जुट गए। नदी किनारे उनकी पानी की बोतल रखी मिली, जिससे उनके नदी पार करने का अनुमान लगाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और देर रात तक तलाश अभियान चलाया गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने नदी में 200 मीटर दूर बृध्द का शव मिला। सूचना पर थाना प्रभारी बकेवर विपिन मालिक, फॉरेंसिक टीम, तहसीलदार भरथना दिलीप सिंह तथा क्षेत्रीय लेखपाल संजय सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम को मृतक टीकाराम दोहरे के नाती अनुज पुत्र सुनील कुमार का तिलक कार्यक्रम होना था और शनिवार को बारात जानी है। ऐसे खुशी के मौके पर टीकाराम की मौत से परिवार में मातम छा गया और शादी के कार्यक्रमों में भी व्यवधान पड़ गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं शव को सड़क तक लाने के लिए काफी देर तक वाहन का इंतजार करना पड़ा। वाहन न मिलने पर ग्रामीणों को मजबूरन चारपाई पर शव रखकर सड़क तक लाना पड़ा।

## मंदिर चबूतरे पर व्यक्ति का शव पड़ा मिला

भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला आजाद रोड स्थित दानसहाय मन्दिर के चबूतरे पर एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल के साथ मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

## निकली भव्य कलश शोभायात्रा



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार के समीप स्थित मिश्रौली गांव में आयोजित सहस्त्र शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य और भक्तिमय वातावरण में हुआ। यज्ञ के प्रथम दिन निकली विशाल कलश शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सिर पर कलश लिए हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष ॣजय माता दीॣ और ॣहर-हर महादेवॣ के जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र श्रद्धा और उत्साह से सराबोर हो उठा। कलश यात्रा मिश्रौली स्थित पंचदेव मंदिर से प्रारंभ होकर यज्ञ स्थल से हटेश्वरी मंदिर, हाटा बाजार, बड़गो मोड़ होते हुए मदरिया स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंची। वहां से श्रद्धालु मदरिया सरयू तट पर पहुंचे, जहां आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः शोभायात्रा के रूप में यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां विधि-विधान के साथ कलश की स्थापना कर महायज्ञ का शुभारंभ कराया गया। इस दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर कथावाचक राममोहन तिवारी, पूर्णिमा कोठारी, शीश दास जी महाराज, जिला पंचायत सदस्य मायाशंकर शुक्ल, आचार्य सुनील द्विवेदी, कृष्णा गोस्वामी, शैलेन्द्र दूबे, ऋषिकेश दूबे, बृजेश वर्मा, मदन पाण्डेय, राकेन्द्र द्विवेदी, विवेक दूबे, संजय मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अलविदा की नमाज अकीदत के साथ अदा

- पिपरौली बाजार मस्जिद पर उमड़ी नमाजियों की भीड़
- अलविदा नमाज के दौरान मस्जिद के पास मुस्तैद रहा पुलिस-प्रशासन



पिपरौली, गोरखपुर। कस्बा पिपरौली बाजार स्थित मस्जिद में रमजान माह के आखिरी जुम्मे पर अलविदा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए और अमन-चैन, खुशहाली तथा मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के दौरान मस्जिद के पास पुलिस-प्रशासन भी सुरक्षा-व्यवस्था में मुस्तैद रही। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। बताते चलें कि मुस्लिम धर्म में रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुम्मे को अलविदा जुम्मा कहा जाता है। इस दिन विशेष नमाज अदा की जाती है और अल्लाह से रहमत, बरकत तथा गुनाहों की माफी की दुआ मांगी जाती है। नमाज के दौरान सहजनवां एसडीएम केशरी नंदन त्रिपाठी, तहसीलदार दुर्गेश कन्नौजिया तथा पिपरौली चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## चिड़ियाघर में दिव्यांग बच्चों ने की मौज-मस्ती



इटावा। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के आदेशानुसार परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों हेतु एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में अर्चना सिंह जिला समन्वयक समेकित शिक्षा के द्वारा किया गया। उक्त के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत बच्चों को शैक्षिक एवं मनोरंजक अनुभव प्रदान करने हेतु कानपुर प्राणि उद्यान चिड़ियाघर, कानपुर नगर भ्रमण के लिए भेजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय गौतम आई.ए.एस., मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए उत्साहपूर्वक रवाना किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को प्रकृति, वन्यजीवों एवं नए वातावरण से परिचित कराना है। बच्चों को कक्षा से बाहर सीखने, देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार की पहल बच्चों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी और उत्साह इस पहल की सफलता का प्रमाण रही। शिक्षा के साथ अनुभव और संवेदनशीलता को जोड़ने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। दृष्टिबाधित बच्चों को उसकी आवाज और उसके मॉडल के द्वारा उसकी जानकारी दी गई। चिड़ियाघर में बच्चों के द्वारा बड़े आनंद और हर्षो उल्लास से वहां पर बने पार्क और स्थानीय स्थलों का आनंद लिया गया। बच्चों के इस एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में समेकित शिक्षा के समस्त स्टाफ के पूर्ण सहयोग से बच्चों को ऐतिहासिक भ्रमणीय ज्ञान कराया गया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की बबलू पुत्र दिलवास नि0 सिंगाही खुर्द सम्पूर्णा नगर जिला खीरी। मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी स0 217537638 में हारून अली पुत्र दिलबाज अली दर्ज है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में बबलू पुत्र दिलवास दर्ज है। उपरोक्त बबलू व हारून अली दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में बबलू पुत्र दिलवास के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम RAMNATH अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट नंबर-N5323830 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश RAMANATH अंकित हो गया है, जबकि प्रार्थी का सही नाम RAMNATH है। जिसको संशोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। **रामनाथ पुत्र राम दीन निवासी सेउर चमुरखा पोस्ट व थाना- कूरेभार पिन कोड - 228151 जनपद - सुल्तानपुर। मोबाइल नंबर - +919465102960**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं.- एल6838514 में मेरा नाम नूर मोहम्मद (Noor Mohammed) व मेरे पिता का नाम मोहम्मद आशिक अली (Mohammed Ashiq Ali) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नूर मोहम्मद (Noor Mohd) व पिता का नाम मोहम्मद आशिक अली (Mohd Ashiq Ali) दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे नूर मोहम्मद (Noor Mohd) व पिता को मोहम्मद आशिक अली (Mohd Ashiq Ali) के नाम से जाना व पहचाना जाये व पासपोर्ट में दर्ज किया जाये। **नूर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद आशिक अली नि.- एफ-5357/1, सेक्टर-11, राजाजीपुरम, लखनऊ।**

## डीएम ने सिद्धार्थ गैस सर्विस बर्डपुर सिद्धार्थनगर का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर । जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सिद्धार्थ गैस सर्विस बर्डपुर सिद्धार्थ नगर का निरीक्षण किया ।जनपद में आमजन को गैस आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा सिद्धार्थ गैस सर्विस, बर्डपुर सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों पर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा उनकी कार्यशीलता की भी जांच की और निर्देश दिया कि सभी उपकरण हमेशा कार्यशील स्थिति में रखें जाएं। जिलाधिकारी ने एजेंसी में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, जैसे प्रतीक्षालय, पेयजल, शिकायत पंजी तथा वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## फर्जी अस्पताल और जांच केंद्र का संचालन

### बिना लाइसेंस एक्स-रे और सीआर मशीन संचालित

सिद्धार्थनगर- मोहाना चौराहे पर संचालित एक अस्पताल और दो जांच केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई है। जिसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभागीय जांच में भी अनियमितताओं की पुष्टि हो चुकी है। मोगिस हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लिनिक का स्वास्थ्य विभाग में केवल 10 बेड का पंजीकरण है। इसके बावजूद अस्पताल दो अलग-अलग इमारतों में संचालित हो रहा था और पंजीकरण से कहीं अधिक बेड पर मरीजों का इलाज किया जा रहा था। पड़ताल में यह भी पाया गया कि अस्पताल परिसर में एक्स-रे और सीआर मशीनों से मरीजों की जांच की जा रही थी, जबकि इन मशीनों के संचालन से जुड़े लाइसेंस और अनुमति से संबंधित दस्तावेज मौके पर स्पष्ट रूप से उपलब्ध नहीं थे। इसके अगले दिन 27 फरवरी को प्रकाशित रिपोर्ट में सामने आया कि मोहाना चौराहे पर ही संचालित आदर्श पैथोलॉजी और आर्यन अल्ट्रासाउंड सेंटर का स्वास्थ्य विभाग में कोई वैध पंजीकरण नहीं है। इसके बावजूद यहां मरीजों की जांच और अल्ट्रासाउंड खुलेआम किए जा रहे थे। इन खुलासों




के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया। सदर नायब तहसीलदार अमित सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोगिस हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के दो इमारतों में संचालित होने और 10 से अधिक बेड लगाए जाने की पुष्टि हुई। साथ ही परिसर में एक्स-रे और सीआर मशीनें भी संचालित अवस्था में मिलीं। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। नोटिस में पूछा गया था कि जब अस्पताल का पंजीकरण केवल 10 बेड का है तो दो इमारतों में संचालन क्यों किया जा रहा है और एक्स-रे व सीआर मशीन के संचालन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं। हालांकि अब 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो अतिरिक्त भवन को सील किया गया है और न ही बिना स्पष्ट लाइसेंस के संचालित मशीनों पर कोई कार्रवाई हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर जांच की थी। अस्पताल में पंजीकरण से अधिक बेड तथा एक्स-रे और सीआर मशीन मिलने की पुष्टि हुई थी। अस्पताल संचालक से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

## फौजी ढाबा लूटकांड का खुलासा चार आरोपी गिरफ्तार



जसवंतनगर, इटावा। तीन दिन पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित फौजी ढाबे पर हुई लूट और मारपीट की घटना का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने जांच के बाद बीती रात जोनई के समीप से स्कॉर्पियो सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 16 हजार रुपये नगद, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन, एक कुल्हाड़ी, .315 बोर के सात जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है और रायफल अभी तक बरामद नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब नौ बजे ढाबा संचालक राजीव कुमार निवासी नगला भिखन अपने फौजी ढाबे पर मौजूद थे। उसी दौरान स्कॉर्पियो कार से चार व्यक्ति वहां पहुंचे और खाना पैक करने को कहा। जब उनसे खाने के पैसे मांगे गए तो आरोपियों ने तलवार, फरसा और लोहे की रॉड निकालकर ढाबे पर हमला कर दिया। उन्होंने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और गल्ले से करीब 16 हजार रुपये निकाल लिए। इसके अलावा एक व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाए जाने पर उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। आरोप है कि हमलावर ढाबा मालिक की लाइसेंसी .315 बोर राइफल और कारतूस भी छीनकर ले गए और भागते समय जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जोनई के पास पंजाब नंबर की एक स्कॉर्पियो कार में चार संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी, मनीष कुमार, शुभम वर्मा व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरप्रीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, प्रीत सिंह पुत्र सुखवेंद्र सिंह, जगदीप सिंह पुत्र सरदार सेवक सिंह और हरजिंदर सिंह पुत्र संतराम निवासी लुधियाना (पंजाब) बताए। उन्होंने बताया कि वे पटना साहिब गुरुद्वारा से दर्शन कर लुधियाना लौट रहे थे और ढाबे पर रुकने के दौरान विवाद होने पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है और स्कॉर्पियो कार को भी सीज कर दिया है।

**कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी**

पत्रांकः 2993/प्रोबे.का./प्रेस/2025-26 दिनांक- 13/03/26

**विज्ञप्ति**

**चाइल्ड हेल्पलाइन एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण इकाई, बाराबंकी हेतु किराये के भवन की आवश्यकता**

भारत सरकार द्वारा महिला कल्याण विभाग, बाराबंकी के अन्तर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण इकाई, बाराबंकी हेतु किराये के भवन की आवश्यकता है। 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरीय क्षेत्र मे रू. - 08.00 प्रति वर्गफीट की दर से किराया निर्धारित है।

उपरोक्त दोनो संस्थाओं के संचालन हेतु निम्नानुसार कक्षों की आवश्यकता है।

विशेषीकृत दत्तक ग्रहण इकाई हेतु -

| | |
|---|---|
| 1. हॉल (500 वर्गफीट) | - 01 |
| 2. कक्ष ( 300 वर्गफीट) | - 01 |
| 3. शौचालय (80 वर्गफीट) | - 01 |
| 4. रसोईघर (120 वर्गफीट) | - 01 |

कुल - 1000 वर्गफीट

चाइल्ड हेल्पलाइन हेतु-

1. 2 कक्ष (कुल - 1200 वर्गफीट)

कृपया इच्छुक व्यक्ति अपना प्रस्ताव/आवेदन-पत्र के साथ 05 दिवस के अन्दर कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, भारत स्टूडियो के पीछे कलेक्ट्रेट, बाराबंकी मे जमा कर सकते हैं।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी,**
**बाराबंकी।**

## प्रदेश सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित होंगे मनीष वर्मा

चौरीचौरा, गोरखपुर। परमात्मा सेवा कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक मनीष वर्मा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रदेश सेवा रत्न 2026 अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। संकल्प मानव सेवा संस्थान द्वारा 22 मार्च को आगरा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के भव्य कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। बताते चलें कि गोरखपुर जिले से मनीष वर्मा का चयन इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए किया गया है। मनीष वर्मा पिछले लगभग 16 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे हैं। वे घायल पशु-पक्षियों को बचाने और उनका उपचार कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम कर रहे हैं। विलुप्त होती गौरैया को बचाने के लिए भी उन्होंने कई जागरूकता अभियान चलाए हैं।

## अलविदा जुमा की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा हुई



इटावा। रमजान उल मुबारक का अलविदा जुमा की नमाज हजारों रोजेदार मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में उत्साह से अदा की और मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। नगर पालिका परिषद की ओर से सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कलई आदि का छिड़काव कराया। सुरक्षा की दृष्टि से पचराहे पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी अभयनरायन राय, पुराना शहर चैकी इंचार्ज काशिफ हनीफ आदि पुलिस बल रहा। रोजेदारों और मुसलमानों ने अलविदा जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दीं थीं, मुस्लिम समाज के बुजुर्ग, नवयुवक और बच्चों ने जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों पर अलविदा जुमे की नमाज अदा की। मस्जिद पचराहा, शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाकी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड सहित अनेक मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा हुई। पचराहा मस्जिद के मुतावल्ली मु. गुलशेर व अन्य नामजियों ने मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।

संक्षेप

## 15 मार्च को बंद होगी गोला चीनी मिल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड ने पेराई सत्र के समापन को लेकर संबंधित गन्ना समितियों को अंतिम मिल बंदी की सूचना भेज दी है। मिल प्रबंधन के अनुसार 15 मार्च के बाद चीनी मिल पेराई सत्र के लिए बंद कर दी जाएगी। यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि मिल क्षेत्र के अधिकांश किसानों के पास आपूर्ति योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है, जिसके कारण मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गन्ने की कमी के चलते मिल को कई बार नो केन की स्थिति में बंद करना पड़ रहा है, जिससे पेराई कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों से अनुरोध किया है कि जिन किसानों के पास अभी भी आपूर्ति योग्य गन्ना उपलब्ध है, वे 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति कर दें। इसके बाद मिल पेराई सत्र 2025-26 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी।

## 33 केवी ब्रेकर फटा, 18 घंटे से गुल बिजली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद बिजली उपकेंद्र में गुरुवार रात करीब नौ बजे तकनीकी खराबी के चलते 33 केवी का ब्रेकर फट गया, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घटना के करीब 18 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब नौ बजे उपकेंद्र से तेज धमाके की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद अचानक पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बाद में पता चला कि भीषण गर्मी और अत्यधिक लोड के कारण उपकेंद्र में लगा 33 केवी का ब्रेकर ब्लास्ट हो गया। बिजली गुल होने से क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हो गया है। घरों में पानी की समस्या खड़ी हो गई है और पंखे-कूलर बंद होने से लोग गर्मी में बेहाल हैं। वहीं छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई और रात की नींद भी प्रभावित हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली विभाग से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खराबी को दुरुस्त करने का कार्य जारी है और जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## सामान लेने गये युवक से मारपीट, तहरीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मोहम्मदी रोड स्थित एक दुकान पर लोहे का सामान खरीदने गए युवक के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम खजुहा निवासी गोलू गुप्ता पुत्र राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मोहम्मदी रोड स्थित मित्तल पेट्रोल पंप के पास एक दुकान पर लोहे का टीपा खरीदने गया था। आरोप है कि टीपा पसंद करने के बाद उसने दुकानदार से कहा कि वह कुछ देर बाद वापस आकर सामान ले जाएगा। इसी बात को लेकर दुकानदार और उसके दो अज्ञात साथी नाराज हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## सदर चौराहे पर युवती से छेड़छाड़, लोगों ने मनचले को पकड़ा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के सदर चौराहे पर शुक्रवार को एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। घटना से मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपी युवक को पकड़ लिया। बताया जाता है कि युवती चौराहे से गुजर रही थी, तभी एक युवक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार कर दिया। युवती के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान लोगों ने उसकी पिटाई भी कर दी। घटना के समय चौराहे पर काफी भीड़ थी।

# गैस की जमाखोरी-कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्यवाही

- जिले में गैस की कोई कमी नहीं, नियमों से होगा सिलेंडर वितरण
- फर्स्ट कम-फर्स्ट सर्व आधार पर वितरण, सीसीटीवी निगरानी और सोशल मीडिया अफवाहों पर कड़ी नजर : एसपी



लखीमपुर खीरी। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों, पेट्रोल पंप मालिकों और रेस्टोरेंट कारोबारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था को पारदर्शी रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। बैठक का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। जिले में गैस, डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि तय बुकिंग सिस्टम का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां अपने प्रतिष्ठान और गोदाम पर स्पष्ट नोटिस चस्पा करें, जिसमें लिखा हो कि हमारे पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्पलाइन नंबर हर समय सक्रिय रखें और आने वाली कॉल्स को अटेंड कर उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो रहा है।

डीएम ने कहा कि गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कॉमर्सियल सिलेंडर के बजाय वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ही उपयोग करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। व्यवस्था में गड़बड़ी मिलने पर सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसियों के संचालकों को स्पष्ट कहा कि सिलेंडर का वितरण फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर ही किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए कि सभी वितरण केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से संचालित हों और उनकी 15 से 30 दिनों तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। कैमरों का व्यूइंग एंगल ऐसा हो कि वितरण केंद्र के हर महत्वपूर्ण हिस्से और गतिविधि पर स्पष्ट नजर रखी जा सके। एजेंसी संचालक अपने कर्मचारियों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल किसी भी हाल में न हो, इस पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। किसी भी तरह की भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और नियमानुसार हो।

### गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी, वितरण में होगी पूर्ण पारदर्शिता

गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अहम कदम उठाया है। उन्होंने विभिन्न गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल अपनी निगरानी में उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से सिलेंडर वितरण कराएंगे और पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक निगरानी के बीच गैस एजेंसियों को नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न

## प्रमुख मस्जिदों व चप्पे-चप्पे - पुलिस पर तैनात, ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण के कड़े उपाय



**लखीमपुर खीरी।** जिलेभर में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे और पूरी तरह अलर्ट पर था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ विवेक तिवारी एवं पुलिस बल संग शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग की।

प्रशासन की ओर से प्रमुख मस्जिदों सहित सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन ने हर छोटे-बड़े स्थल पर ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम भी कड़े किए। अलविदा जुमे के द्दष्टिगत जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम व सीओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर गहन पेट्रोलिंग की। प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों पर सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया, साथ ही ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस व्यापक व्यवस्था से यह सुनिश्चित हुआ कि नमाजियों के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण बना रहे और जिले में शांति और अनुशासन सर्वोपरि रहे।

### संगीनों के साए में अलविदा की अदा हुई नवाज



मोहम्मदी खीरी। मुस्लिम देशों के बीच चल रही तनातनी के कारण अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन ने किसी अनहोनी से निपटने को लेकर कस्बा की प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा घेरा के बीच सकुशल नमाज अदा होने पर राहत की सांस ली है। अलविदा की नमाज पर नगर में सीओ अरुण कुमार सिंह ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर पहले से ही रूपरेखा तैयार की थी जिसके तहत कस्बे को 4 जोन में बांट कर रखा गया था ।गली से लेकर चौराहों तक संवेदनशील जगह पर भारी पुलिस बल की तैनाती और ड्रोन कैमरा से मॉनिटरिंग की जा रही थी जिसके चलते लोग सहमे सहमे से नमाज पढ़कर सीधे घर जाने का निर्देश कठोरता से पालन कराया गया वहीं एसडीएम चालुवराजु, निरीक्षक उमेश चौरसिया, कस्बा चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे।

# विद्यार्थियों ने सीखा जीवन रक्षक कौशल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में स्काउट-गाइड की पांचों इकाइयों की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय प्रवेश एवं निपुण शिविर का समापन शुक्रवार को नेहरू सभागार में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। समापन दिवस पर रोवर्स और रेंजर्स इकाइयों के प्रभारियों ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए अस्थायी शिविर का उद्घाटन किया और उन्हें विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों की जानकारी दी। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए अस्थायी आवास का निर्माण किया और कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन से जुड़े कौशल का अभ्यास किया। इसके साथ ही प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग कर भोज्य पदार्थ तैयार करने का भी प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही तीन दिन तक चले प्रशिक्षण शिविर के अनुभव भी साझा किए। प्रशिक्षण देने के लिए जनता इंटर कॉलेज लखीमपुर से आई संजीता शर्मा ने स्काउट-गाइड की उपयोगिता और उसकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक सक्सेना मौजूद रहे। इस अवसर पर पांचों टोलियों के प्रभारी अनिल कुमार सिंह, शैलेन्द्र, सुनील गुप्ता, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. रीमा छाबड़ा सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चैथे और पांचवें दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, व्यायाम और योगाभ्यास से हुई। इस दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम के महत्व पर जोर दिया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक मुक्त कैंपस अभियान चलाते हुए परिसर में सफाई कर करीब 100 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया। इसके बाद स्वयंसेवक गोद लिए गए ग्राम रामपुर जंगल, ग्राम पंचायत भुडवारा पहुंचे, जहां अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फायर स्टेशन गोला के प्रभारी अंकित कुमार और उनकी टीम ने आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं और विद्यालय की रसोइयों ने भी भाग लिया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीना गिरि भी मौजूद रहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवराज सिंह ने संचारी व असंचारी रोगों से बचाव तथा गर्मी के मौसम में हीट वेव से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। अपराह्न सत्र में स्वयंसेवकों के लिए शैक्षणिक परिचर्चा आयोजित की गई। डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने मधुमक्खी पालन को रोजगार का अच्छा माध्यम बताते हुए इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. हिमांशु मिश्रा ने नर्सरी प्रबंधन और पौध तैयार करने की तकनीकों की जानकारी दी, जबकि डॉ. सतेन्द्र कुमार ने दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. रविंद्र नाथ सहित महाविद्यालय के शिक्षक और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

इटावा। कबड्डी भारत की माटी से जुड़ा हुआ खेल है पुरातन संस्कृति में भी मल्ल गदा जैसे खेल मानव शरीर को स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए अहम थे।

उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अखिल भारतीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि खेलकूद और ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों और युवाओं को स्वस्थ रहने के अवसर के साथ जो भी छात्र खेल कूद में महारत हासिल करते हैं उन्हें रोजगार प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त होता है। योगी सरकार की प्राथमिकता खेलों के लिए है। अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश राजस्थान से आई महिलाओं



के जौहर को देखकर मन्त्री ने सराहना की। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया ने गोपाल मोहन शर्मा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा आदिकाल से ऐसी प्रतियोगिताओं के कारण ही सामाजिक समरसता कायम है।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

जसवंतनगर, इटावा। कचैरा घाट बाईपास स्थित रेलवे पुल के नीचे से गुजर रही दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर शुक्रवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना खंभा के पास हुई, जहां जियारत एक्सप्रेस के सामने कूदने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेंद्र कंजर (45) पुत्र बालकराम निवासी ग्राम अघारा, थाना विधूना, जिला औरैया के रूप में हुई है। वह पिछले चार वर्षों से अपनी ससुराल पक्ष के साथ डूडा कॉलोनी में परिवार सहित रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था। बताया गया है कि बीती रात किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान था।

# होली मिलन में नवागत जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। विधायक अमन गिरि की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए तथा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम से पहले जिलाध्यक्ष ने पूर्व विधायक अरविंद गिरी की समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।




इसके बाद जयशंकर बारात घर में आयोजित समारोह में कार्यकताओं और समर्थकों के साथ फूलों की होली खेली गई। समारोह के दौरान अरविंद गिरी फाउंडेशन के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने स्व. अरविंद गिरी के योगदान को याद करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करें तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जिला महामंत्री आशु मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजूलता श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष गोला नगर विनोद स्वर्णकार, कुम्भी मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, मैलानी मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, बिजुआ मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेन्द्र भूषण, नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, पटेल संस्थान के अध्यक्ष राजीव पटेल, मोहम्मदी पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पलिया वरुण गुप्ता, नामित सभासद राहुल मिश्रा, पूर्व भाजयुमो पदाधिकारी शरद मिश्रा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, विश्वनाथ सिंह, केके शुक्ला, गन्ना समिति अध्यक्ष गोला आशीष सिंह डब्बू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खुटार लक्ष्मण गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता सूरजन लाल वर्मा, कबीरधाम आश्रम के महंत प्रवीण दास, प्रधान लाल्हापुर जनार्दन गिरी, अशोक सक्सेना, जिला कार्यसमिति सदस्य वेद प्रकाश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सभासद, प्रधान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधेड़ ने नाबालिग को बुलाकर दुष्कर्म करने का किया प्रयास

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के मुंडा निजाम चौकी क्षेत्र की एक गांव में 7 वर्षीय दलित बच्ची खेत पर काम कर रही कथित मां के साथ खेलते समय अधेड़ ने चुपके से उसे पेड़ के नीचे बुलाकर दुष्कर्म करने का प्रयास करते देख ग्रामीणों ने दबोच लिया और जमकर पिटाई कर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म का केस दर्ज कर बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। जानकारी अनुसार गुरुवार शाम 4 बजे करीब कथित मां और पिता खेत पर काम कर रहे थे वही बच्ची खेल रही थी मौका पाकर अधेड़ ने लगभग 100 मीटर दूर पेड़ के नीचे लालच देकर बुला लिया था और उसके साथ गलत काम में संलिप्त होते गांव के लोगों ने देख लिया और उन्होंने आरोपी को रंगे हाथ दबोच कर जमकर पिटाई कर दी और सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया घटना से ग्रामीणों में रोष फैल गया था। शुक्रवार को पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया जहां उसका परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। बच्ची के जन्म के समय मां का उठा साया बच्ची के जन्म लेने कुछ समय बाद मां की अचानक मौत हो गई थी पिता पालन पोषण करने में सक्षम नहीं था जिसके चलते उसके फूफा और बुआ अपने साथ घर ले आए और मेहनत मजदूरी कर उसका लाड प्यार से पालन पोषण कर रहे थे। 7 वर्ष की आयु में दरिंदगी की शिकार हो गई जिससे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। एक ओर बुआ फूफा आरोपी को कठोर से सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। वही उनके समुदाय के बड़ी संख्या में लोग अंबेडकर पार्क में इकट्ठा होकर घटना में आरोपी को झूठां फसाने की बात कह रहे हैं। पुलिस को मामले की जानकारी तक नहीं है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया बच्ची के मेडिकल परीक्षण में रेप की पुष्टि नहीं हुई है स्थिति सामान्य है बच्ची का स्वास्थ्य भी ठीक है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटी, दो व्यक्ति घायल

जंगबहादुरगंज खीरी। पनयी चौराहे के पास भट्ठे से ईंटें ले जारही ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से आरहे अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी दो व्यक्ति हुए गम्भीर रूप से घायल। शुक्रवार की सुबह पनयी चैराहे के समीप बददापुर स्थित टंडन ब्रिक फील से आरही ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली जो शाहजहांपुर की ओर जा रही थी, को पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने साइड में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर ट्राली नीचे खाई में पलट गई। इसमें ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है। ट्रैक्टर ट्राली पर चालक के अलावा तीन अन्य मजदूर सवार थे। पलटने से चालक ग्राम भारतपुरवा निवासी अबीर (25) पुत्र कल्लू और श्रमिक मोनू (13) पुत्र नरवीर निवासी गांव बद्दापुर नीचे दब गए। सूचना पाकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे सूचना प्राप्त होते ही पुलिस भी पहुंची। उपस्थित सभी लोगों के प्रयास से दबे हुए दोनों लोगों को निकाला और सीएचसी पसगवां भेजा। जहां पर दोनों गंभीर घायलों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है।

## गौवंश संरक्षण, गोचर भूमि को कब्जा मुक्त करायें : राज्यमंत्री




इटावा। राज्यमंत्री धर्मपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। मंत्र ने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अच्छे एनजीओ को गौवंश दिए जाएं, सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा संचालित किए जाएं एवं कंट्रोल रूम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की गौशालाओं में कम से कम 10 दूध देने वाली गाये पाली जाएं। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को लेके मुख्यमंत्री ने 6 विभागों की कमेटी बनाई है, जिससे गौशालाएं सही ढंग से संचालित की जा सकें। उन्होंने कहा कि मार्च तक भूसा का टेंडर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए एवं भूसा दान लिया जाए साथ ही इटावा की सीमाएं सील कर दी जाएं, जिससे इटावा से भूसा बाहर न जाने पाए साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जनप्रतिनिधियों से भी भूसा दान का सहयोग लिया जाए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं का रख-रखाव, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी, हरे चारे की व्यवस्था, लू से बचाव के उपाय, विद्युत, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि गाय सुखी रहेगी तो आप भी सुखी रहेंगे एवं भदावरी भैंस का रख-रखाव सही ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि खेती है तो पशु है, पशु है तो किसान है साथ ही उन्होंने कहा कि किसान की दो गुनी आय पशुपालन से होगी। उन्होंने कहा कि बकरी पालन सही ढंग से किया जाए एवं गौशालाओं में निर्माण कार्य कराया जाए साथ ही पशु मेला अवश्य लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पशु विज्ञान का भी अध्ययन करें एवं पशुओं की सेवा करना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि केयर टेकर का समय से भुगतान किया जाए। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम द्वारा मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी श्यामबचन सरोज, डिप्टी सीवीओ, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कारों की भिड़ंत में तीन सिपाही सहित चार घायल

ऊसराहार, इटावा। बिधायक को लेने के लिए आई पुलिस की स्कार्ट कार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मोड़ते समय सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिससे कार पलट गई जबकि कार मे टक्कर मारने वाली कार भी क्षतिग्रस्त हो गई स्कार्ट कार मे सवार तीन पुलिसकर्मी व टक्कर मारने वाली कार मे बैठी एक महिला को चोटे आई है। गुरुवार को इटावा जाने के लिए गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह आ रहे थे। उनके आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से इटावा पहुचने की सूचना पर पुलिस लायन से एक स्कार्ट कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चैपुला से चढकर कुदरैल मे किलोमीटर 132 पर पहुची। इसी स्थान पर एक्सप्रेसवे की पुलिस चैकी भी बनी हुई है। स्कार्ट को भी लखनऊ की ओर से आ रहे विधायक को चैकी से ही लेना था इसलिए स्कार्ट कार के चालक जितेंद्र ने अपनी कार जो लखनऊ जाने वाले मार्ग पर खडी थी उसे लखनऊ से आगरा की ओर जाने वाले मार्ग पर मोडने लगा उसी समय लखनऊ की ओर से तेज गति से आ रही आई टेन कार के चालक ने स्कार्ट कार मे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद स्कार्ट कार सडक पर पलट गई स्कार्ट कार मे चालक हेड कांस्टेबल जितेंद्र व उप निरीक्षक कपिल भारती व हेड कांस्टेबल अभिनव सवार थे जो घायल हो गए। वही आई टेन कार मे बैठी महिला मधु कुमारी निवासी कानपुर भी घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बलराज भाटी व एक्सप्रेसवे की पुलिस चैकी का पुलिस फोर्स एंव यूपीडा के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुचे गए। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया स्कार्ट कार मे तीन पुलिसकर्मी थे जिन्हे चोटे आई है जबकि महिला मधु के सर मे चोट आई है सभी घायलों को ऐंबुलेंस से सैफई भेजा गया है। मौके से दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात संचालित कर दिया गया है।

## परीक्षा के दौरान रूटों में बदलाव

इटावा। उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 14 व 15 मार्च को होना प्रस्तावित है। जिसकी प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 3 से 5 बजे तक रहेगी। 14 मार्च की सुबह 6 से रात 15 मार्च की रात 8 बजे तक रोड वेज बसों का रूट डायवर्जन किया जाता है। इटावा रोडवेज बस स्टैंड से फरूर्खाबाद, मैनपुरी की बसों के अलावा कोई भी रोडवेज बस चैधरी पेट्रोल पम्प की ओर नहीं आ सकेगी, ये बसें बस स्टैंड से पक्काबाग होकर अपने गंतव्य को जा सकेगीं, जो रोड वेज बसें आगरा, मैनपुरी की ओर से इटावा रोडवेज बस स्टैंड की ओर आना चाहती है वह बसें आईटीआई चैराहा, एसएसपी चैराहा होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेगी।

# महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो



**सोनभद्र।** उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह च्व महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम परंपरागत रीति-रिवाजों के तहत अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम में रस्म अदायगी की और उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। महिला आयोग की सदस्य ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव के कार्यक्रम में भी प्रतिभाग की।

उन्होंने जनपद के अधिकारियों के साथ महिला कल्याण से संबंधित संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने महिला कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से कहा कि लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। विशाखा कमेटी का गठन सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, जिससे कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हो सके, समाज कल्याण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं अभ्युदय कोचिंग योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जाए तथा उनके नियमित उपयोग और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने महिला उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त मामलों की सुनवाई भी की। उन्होंने पुलिस विभाग व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। महिलाओं से सम्बन्धिम विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाये तथा महिला उत्पीड़न की रोक थाम व महिलाओ को त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। उन्होंने जनपद में महिला अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सीडीओजागृति अवस्थी द्वारा आंगनबाड़ी के सशक्तिकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विशेष प्रशंसा की।

संक्षेप

## संजीव बने ऑनरेरी प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस

**जौनपुर।** पूर्वांचल विवि, जौनपुर में उद्योग और अकादमिक जगत के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विवि प्रशासन ने अहमदाबाद, गुजरात के उद्योग जगत के विशेषज्ञ श्री संजीव कोठारी को विवि के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग में ऑनरेरी प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के पद पर नियुक्त किया है।यह नियुक्ति स्क्रीनिंग सह चयन समिति की संस्तुति तथा कार्यपरिषद के बैठक में अनुमोदन के बाद की गई है। विवि के नियुक्ति पत्र के अनुसार यह नियुक्ति विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) की प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस से संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। संजीव कोठारी ने विवि से कोई भी पारिश्रमिक नहीं लेने पर अपनी सहमति दी है उन्होंने कहा कि उनकी यह सेवा पूर्वांचल के विकास के लिए समर्पित है।

## दुर्घटना में साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**आजमगढ़।** जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर रुद्रपुर के पास एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रामनारायण यादव (55) पुत्र चंद्रवली यादव निवासी चेवार पूर्व (रुद्रपुर), देवगांव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में शामिल कार का नंबर न्च 50 ठग 0467 है, जिसे कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक 16 को

**सोनभद्र।** अग्रणी जिला प्रबन्धक सोनभद्र ने अवगत कराया है कि समीक्षाधीन त्रैमास अक्टूबर-दिसम्बर 2025 की जिला स्तरीय समीक्षा समितिध्जिला सलाहकार समिति की बैठक 16 मार्च, 2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे से जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। उन्होंने बैठक में समस्त सदस्यगण, जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति को ससमय उपस्थिति के लिए अपील की है।

## गैस वितरण में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो

**सोनभद्र।** डीएम बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल व एलपीजी आदि की आपूर्ति हेतु सचिव गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि पेट्रोलियम पदार्थों के सूचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, पेट्रोल डीजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं है इसके संबंध में जनमानस को अवगत कराया जाए और एलपीजी के संबंध में भारत सरकार द्वारा अस्थाई रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पारदर्शी वितरण हेतु ओटीपी के माध्यम से रिफिल डिलीवरी की व्यवस्था की जा रही है। भ्रम फैलाने वाले न्यूज चैनलों सोशल मीडिया प्लेटफार्म के मैसेज तथा वीडिओ आदि पर कड़ी निगरानी की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि गैस सिलेण्डर वितरण की व्यवस्था के काम में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

## जन सेवा केंद्र संचालक से लूट का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के जफराबाद थाना अन्तर्गत जन सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना का पदार्फाष थाना जफराबाद, गौराबादशाहपुर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन अभियुक्त गिरफ्तार हुए उनके कब्जे से लूटी गई बाइक, असलहा कारतूस व मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि जफराबाद थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला सहयोगियों के साथ कबूलपुर पुलिया पर चेकिंग कर रहे थे यही पर स्वाट प्रभारी अमित कुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर प्रवीण कुमार यादव आ गये। तभी मुखबिर ने आकर बताया कि जिन अपराधियो ने जफराबाद थाना क्षेत्र के गोसाईपुर गांव में जन सेवा केन्द्र के संचालक को गोली मारकर पैसा, मोबाइल, मोटर साइकिल आदि लूटा था उनमें से 03 लोग लूटी हुई मोटर साइकिल पर बैठकर थाना क्षेत्र केराकत बेलाव की तरफ से आ रहे है इन लोगो के पास अवैध असलहा भी है इसके बाद पुलिस टीम बेलाव पुल के पास पहुचकर चेकिंग करने लगी तभी केराकत की तरफ से एक सुपर स्पेलेण्डर मोटर साइकिल पर बैठे तीन व्यक्तियो को आता देख टीम नें टार्च की रोशनी डालकर रूकने का इशारा किया गया तो अपनी बायी तरफ बगीचा के कच्चे रास्ते में मोड़कर भागने का प्रयास किया कि कच्चा मार्ग होने के कारण मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। मोटर साइकिल पर बैठे हुए तीनो व्यक्ति मोटर साइकिल छोड़कर बगीचे के अन्दर भागे कि पीछा किया गया तो भाग रहे तभी पुलिस टीम पर बदमाष फायर कर दिये कि फायरिग से एसआई अरविन्द कुमार सिंह थाना जफराबाद को दाहिने हाथ मे गोली लगी तथा थानाध्यक्ष जफराबाद के बुलेट प्रूफ जैकेट मे गोली लगी। जिसमें पुलिस द्वारा सुरक्षार्थ जवाबी फायर मे आदर्श यादव उर्फ अलगू पुत्र बेचू यादव निवासी विशुनपुर बसवत थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को गोली लगी है जिसके पास से अवैध पिस्टल कारतूस तथा तलाशी मे लूट के 9520 रूपया नगद बरामद हुआ। अमन यादव पुत्र लालसाहब यादव निवासी बगथरी थाना गौराबादशाहपुर को भागते समय बाये पैर चोट आई है। तलाशी से एक मोबाइल ओप्पो नीला रंग व लूट का 8780 रूपया बरामद हुआ। दिवाकर कुमार पुत्र राधेश्याम गौतम निवासी सकरा थाना गौराबादशाहपुर के पास एक तमंचा कारतूस व 8700 रूपया बरामद हुआ। घायलों को उपचार हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है।

## बॉक्सिंग चैम्पियन सूर्यांश का हुआ भव्य स्वागत



**जौनपुर।** भारत बॉक्सिंग यूथ चैम्पियन सूर्यांश सिंह के जनपद आगमन पर स्वागत में जन सैलाब उमड़ पड़ा शुक्रवार को जौनपुर सिटी स्टेशन पर जम्मू तवी एक्सप्रेस ट्रेन से उतरनें के पूर्व ही स्टेशन पर उनके स्वागत में पहले से ही प्रतीक्षारत हजारों जनपद वासियों ने फूल माला लादकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। केराकत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजरा कुशियां जलालपुर निवासी पेसे से समाजसेवी व कृषक शिव बहादुर सिंह के होनहार पुत्र सूर्यांश सिंह बचपन से ही काफी होनहार प्रतिभावान युवा रहे और इसके पहले प्रदेश स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा का परचम लहराया है। डॉक्टर हरेंद्र सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार, मनीष कुमार, आफताब आलम समेत सैकड़ो की संख्या में सिटी स्टेशन पहुंच कर स्वागत किया गया।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, मित्र गंभीर

**जौनपुर।** बदलापुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा फत्तूपुर फोरलेन पर उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। बताते है कि सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पल्हामऊ गांव निवासी शनि पुत्र धर्मेंद्र अपने साथी जगदीश पुत्र रामनाथ के साथ कार से लखनऊ से जौनपुर की ओर लौट रहे थे। सुबह के समय जब उनकी कार बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर फोरलेन के पास पहुंची, तभी वह सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से जोरदार तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद शनि को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल जगदीश की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

## विवाहिता की हत्या में पति को उम्रकैद

**आजमगढ़।** विवाहिता की हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी पति को आजीवन कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट नंबर एक अजय कुमार शाही ने शुक्रवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा शिवमूरत निवासी मुड़ियार थाना फूलपुर की पुत्री प्रेमलता का विवाह वर्ष 2004 में अनिरूद्ध निवासी शाहमर्दानपुर थाना पवई के साथ हुआ था। विवाह के बाद अनिरुद्ध आए दिन शराब पी कर अपनी पत्नी प्रेमलता को मारता पीटता था। अंततः अनिरुद्ध ने 19 सितंबर 2019 को दिन में दुपट्टे से गला दबाकर अपनी पत्नी प्रेमलता की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी पति के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से एडीजीसी अभय दत्त गोंड तथा हरेंद्र सिंह ने कुल छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी पति अनिरुद्ध को आजीवन कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## फायरिंग व मारपीट के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के दौरान हुई फायरिंग और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पर पहले से कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 11 मार्च 2026 को ग्राम छित्तेपुर में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग और मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में उपनिरीक्षक धीरज कुमार की तहरीर पर थाना सरायमीर में मुकदमा संख्या 63/2026 धारा 3(5), 109(1) बीएनएस तथा 3/5/25/27 शस्त्र अधिनियम के तहत दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान 12 मार्च को पुलिस ने दबिश देकर दूसरे पक्ष के नामित आरोपी एहसान खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी थाना सरायमीर का 31-। हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल 21 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज



**लालगंज, मीरजापुर।** स्थानीय क्षेत्र के मस्जिदों में पवित्र माह रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ शुक्रवार को अदा की गई। नमाज के लिए सुबह से ही मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदार और नमाजी जुटने लगे।

मस्जिदों में नमाज अदा करने के दौरान नमाजियों ने देश में अमन-चैन, भाईचारा और तरक्की की दुआ मांगी। इस दौरान मस्जिदों के आसपास पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए भ्रमण करती रही। अलविदा जुमे के मौके पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासनिक अधिकारी भी व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे ताकि नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर रमजान के आखिरी जुमे की मुबारकबाद दी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालगंज अभय कुमार सिंह चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ अपने दल-बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

## उद्योगपति के पैसे से फीता काटकर गिना रहे हैं विकास का कार्य

**मीरजापुर।** जिले के एक ऐसे भी विधायक हैं जो देश के एक उद्योगपति के पैसे से फीता काटकर विधानसभा चुनाव से पहले क्षेत्र में विकास का कार्य गिनाते फिर रहे हैं। विधायक इन दिनों अपने कार्य से कहीं ज्यादा देश के जाने-माने एक उद्योगपति के गुणगान में ज्यादा तल्लीन हुए हैं, आलम यह है कि सत्ता सुख भोगते आ रहे विधायक की अबकी नैया पार होने की डगर भी कठिन होती हुई दिखाई देने लगी है। जनचर्चाओं पर गौर करें तो विधायक देश के चर्चित उद्योगपति की परियोजना को लेकर खुद ही वाहवाही लूटने में सफल दिखाई दिए हैं। तो उक्त उद्योगपति द्वारा इन दिनों क्षेत्र में कराएं जा रहे कार्यों का फीता काट सुर्खियों बटोरने से लेकर इसका श्रेय भी लेने से तनिक भी पीछे नहीं हैं। हालांकि सुर्खियों और श्रेय के साथ विधायक को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें उजाड़कर, जंगलों और हरियाली को नष्ट कर विकास की बात करने वालों को भी इसका खामियाजा आज नहीं तो कल भुगतना ही होगा, चाहें वह भले ही विधायक ही क्यों न हो। ग्रामीणों का कहना है विस चुनाव में वह न केवल विरोध करेंगे बल्कि उनका सीधा नारा होगा जल-जंगल और वन्य जीव विरोधी जनप्रतिनिधि नहीं चाहिए।

## अलविदा जुमे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़

**जौनपुर।** रमजान के अलविदा जुमे पर नमाजियों की भीड़ जुमा मस्जिदों मे उमड़ी रही। शुक्रवार की मुस्लिम समाज में विशेष महत्ता है। अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी नगर के प्रमुख मस्जिदों जिसमें शाही अटाला मस्जिद, शाही जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) समेत अलग-अलग मस्जिदों में जमा हुए, जहां उन्होंने रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा की। शाही अटाला मस्जिद में मौलाना अहमद नवाज ने नमाजे जुमा अदा कराई तथा मौलाना आफाक ने रमजान की फजीलत बयान की उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत और बरकतों का महीना होता है, इसमें मुस्लिम लोग विशेष तरह की नमाज तरावीह आदि अदा करते हैं यह नमाज केवल रमजान माह में ही पढ़ाई जाती है वहीं दूसरी ओर शाही जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) मे मौलाना अबू हुरैरा ने नमाज अदा कराई और मुल्क मे अमन व चैन के साथ भाईचारगी बनी रहे इसके लिए विशेष रूप से दुआ मांगी मदरसा हनफिया नवाब युसूफ रोड मदीना मस्जिद मे मौलाना अहमद रजा जाफरी ने नमाज अदा कराई नमाजियों को खिताब करते हुए मौलाना कयामुद्दीन ने कहा कि रमजान इबादत के साथ-साथ गुनाहों से बचने का और तौबा करने का महीना भी है।

## पिछड़ों के अधिकारों के लिए संघर्षशील रहे शिवदयाल



**जौनपुर।** सपा के जिला कार्यालय सदर चुंगी पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में पूर्व सांसद राज्यसभा शिवदयाल चौरसिया की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष ने कहा कि बैरिस्टर शिवदयाल चैरसिया देश में लोक अदालत के जनक तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के भी सदस्य रहे। 13 मार्च 1903 में लखनऊ में जन्म हुआ शिक्षा दीक्षा के बाद लखनऊ लोवर कोर्ट, हाईकोर्ट, बिहार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता भी रहे उन्होंने सामाजिक असमानता, छुआछूत और पिछड़ेपन के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्हें पिछड़े वर्ग आंदोलन का एक मजबूत हस्ताक्षर माना जाता है। वो सदैव शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों के हक अधिकार के लिए जीवन पर्यंत संघर्षशील रहे। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया। हीरालाल विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव लाल मोहम्मद राईनी ने संबोधित किया। महेंद्र प्रताप यादव नेपाल, दीपक विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, धीरज बिंद, किशन यादव छात्र नेता, रविन्द्र मौर्य, अमजद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## गैस व महंगाई को लेकर सपा का हल्ला बोल



**मीरजापुर।** जिले में उत्पन्न हुए गैस किल्लत और महंगाई को लेकर सपा ने हल्ला बोल बोला है। यहां सपा नेताओं ने जिला मुख्यालय पर सिलेंडर लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार को घेरा है। सपा नेताओं का आरोप रहा है कि लोग शादी विवाह में चूल्हा जलाकर काम कर रहे हैं। सरकार सिलेंडर गैस नहीं पहुंचा पा रही है ? जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम सरकार को बर्खास्त करने का ज्ञापन सौंप सपा नेताओं ने सरकार को जमकर कोंसा है।

## नवरात्र मेले के दृष्टिगत तैयारियां तेज

**मीरजापुर।** आगामी चैत्र नवरात्र मेले को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने एडीएम अजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार सिंह के साथ पुरानी वीआईपी मार्ग, पक्का घाट तथा विंध्य कॉरिडोर छत तथा नीचे पूरा परिक्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कॉरिडोर के छत पर पान और गुटखे की थूक के दाग तथा खिड़की और जगह जगह लगे जाले की साफ सफाई के निर्देश दिया। कॉरिडोर के कमरों की निरीक्षण किया गया ऊपर कमरे में तार की पाइप दीवार के ऊपर खुला लगा हुआ होने से उसको दीवार के अंदर लगाने, फायर ब्रिगेड के मोटे पाइप को भी दीवार के अंदर करने निर्देश दिया। उन्होंने जगह जगह छत पर गंदे और लगे जाले तथा टूटे फारसीलिंग को सही कराने के निर्देश दिया। कॉरिडोर के छत पर उप विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद में डीपीआर के अनुसार लापरवाही ढंग से रखे कुछ समानों को सही जगह रखने तथा हॉल में मेज लगवाने एवं मेले में बैठक करने के लिए तत्काल कमरे की साफ सफाई कराकर सही कराने के निर्देश दिया। डीएम ने सीसी टीवी हॉल का निरीक्षण कर सभी कमरे को दिए गए समय पर सही कराने के निर्देश दिया। मुंडन स्थल पर एक कमरे के बाहर पेयजल कमरे को खुलवाने तथा नल को सही कराने के निर्देश दिया। पुरानी वीआईपी मार्ग से चढ़कर बाए तरफ सीढ़ी के दाहिने तरफ खुले जगह को पार्टिशन करके गोदाम बनाने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गेट नंबर 5 के अंदर आते समय दाहिने तरफ बैरिकेडिंग लगाने के भी निर्देश दिया।

## पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाया अभियान

**आजमगढ़।** जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गुण्डा किस्म के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ने पांच आरोपियों के विरुद्ध उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(1) के तहत कार्रवाई कर उन्हें थाने पर नियमित हाजिरी लगाने का आदेश दिया है। कोतवाली क्षेत्र के हरैया निवासी नीरज कुमार पुत्र रमेश कुमार को आगामी दो माह तक हर 15 दिन पर कोतवाली थाने में उपस्थित होकर हाजिरी दर्ज करानी होगी। उसके खिलाफ चोरी और लूट से जुड़े 3 केस दर्ज हैं। वहीं मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मलिक सुदनी निवासी सुनील कुमार पुत्र अशोक को छह माह तक प्रत्येक सप्ताह मुबारकपुर थाने में हाजिरी लगाने का निर्देश दिया गया है। उसके खिलाफ चोरी व आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं में 3 केस दर्ज हैं। निजामाबाद थाना क्षेत्र के तिगौपुर निवासी सज्जू उर्फ शहजाद पुत्र सहाबुद्दीन को दो माह तक प्रत्येक 15 दिन पर निजामाबाद थाने में हाजिरी देनी होगी। उसके खिलाफ मारपीट व धमकी से जुड़े केस दर्ज हैं। जीयनपुर थाना क्षेत्र के खास निवासी शेरू उर्फ मो. महफूज पुत्र मो. अजीज को दो माह तक प्रत्येक सप्ताह जीयनपुर थाने में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है। उसके खिलाफ चोरी, मारपीट और एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा तहबरपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र जोखन यादव को भी दो माह तक प्रत्येक 15 दिन पर तहबरपुर थाने में उपस्थित होकर हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का पालन न करने पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना और भविष्य में होने वाली आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

## साइबर ठगी की रकम मंगाने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए म्यूल खाते खुलवाकर साइबर ठगी की रकम मंगाने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और उन खातों के जरिए साइबर फ्रॉड की रकम मंगाता था। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम आस्था जायसवाल के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम थाना टीम को यह सफलता मिली। शुक्रवार को उपनिरीक्षक कलाप कलाधर त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ प्रतिबिम्ब पोर्टल के आधार पर म्यूल खाताधारकों की जांच और तलाश में निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति इंडियन बैंक कलेक्ट्रेट के पास मौजूद है, जो लोगों को झांसे में लेकर फर्जी खाते खुलवाता है और साइबर फ्रॉड की रकम मंगाता है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रितिक कुमार पुत्र शिवाधार राम निवासी अनन्तपुरा थाना कोतवाली आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, 2500 रुपये नगद, आधार कार्ड, पैन कार्ड और डीबीएस बैंक का एटीएम कार्ड बरामद हुआ। मोबाइल के तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ में पता चला कि आरोपी झारखंड के साइबर ठगों के संपर्क में था और उनके निर्देश पर काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था। इसके बाद फर्जी तरीके से लिए गए सिम कार्ड से इन खातों को लिंक कर स्वयं संचालित करता था।

## यूपीएससी में सफलता पर सौरभ का हुआ स्वागत



**बीजपुर/सोनभद्र।** देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा भारतीय सिविल सेवा में 783 रैंक हासिल करने वाले डीएवी रिहंद के पूर्व छात्र बीजपुर निवासी सौरभ गुप्ता का शुक्रवार को विद्यालय में आगमन पर भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में उपस्थित एनटीपीसी रिहंद परियोजना के महाप्रबंधक पी के नायक, मानव संसाधन विभाग प्रमुख राजेश बोईपोई, सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आलोक चैधरी, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अनुराग प्रकाश, एसजेएस के प्राचार्य रोनाल्ड नोरोहा, अभिभावक प्रतिनिधि हरिओम मिश्रा, उपेन्द्र प्रताप सिंह, राम कुमार दास समेत विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार एवं सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से सौरभ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।

समारोह का शुभारंभ हवन से किया गया जिसमे सौरभ गुप्ता मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। हवन में सौरभ की मां गिरिजा देवी एवं भाई आशुतोष ने भी भाग लिया। हवन के उपरांत मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पी के नायक ने सौरभ गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सौरभ गुप्ता के माता-पिता को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि सौरभ ने दसवीं की परीक्षा में टेन सीजीपीए तथा बारहवीं में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि सौरभ प्रथम प्रयास में ही आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर पटना आईआईटी में दाखिला लेने में सफल हुआ था। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा भारतीय सिविल सेवा में सफलता प्राप्त कर हम सभी का सिर गर्व से उंचा कर दिया है। यह सफलता इस ग्रामीण क्षेत्र की पहली सफलता है। यह भविष्य के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद साबित होगा। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पी के नायक ने सौरभ गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि रिहंदनगर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए इनकी सफलता मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सौरभ की तरह लगन और सम्पूर्ण समर्पण के साथ छात्रों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपोई ने सौरभ गुप्ता को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा समर्पित विद्यार्थियों के लिए आसमान हीं सीमा होनी चाहिए। सौरभ गुप्ता ने सभी को धन्यवाद देते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय के संस्कार युक्त उच्च कोटि की शिक्षा को दिया। उसने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रही।

## शिया समुदाय ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की



**जौनपुर।** शिया जामा मस्जिद नवाब बाग मे अलविदा जुमा की नमाज परम्परागत तरीके से इमामे जुमा व पिरन्सिपल जामिया इमानिया नासरिया ने अदा कराई। इस मौके पर खुत्बा ए जुमा मे उन्होने रमजान की अहमियत पर रौशनी डाली उन्होंने कहा कि रमजान मे मुसलमान अल्लाह का मेहमान होता है यह वह महीना है, जिसमे कुरान नाजिल हुआ इस महीने मे रोजेदारो को अल्लाह की रहमत, व बरकत हासिल होती है उन्होने यौमे कुदस के हवाले से किब्ला ए अव्वल मस्जिदे अकसा बैतुल मुकद्दस की बहाली के लिये खास दुआ की साथ ही दुनिया मे अमनो आमान की दुआ की बाद मौलाना सैय्यद एहतेशाम अब्बास जैदी ने कहा कि इस्लाम के मानने वाले कभी भी जालिम के सामने धुटने नही टेकते है हमेशा हक के लिये अपने को कुरबान कर देते है इस्लाम अमन पसन्द मजहब है वोह आपसी भाई चारा मोहब्बत एक दूसरे की मदद पर जोर देता है उन्होने हजरत अली की शहादत का मसायब पढा शिया जामा मस्जिद नवाब बाग के मुतवली शेख अली मंजर डेजी ने सैय्यद परवेज हसन, मोहम्मद नासिर रजा गुड्डू, इमरान खान, तालिब रजा शकील एडवोकेट, डाक्टर हाशिम खान, तहसीन अब्बास सोनी, अहमर शाहिद, सैय्यद इन्तेजार रूमी जैदी, अहमद ने अलविदा जुमा की नमाज की अदायगी मे सहयोग किया।

संक्षेप

## कामर्शियल गैस सिलेण्डर की कमी से बढ़ी कोयले की मांग

बांदा। जिले में गैस की किल्लत की चचाओं के चलते लोग पहले से ही सिलेंडर का इंतजाम करने की कोशिश में जुट गये हैं। बीते कई दिनों से गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति मांग के सापेक्ष आधी ही हो पा रही है। उपभोक्ताओं को सिलेण्डर नही मिल पा रहे हैं। शहर के इंदिरा नगर निवासी रामबदन सेन की लड़की की शुक्रवार को शादी है लेकिन सिलेण्डर न मिलने से वह परेशान है।

इसी तरह दो-तीन सिलेण्डर का ही इंतजाम हो सका है लेकिन इतने में काम नही चल पाएगा। इसी तरह शहर के कई लोग शादी के लिए सिलेण्डर न मिल पाने से बेहद परेशान हैं। डीएसी व चालान न बन पाने से घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उज्जवला योजना के लाभार्थियों व अन्य उपभोक्ताओं ने होली के त्योहार पर सिलेंडर भरा लिए थे। 25 दिन में ही उपभोक्ताओं को सिलेण्डर देने के निर्देश हैं।

# डीएम के निर्देश पर आज से गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी बहाल




देवरिया। जनपद में पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर फैली भ्रांतियों और अव्यवस्था को देखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने संबंधित गैस एजेंसियों, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों के साथ विकास भवन के गांधी सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि कल से जनपद में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी पूर्ण रूप से बहाल की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि गैस सिलेंडरों का वितरण ह्यप्रथम आवत-प्रथम पावतह्न के आधार पर किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं ने पहले गैस बुक कराई है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी और सभी बुकिंग्स को क्रमवार पूरा किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारणवश डळढ या ऊअउ (ऊें'५१८ अ४३ील्लॣ३ङ्ग्ल्ल उङ्गी) प्राप्त नहीं होता है, तब भी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी वितरण सूची के मिलान के आधार पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने गैस की कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए एसडीएम, एसएचओ तथा होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अभद्रता या अवरोध की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे गैस बुकिंग ऑनलाइन अथवा मिस्ड कॉल के माध्यम से करें तथा अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए होम डिलीवरी को प्राथमिकता दें।

गोदाम पर आने वाले उपभोक्ताओं को वहां प्रदर्शित सूचना के माध्यम से यह जानकारी उपलब्ध रहेगी कि किस तिथि तक की बुकिंग का वितरण किया जा रहा है।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सभी एसडीएम, सभी सीओ, संबंधित गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए उपभोक्ता 05568-469715 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा जनपद में गैस की समय पर और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## रसोई गैस एलपीजी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन



कुशीनगर। समाजवादी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने विधानसभा कुशीनगर के पूर्व प्रत्याशी सपा नेता राजेश प्रताप राव के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और धरना दिया। रसोई गैस एलपीजी उपलब्ध कराने की मांग करते हुए चेताया कि उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को न उपलब्ध होने पर आक्रोश जताया। सपाइयों के साथ धरने पर बैठे सपा नेता श्री राव ने कहा कि एलपीजी गैस की उपलब्धता के सरकारी दावे के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। विधानसभा कुशीनगर सहित जनपद में उपभोक्ता लाइन लगाकर गैस लेने के लिए बाध्य हैं लेकिन गैस नहीं मिल पा रहा है। आम उपभोक्ताओं को समय से एलपीजी उपलब्ध कराया जाय। सपा नेता श्री राव ने उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपकर जनता की समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए चेताया कि समाजवादी पार्टी एक बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष उग्रसेन यादव, अमेरिकन खरवार, ललित यादव, जिपंस प्रदीप सिंह, अरविंद गौतम, जसवंत सिंह, चंदन राज, सिकंदर आलम, भरत सिंह, विश्वजीत सिंह बिरजू, राम प्रताप सिंह, राकेश सिंह, संजय राव आदि मौजूद थे।

## गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

भटनी(देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत के कारण गैस गोदाम पर सुबह से ही लग जा रही है रसोई गैस के लिए लग जा रही है भीड । वहां किसी को गैस मिल जाता तो किसी को नही मिल पाता ।जिससे आम उपभोक्ताओं की परेशानियों काफी बढ गया है ।

बताया गया है कि पिछते एक सप्ताह से ही गैस ऐजेंसी पर नियमित रसोई गैस कि आपूर्ति न होने के कारण समस्याएं काफी बढ गयी है । इधर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जमाखोरो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के साथ ही कहा गया है कि रसोई गैस की किल्लत नही है ।उसके बाद गैस ऐजेंसी पर गैस की आपूर्ति शुरू हुई ।गोदाम पर गैस की गाडी आते ही उपभोक्ता कुछ राहत की सांस लेकर अपने बारी का इंतजार कतार में करते हैं ।लेकिन कुछ तो मिल जाता है और कुछ को नही मिलता है न मिलने उपभोक्ता व्यवस्था व सरकार को कोसते हुए निराश होकर अगले दिन आकर कतारबध्द होकर सुबह से ही ऐजेंसी के दरवाजे पर खडे होकर अपने बारी का इंतजार करते है ।

गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि नियमित गैस की आपूर्ति न होने के कारण घरेलु कामकाज में असर पड रहु है ।छोटे बडे परिवारों को रसोई गैस न मिलने पर लकडी व चुल्हे का इंतजाम करना पड रहा रसोई पकाने के लिए ।उपभोक्ताओ द्वारा जिलाधिकारी व जिला आपूर्ति अधिकारी से नियमित रसोई गैस उपलब्ध कराने की माँग किया है ।इधर सुमित्रा गैस सर्विस भटनी द्वारा उपभोक्ताओं को गैस की बुंकिग के एक दिन बाद गैस ऐजेंसी पर आकर गैस के लिए गोदाम पर आने की अपील किया है.।

# स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से विकास यादव सम्मानित

जिला संवाददाता

देवरिया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा जनपद देवरिया के विकास खण्ड बैतालपुर के बरनई निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव को जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के साथ उन्हें 25 हजार रुपये की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विकास यादव पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए शिक्षा, नशामुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, जैविक खेती, जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरण, आपदा प्रबंधन, पुस्तकालय स्थापना, परिवार नियोजन जागरूकता, युवा संवाद कार्यक्रम तथा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे कई कार्य किए हैं।

कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और जनजागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें कोरोना योद्धा के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है।

विकास यादव को स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड मिलने पर जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार, जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे, डॉ अजय कुमार यादव बी ओ निखिल आनंद, नीरज मिश्रा, साहू विशाल कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान हरेंद्र यादव, सभासद बद्रीनाथ गुप्ता, अजीत कुमार, चंद्रशेखर यादव, प्रधान प्रतिनिधि हरकेश यादव प्रदीप गोंड़ परशुराम गुप्ता सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

विकास यादव के सम्मानित होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की खड्डा में जनसुनवाई

जिला संवाददाता



कुशीनगर। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई/निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य श्रीमती जनक नन्दनी की अध्यक्षता में जनपद कुशीनगर के सदर तहसील खड्डा में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान रामवीर सिंह, उपजिलाधिकारी खड्डा, अमित कुमार श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक एवं बचत अधिकारी, आशीष कुमार पटेल, सीडीपीओ ब्लॉक खड्डा, डॉ पारसनाथ, प्रभारी चिकित्साधिकारी, धर्मेन्द्र, पीआरओ सदस्य राज्य महिला आयोग, आरपी सिंह, एसएचओ, डॉ रामदास, नलिन सिंह (डीएमसी), रीता यादव (सेन्टर मैनेजर), बन्दना तथा राजू कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सदस्य द्वारा जनसुनवाई के दौरान राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, पुलिस विभाग, आवास प्रकरण एवं बैंक संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गयी।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 02, पुलिस विभाग के 06, राशन कार्ड के 07, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का 01 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड्डा में महिला चिकित्सक के पद के संबंध में 01 प्रकरण सहित कुल 17 मामले प्राप्त हुए। इनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 10 प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 07 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेन्टर कुशीनगर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय धर्मपुर खड्डा तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र जंगल शिवदत्त छपरा में कार्यकत्री श्रीमती निशा शर्मा की उपस्थिति में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 03 गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित किया गया तथा 02 नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सदस्य द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

## नागेश्वरनाथ धाम मंदिर में दान पात्र तोड़कर चोरीः पुलिस जांच में जुटी

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के छपिया जयदेव स्थित नागेश्वरनाथ धाम मंदिर का दान पात्र बीती रात अज्ञात चोरों ने तोड़कर उसमें रखा नगदी रकम चुरा लिया। घटना के संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि छपिया जयदेव स्थित नागेश्वरनाथ धाम मंदिर में अज्ञात चोरों ने 12 मार्च 2026 की रात मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार तोड़कर गर्भ गृह में दाखिल हो गए और वहां रखा दान पात्र में लगभग 25 सौ रुपए चोरी कर लिया। उन्होंने लिखा है कि वहां लगे सीसी टीवी कैमरा में गुरुवार की रात 10.57 बजे तक की घटना कैद है जिसमें यह देखा जा सकता है कि एक चोर मंदिर में दाखिल हुआ और और उसके बाद उसमें सीसीटीवी के केबल को काट दिया जिससे कैमरा बंद हो गया। ऐसा लगता है कि सीसीटीवी फुटेज से दूर रखने के लिए चोर ने पहले केबल को काट दिया उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया होगा। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## अकीदत के साथ अदा की गयी नमाज अलविदा

भटनी (देवरिया) ।रमजान के पाक महीने के आखिरी जुमे पर नगर के ईमाम चौक स्थित बड़ी मस्जिद में नमाजे अलविदा पूरे अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में रोजेदारों और नमाजियों ने नमाज अदा कर मुल्क की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

नमाज से पूर्व बड़ी मस्जिद के इमाम खुशनूद रजा ने अपने तकरीर में कहा कि नमाजियों को रोजा और नमाज की अहमियत बताते हुए आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द के साथ ईद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस्लाम इंसानियत, प्रेम और आपसी मेल-मिलाप का संदेश देता है, इसलिए सभी लोगों को मिलजुल कर रहना चाहिए ।नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को नमाजे अलविदा की मुबारकबाद दी और गले मिलकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बड़ी मस्जिद के सदर शमशुद्दीन, दिलशाद अहमद, अख्तर हुसैन, अब्दुल्लाह मंसूरी, रियाजुद्दीन भोलू, मुतुर्जा अंसारी मैनुद्दीन,हाजी जैनुल हक ,जमाल अहमद खान,अब्बास अली,शहीद मियां सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।इसी क्रम में नूरीगंज की मस्जिद, हतवा गांव की मस्जिद तथा रजवल, परसौनी, खोरीबारी सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में भी निर्धारित समय पर नमाजे अलविदा अदा की गई। नमाज के दौरान नगर एवं क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

# संगठन के विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरिः सहजानंद

देवरिया ।पथरदेवा विधानसभा के देसही देवरिया मंडल के जिला प्रशिक्षण केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर वर्गों का उद्घाटन किया। इस अभियान के तहत जिले के सभी 28 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप के कुशलतापूर्वक संचालन के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया ।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने संगठन के कार्य में कार्यकताओं की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए वैचारिक मजबूती पर जोर दिया ।यह वर्ग सात सत्रों में सम्पन्न हुआ जिसमें इतिहास, कार्य पद्धति, आधुनिक तकनीकी जैसे विषयों पर गहन मंथन हुआ । प्रशिक्षण महाअभियान के संदर्भ में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक भी की ।क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि संगठन के विस्तार में कार्यकताओं की भूमिका सर्वोपरि है ।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में एआई टूल्स के उपयोग, सोशल मीडिया के प्रभावी संचालन और बूथ प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी, ताकि संगठनात्मक कार्य को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाया जा सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण शिविरों में कार्यकताओं के रात्रि विश्राम को भी अनिवार्य किया गया है, जिससे आपसी समन्वय और संगठनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया जा सके।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यकताओं में विचारधारा की स्पष्टता लाना, संगठन को मजबूत करना और उन्हें जनसेवा के लिए अधिक सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान कार्यकताओं को आधुनिक तकनीकों से भी जोड़ा जाएगा ।

उन्होंने इस अभियान को संगठन सशक्तिकरण की दिशा में एक




महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कार्यकताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण अभियान को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ अपनाएं और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने किया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय शाही, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, अभिषेक राय अंकुर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय तिवारी मीडिया सह संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, मंडल अध्यक्ष, उमापति सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, वर्ग प्रभारी लखन राव, नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, ओंकार राव, धनंजय त्रिपाठी, संजय कुशवाहा, हेमंत पाठक, जगदम्बा श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भागवत कथा सुनने से खुलते हैं मोक्ष के द्वारः दीप्ती

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरुवनवा स्थित तारकेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचिका दीप्ती श्री के प्रवचन ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से सराबोर कर दिया। उनके प्रवचन और भजनों से पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया।

अपने संबोधन में दीप्ती श्री ने कहा कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ सुनी गई श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाती है और जीवन को सार्थक बनाती है।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने जीवन में भगवान का स्मरण, भक्ति और सत्संग को अपनाता है, तभी उसके लिए मोक्ष के द्वार खुलते हैं। भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को पवित्र बनाने और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र और राधा-कृष्ण की रासलीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उनके मार्मिक शब्दों ने ऐसा वातावरण बनाया कि पंडाल में बैठे श्रद्धालु मानो वृंदावन की रासभूमि में पहुंच गए हों। कई भक्त भावविभोर होकर श्रद्धा से भर उठे और पूरा परिसर ह्लराधे-राधेह्न तथा ह्लजय श्रीकृष्णह्न के जयघोष से गूंज उठा। प्रवचन के बीच जब दीप्ती श्री ने भजन ह्लराधा रमण मेरे गाङ्खह्न प्रस्तुत किया तो पंडाल में भक्ति का अनूठा माहौल बन गया ।मधुर धुन और भावपूर्ण गायन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कई श्रद्धालु भजन की लय पर झूमते हुए भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। महायज्ञ स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा, भजन और रासलीला के आयोजन से पूरा क्षेत्र इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है। श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# बुद्धा पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जिला संवाददाता




कुशीनगर। केंद्रीय हिंदी निदेशालय एवं बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय भाषाओं का अंतसंबंध' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस का प्रथम सत्र शोध पत्र वाचन का रहा। इस सत्र की अध्यक्षता बीआरडी पीजी कॉलेज हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रद्योत सिंह जी ने किया। इस सत्र में 17 शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र का वाचन किया।

**भाषाओं की एकता के मूल में संस्कृतिक एकताः प्रो. अचला**

संगोष्ठी का द्वितीय सत्र 'उत्तर प्रदेश की बोलियों का अन्तर्सम्बन्ध' विषय पर केंद्रित रहा। इस सत्र में मुख्य वक्ता बुंदेलखंड विवि, हिंदी विभाग की सह आचार्य प्रो. अचला पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि भाषाओं की एकता के मूल में संस्कृतिक एकता है और भाषाओं का अंतसंबंध कई स्तरों पर दिखता है जैसे-आनुवंशिक संबंध, समरूपता, भाषिक अभिलक्षण आदि। सभी भाषाओं का विकास एक ही भाषिक स्तर से हुआ है। हिंदी की कहावतें बुंदेलखंडी में सिर्फ उच्चारण परिवर्तन के रुप में देखी जा सकती हैं अर्थात भाव का ऐक्य परिलक्षित होता है। हमें कम से कम 2 से 3 भाषाओं के सीखने की आवश्यकता है तभी हम भारतीयता, भारत बोध, सांस्कृतिक एकता की रक्षा कर सकेंगे। सिद्धार्थ विवि, हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेणु त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा एक साझा मंच तैयार करती है। भाषाओं में विभेद संरचनात्मक अंतर पर भले ही दिखे किंतु सभी भाषाएं मानवीय संवेदना की वाहक होती हैं। भाषाएं समभाव को निर्मित करती हैं और सभी भाषाएं समाज में व्याप्त जड़ता को तोड़ने का कार्य करती हैं। भाषाओं का लिबास भले अलग है किंतु उनके अंतःसंबंध, उनकी भावात्मक एकता विद्यमान है। उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विजय प्रताप निषाद ने वैदिक संस्कृत से लेकर ब्रज एवं अवधी भाषा के कवियों की पंक्तियों का उदाहरण देकर भाषाओं के अंतसंबंध पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता कर रहे गोरखपुर विवि हिंदी विभाग के आचार्य प्रो. विमलेश मिश्र ने कहा कि भाषा की ताकत आम जनमानस को गढ़ने में होती है। भारत की भाषा बोलियों का इतिहास है। भाषा और बोली का अन्योन्याश्रित संबंध है। इस सत्र का संचालन डॉ. संजय कुमार गुप्ता ने दिया।

समापन सत्र में पूर्व प्राचार्य प्रो. अमृतांशु शुक्ल ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। समापन सत्र के मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के उपाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाषा को लेकर सर्वाधिक प्राचीन चिंतन अगर कहीं हुआ तो वह भारत है। पाणिनि दुनिया के प्राचीनतम वैयाकरण हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है, भावभूमि एक है, सोच एक है सिर्फ भाषा अलग है। इसलिए भारतीय भाषाओं के बीच एक जैविक जुड़ाव है। विशिष्ट वक्त रुप में संबोधित करते हुए सिद्धार्थ विवि हिंदी के आचार्य प्रो. हरीश शर्मा ने लोकगीतों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की संवेदनात्मक निकटता को स्पष्ट किया। संगोष्ठी के प्रभारी अच्युत कुमार जी ने केंद्रीय हिंदी निदेशालय स्थापना एवं उसके कार्यों से से सभी को परिचित कराया। संगोष्ठी का प्रतिवेदन हिंदी विभाग बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. आशुतोष तिवारी ने दिया। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में लगभग 30 वक्ताओं ने विभिन्न सत्रों में संबोधित किया एवं 20 से अधिक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र का वाचन किया ।इस सत्र की अध्यक्षता भाषा विज्ञान विभाग दिल्ली विवि के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो. रमेश चंद शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामनवल प्रसाद जी ने किया। इस सत्र का संचालन संगोष्ठी के संयोजक प्रो. गौरव तिवारी ने किया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

## पूर्व समस्त बिल समय से कोषागार में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश

कुशीनगर। वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुनील कुमार यादव द्वारा जनपद के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों/ कार्यालयाध्यक्षों को अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है। कोषागार के अभिलेखों के अनुसार अनेक विभागों में अभी भी आवंटित बजट की धनराशि अवशेष है। ऐसी स्थिति में आवंटित बजट का नियमानुसार समय से व्यय किया जाना संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि अंतिम समय में अनावश्यक हड़बड़ी के कारण त्रुटिपूर्ण भुगतान की संभावना बनी रहती है, इसलिए किसी भी स्थिति में अंतिम क्षणों की प्रतीक्षा न की जाये। उन्होंने सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि अनावश्यक विलम्ब एवं अप्रत्याशित तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 25 मार्च, 2026 तक अनिवार्य रूप से कोषागार में प्रस्तुत कर दें।

## मजदूर पाठशाला का हुआ आयोजन



बरहज, देवरिया। शुक्रवार को बरहज क्षेत्र के अंतर्गत टेकुआ चौराहे पर मजदूर अधिकार मंच के संयोजक रामकिशोर चौहान के नेतृत्व में मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग और मजदूर शामिल रहे। मंच के संयोजक रामकिशोर चौहान ने कहा कि मनरेगा का नाम बदल कर मजदूरों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। चौवालीस मजदूर कानूनों को समाप्त कर चार श्रम कानूनों को सरकार सीमित कर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को पंगु बनाने का कार्य करने लगीं है। मजदूर विरोधी सरकार हैं। प्रत्येक यूनिट पर 15 किलो राशन सरकार द्वारा मुहैया कराया जाय, जिससे मजदूरों का जीवनयापन हो सके। मनरेगा का मजदूरी 600 रुपए प्रति दिन एवं एक साल में 200 दिनों की गारंटी सरकार को देना चाहिए ।कार्यक्रम में दयालू चौहान,राजेश, भीम भारती, विमलेश, शिवानंद चौहान, राकेश, विद्यासागर, राजू,परमहंस, प्रतिभा सिंह, शिवचन्द मौजूद रहे।

## गरीबों के न्यायार्थ लोक अदालत के प्रणेता थे शिवदयाल सिंह चौरसियाः चन्द्रभूषण

देवरिया। लोक अदालत के प्रणेता, प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग (काका कालेलकर आयोग) के सदस्य और सामाजिक न्याय के महान योद्धा बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया को उनकी जन्म जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में याद करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि भारतीय सामाजिक न्याय आंदोलन के एक महान पुरोधा बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया 13 मार्च 1903 को लखनऊ के पास खरिका (वर्तमान तेलीबाग) में जन्म लिए थे जिन्होंने विज्ञान की पढ़ाई के बाद कानून की शिक्षा प्राप्त कर लखनऊ हाईकोर्ट, पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर अपनी पहचान बनाई और लोक अदालत के प्रणेता बने।

संक्षेप

## करंट से संविदा लाइनमैन की मौत

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में विद्युत विभाग के संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। आक्रोशित परिजनों ने विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। जानकारी के अनुसार महेशपुर गांव निवासी दिनेश विद्युत विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह इलाके में लगे एक ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक हाईटेंशन लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

# डीएम ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



सीतापुर। जिले में रसोई गैस की भारी किल्लत और एजेंसियों पर खुलेआम हो रही ब्लैक मार्केटिंग से प्रशासन की लगातार किरकिरी हो रही है। हालात यह हैं कि आम लोग रात से ही गैस एजेंसियों के बाहर लाइन लगाने को मजबूर हैं। जबकि जिम्मेदार अधिकारी या तो एजेंसियों के केबिन में बैठकर चाय-पानी में व्यस्त बताए जा रहे हैं या फिर पूरे मामले से दूरी बनाए हुए हैं। इसी ढिलाई और लगातार उठ रहे आरोपों के बीच आखिरकार जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० को खुद मैदान में उतरना पड़ा। शुक्रवार को उन्होंने सिधौली और महमूदाबाद क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की हकीकत परखी। इस दौरान गैस स्टॉक, वितरण प्रणाली और उपभोक्ताओं को मिल रही सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले से गैस बुकिंग कराई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर दिया जाए और एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। साथ ही सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कमलापुर क्षेत्र के कसमंडा स्थित भारत गैस एजेंसी का भी निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच की। उन्होंने गैस एजेंसियों पर तैनात लेखपालों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित निगरानी करते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट अधिकारियों को भेजें।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिधौली राखी वर्मा और एसडीएम महमूदाबाद बालकृष्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। हालांकि जनता में चर्चा है कि यदि निचले स्तर के अधिकारी पहले से ही जिम्मेदारी निभाते तो डीएम को खुद मैदान में उतरने की नौबत नहीं आती।

### प्रभावशाली लोगों के होटल और कारोबार तक आसानी से पहुंच जाता सिलेंडर

सीतापुर। जिले में गैस संकट के बीच एक और गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। चर्चा है कि जनपद की अधिकांश गैस एजेंसियां सीधे तौर पर प्रभावशाली माननीयों या उनके रिश्तेदारों से जुड़ी बताई जाती हैं। यही वजह है कि गैस की किल्लत, लंबी कतारों और ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सख्त कार्रवाई करने से कतराते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आम उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़ा रहता है, लेकिन प्रभावशाली लोगों के होटल और कारोबार तक सिलेंडर आसानी से पहुंच जाता है। एजेंसियों पर हो रही अव्यवस्था और कालाबाजारी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, फिर भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। लोगों का कहना है कि जब एजेंसियों का संबंध सत्ता और रसूखदारों से जुड़ा हो तो छोटे अधिकारी कार्रवाई करने से पहले दस बार सोचते हैं। यही कारण है कि गैस संकट का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जबकि जिम्मेदारों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## चौरसिया जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन



फतेहपुर। आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी विचारक एवं पिछड़ों-दलितों की सशक्त आवाज, पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण के बाद आयोजित गोष्ठी में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन और संघर्षों को याद किया। यह आयोजन न केवल उनकी स्मृति को जीवंत करता है, बल्कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई प्रेरणा भी प्रदान करता है।चौरसिया जी: बरई तमोली समाज से समाजवादी आंदोलन के स्तंभगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि चौरसिया जी बरई तमोली समाज से थे, लेकिन उन्होंने केवल एक जाति का नहीं, बल्कि समस्त पिछड़ों, दलितों और शोषितों की बुलंद आवाज बनकर इतिहास रचा। उन्होंने समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया और समाजवादी विचारधारा के वे मजबूत स्तंभ थे, जिसने मंडल कमीशन तथा देश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग का आधार तैयार किया। डॉ. अंबेडकर से उनका वैचारिक तालमेल गहरा था, जबकि काका कालेलकर आयोग में वे वरिष्ठ सदस्य के रूप में पिछड़ों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन की स्थापना कर वंचित वर्गों को संगठित किया।गोष्ठी में उमड़ी भीड़, प्रमुख लोगों की उपस्थितिकार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव हीरालाल साहू ने किया। गोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, प्रवक्ता एडवोकेट जगदीश सिंह, डॉ. राम नरेश पटेल, रत्नेश रत्ना, एडवोकेट संदीप माली, सुमित साहू, शिव शंकर यादव, नंदकिशोर पाल, ज्ञान सिंह, कामता प्रसाद, कुलदीप सविता, राजेश बाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने चौरसिया जी के विचारों को आज के संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए उनका अनुकरण करने का संकल्प लिया।यह जयंती आयोजन फतेहपुर में सामाजिक न्याय की चेतना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चौरसिया जी के सपनों को साकार करने के लिए कटिबद्धता जताई।

## सेवा हॉस्पिटल का धूमधाम से शुभारंभ

फतेहपुर। जनपद के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए शहर के लोधीगंज स्थित जीटी रोड, शिवनगर में सेवा हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन रंगारंग समारोह के साथ संपन्न हो गया। विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, चिकित्सा विशेषज्ञ और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्वतापूर्ण हवन-पूजन से शुभारंभ हुए इस उद्घाटन ने न केवल स्थानीय लोगों में उत्साह जगाया, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद भी जगा दी। अस्पताल के संचालक डॉ. धर्मेंद्र सिंह (एमडी) ने उद्घाटन अवसर पर संबोधित करते हुए कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को किफायती दरों पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अनुभवी डॉक्टरों की टीम के साथ हम हर मरीज को विश्वसनीय उपचार का आश्वासन देते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी और एम्बुलेंस सेवा शुरू हो चुकी है, जो आपात स्थितियों में जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशिष्ट डॉक्टरों की मजबूत टीमसेवा हॉस्पिटल में निम्नलिखित विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे: डॉ. आर.के. गुप्ता: एमबीबीएस, जनरल फिजिशियन डॉ. शबीब खानः एमबीबीएस, एमएस जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. के.वी. चौधरी: एमडी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. के.पी. सिंह: हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. पी. कटिहार: स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालअस्पताल में मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सेवाएं मिलेंगी। मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: सर्जरी विभागः जनरल सर्जरी, ऑर्थो सर्जरी, ईएनटी सर्जरी और आधुनिक लेप्रोस्कोपिक दूरबीन विधि ऑपरेशन।जांच सुविधाएं लैब, ईसीजी, एक्स-रे।रूम व्यवस्थाः प्राइवेट और सेमी-प्राइवेट रूमों की आरामदायक सुविधा।इमरजेंसी सेवाएं: 24 घंटे उपलब्ध एम्बुलेंस और तत्काल उपचार।यह अस्पताल न केवल फतेहपुरवासियों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी उच्च स्तरीय इलाज की पहुंच प्रदान करेगा। डॉ. सिंह ने जोर देकर कहा कि सभी सेवाएं किफायती मूल्य पर उपलब्ध होंगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी लाभान्वित हो सके।

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उन्नाव का शानदार प्रदर्शन, 11 पदक जीते



उन्नाव। अयोध्या में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उन्नाव जनपद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। इनमें 5 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों में बिछिया, औरास, सिकंदरपुर सरोसी, हसनगंज और मियागंज आदि के खिलाड़ियों ने उन्नाव से लखनऊ मंडल का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्राथमिक वर्ग में 200 मीटर, 400 मीटर और लांग जंप स्पधाओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि जूनियर वर्ग में रिले, कुश्ती, जुडो और एथलेटिक्स में भी खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जनपद का मान बढ़ाया। रिले 4100 मीटर बालक वर्ग में पिछले कुछ वर्षों से उन्नाव का दबदबा कायम है। उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामपुर गढ़ौवा, औरास की छात्रा खुशी ने भी एथलेटिक्स की स्पधाओं में प्रतिभाग कर सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से पूर्व विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों प्रदीप, संजीव और विद्या सागर के साथ जाकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन कर सफलता के लिए प्रार्थना भी की। प्रतियोगिता के दौरान जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा, प्रभारी व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव सहित संजीव संखवार, प्रदीप कुमार वर्मा, विद्या सागर, आदित्य दीक्षित, अजीत, कयामुद्दीन, निशा सिंह, रईसुल इस्लाम गौहर, विद्यासागर, अनुदीप श्रीवास्तव, प्रवीण, गोपी, गौरव यादव, राकेश, विनय त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। टीम के इस शानदार प्रदर्शन में बिछिया के विश्वजीत का नेतृत्व सराहनीय रहा। कुशल निर्देशन और निरंतर प्रयासों ने खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास भरते हुए टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीईओ बिछिया संजय कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वजीत को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान संजीव संखवार ने खुशी के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए विद्यालय आकर उसे साइकिल भेंट करने की घोषणा की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्नाव जनपद भर के शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी।

# हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना है आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता : सुजीता कुमारी




सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी शुक्रवार को सीतापुर पहुंचीं, जहां सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आई महिलाओं की कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, संपत्ति विवाद और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे मामले प्रमुख रहे। जनसुनवाई में कई पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और लिखित शिकायतें भी महिला आयोग को सौंपीं।

इस दौरान सुजीता कुमारी ने कहा कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है, जो महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाकर महिलाओं की समस्याओं को सामने लाने और उनका समाधान कराने का प्रयास करता है।

जनसुनवाई के बाद विकास खंड पिसावां में जन जागरूकता चैपाल का आयोजन किया गया। यहां आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में सुजीता कुमारी ने महिलाओं, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सखी, एएनएम और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में महिला और पुरुष को बराबरी का दर्जा मिलना ही सच्चे महिला सशक्तिकरण की नींव है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समेत कई विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मेला उत्सव में दूर - दूर से पहुंचे लोग



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के खरौली में देवकली माता मंदिर प्रांगण में आयोजित विशाल मेला उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने माता देवकली के दर्शन करके समस्त देशवासियो की खुशहाली की प्रार्थना की, मेला कमेटी ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का माला पहनाकर, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

उन्होने कहा सभी एकजुट रहे आपस में सहयोग की भावना हो समाज में शांति हो सभी स्वस्थ रहे मेरा क्षेत्र राष्ट्र स्तर पर सशक्त हो ऐसी मेरी सोंच है। भारी संख्या में पहुंची महिला शक्ति( बहनों ) व भाइयो को 15 मार्च को निहाल खेड़ा धनकोली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के होली मिलन समारोह के लिये आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राघवेंद्र सिंह सिंह प्रधान खरौली, आर के सिंह मामाजी, अरुण सिंह, मानवेन्द्र सिंह, नवनीत शुक्ला, बीरेंद्र कुमार, फूलचंद्र यादव, प्रखर सिंह अकवारा, पंकज सिंह बाबा, सुनील सिंह, विक्रम यादव, मैनेजर सिंह, आशू सिंह, रामजी यादव, सर्वेश ऊर्फ रिंकू, अनीश यादव, सौरभ सिंह, सेनू यादव, दीपक सिंह राजावत, मयंक पटेल, कमलेश यादव, अनूप यादव, अंकित सिंह, विश्वजीत चैहान आदि लोग मौजूद रहे।

## सीतापुर में 14-15 मार्च को रक्तदान महोत्सव

सीतापुर। शहीदों की स्मृति और सेवा भाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर में 14 व 15 मार्च को वृहद ह्लरक्तदान महोत्सवह्व का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सजीवन ट्रस्ट के संयोजन में प्रेमनगर स्थित मंडप गेस्ट हाउस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। रक्तदान महोत्सव में ब्लड कनेक्ट फाउंडेशन, पतंजलि योगपीठ, रोटरी क्लब, जेसीआई, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच, आजाद हिंद भगत संगठन, गायत्री परिवार, राउंड टेबल, इनरव्हील, डोर फाउंडेशन, युवा सिंधी संगठन, युवा स्वर्णकार सभा, स्वराज फाउंडेशन, पहल संस्था और केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सहित कई सामाजिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। इस दो दिवसीय शिविर में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, पीजीआई लखनऊ, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ, बलरामपुर अस्पताल लखनऊ तथा सीतापुर जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीमें रक्त संग्रह करेंगी।

आयोजकों के अनुसार इस महोत्सव का उद्देश्य बड़ी मात्रा में रक्त एकत्र कर अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को समय पर रक्त मिल सके। आयोजक मंडल ने शहर और आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है, खासकर युवाओं से आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लेने का आह्वान किया गया है। बताया गया कि यह रक्तदान महोत्सव हर वर्ष 23 मार्च शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है, जिसमें युवक-युवतियां रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने में योगदान देते हैं।

## जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण कार्यक्रम

सीतापुर। जनपद के महोली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगौड़ा में शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत ह्लजल अर्पण कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी, जल निगम के अधिकारी, डीपीएमयू की टीम तथा अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिंगौड़ा में निर्मित पेयजल योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का कार्य पूर्ण होने के बाद उसे औपचारिक रूप से ग्रामीणों को समर्पित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के शुरू होने से अब गांव के लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

# पीस कमेटी की बैठक में त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील



पाटन, उन्नाव। रमजान महीने के समाप्ति के बाद 20 मार्च को होने वाले ईद उल फितर के त्यौहार को शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर थाना बिहार में उप जिला अधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में मुस्लिम उल्माओं, मौलवी, एवं मस्जिद कमेटी के सदरों के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं संयम के साथ मनाए जाने की अपील की उन्होंने कहा कि ईद उल फितर का यह त्यौहार आपसी भाई चारा की एक अद्भुत मिसाल है।

लोग अपने पुराने गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं यही इस त्यौहार की परंपरा है। त्योहार विशेष के अवसर पर साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा को लेकर भी वर्ग विशेष से वार्ता की। सुरक्षा व उसकी व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने आए हुए लोगों को एसओजी व व्यक्तिगत नंबर दिए और कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो आप उक्त नंबरों पर फोन करें ताकि समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मौके पर गड़बड़ी करने वाले लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है ताकि वह माहौल न बिगाड़ सके और ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एस आई वीरेंद्र यादव, के के सिंह, देवेंद्रनाथ अवस्थी चैकी प्रभारी भगवंत नगर, नरेंद्र सिंह चैकी प्रभारी पाटन कानून को अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में वर्ग विशेष के लोग मौजूद रहे। अंत में अधिकारियों ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

# विशेष अभिभावक बैठक का आयोजन कर डॉ. रचना ने परीक्षा पर की चर्चा



उन्नाव। मार्च का महीना जहाँ एक ओर त्योहार का माह हैं वहीं दूसरी ओर वार्षिक परीक्षाएं भी इसी माह में आयोजित होनी हैं। त्योहार तथा स्थानीय मेलों की वजह से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है।जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ने अपने सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान ब्लॉक बिछिया के प्राथमिक विद्यालय डीह 2 में पाया कि कुछ बच्चे स्थानीय मेले और त्योहार की वजह से विद्यालय में उपस्थित नहीं हैं।ऐसे में प्रत्येक कक्षा के अनुपस्थित बच्चों को चिन्हित किया गया और अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों को फोन के माध्यम से संपर्क कर बच्चों की अनुपस्थिति का कारण जान गया तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय में बुला एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें डॉ रचना सिंह ने कक्षा में बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व के बारे में समझाया तथा अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने अभिभावकों को बताया कि अनुपस्थित रहने से बच्चे पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं।कक्षा में दी जा रही महत्त्वपूर्ण जानकारियों से वंचित रह जाते हैं।बार -बार अनुपस्थित रहने से पढ़ाई के प्रति लापरवाही की आदत बन जाती है।कक्षा में बहुत सारी गतिविधियां कराई जाती हैं, प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं जिससे वे वंचित रह जाते हैं। डॉ रचना सिंह ने अभिभावकों को बताया कि आगामी 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।इस समय विद्यालय में पाठ्यक्रम दोहराव का कार्य शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत बच्चे विद्यालय में उपस्थित हों।कोई भी बच्चा बिना जरूरी कारण अनुपस्थित न रहे जिसका सभी बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने समर्थन किया।बैठक में अभिभावकों में सरस्वती, रामदेवी, किरन, सपना, काजल, रेनू, विनोदिनी, मीरा, स्नेहलता, माधुरी, विन्धरेश्वरी तथा अन्य उपस्थित रहे।

## अवैध कटान की सूचना दी तो भड़के दरोगा!

सीतापुर। अवैध पेड़ कटान की सूचना देना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सूचना देने के बाद कार्रवाई करने के बजाय चैकी इंचार्ज ही उस पर भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से क्षेत्राधिकारी मिश्रिख से कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। संदना थाना क्षेत्र के गोपरामऊ मजरा अनोगी निवासी उमेश पुत्र रामऔतार ने प्ळत्ै संख्या 40015426018656 के माध्यम से दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 मार्च 2026 को ग्राम निजामपुर में मजलिसपुर निवासी संग्राम, अमरनाथ तथा पहला धर्म कांटा निवासी मुदित द्वारा बिना परमिट के गुल्लर के दो पेड़ कटवाए जा रहे थे। इस संबंध में उसने रामगढ़ चैकी इंचार्ज मनोज सिंह को सूचना दी थी। पीड़ित का आरोप है कि सूचना देने के बाद उसे पहला धर्म कांटा बुलाया गया, जहां चैकी इंचार्ज ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारने के लिए दौड़े। इतना ही नहीं, उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी दी गई। उमेश ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और कार्रवाई की मांग की है।

## प्लांट कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीके समझायें




उन्नाव (वीओएल)। नवाबगंज ब्लॉक के गौरा मार्ग पर स्थित वृंदावन बटलर्स प्राइवेट लिमिटेड में सेफ्टी मंथ 2026 के अंतर्गत प्लांट के कर्मचारियों को आग बुझाने के तरीकों को समझाया गया।

गौरा मार्ग पर स्थित वृंदावन बटलर्स प्राइवेट लिमिटेड में जिला फायर अधिकारी अनूप सिंह के नेतृत्व में फायर टीम ने प्लांट में पहुंचकर प्लांट के कर्मचारी व अधिकारियों को आग से निपटने के तरीकों को बताया और किसी भी आपात स्थिति में कैसे आग पर काबू पाते हैं इन तरीकों को गंभीरता से बताया तथा आग से बचाव के तरीके भी बताएं। इस मौके पर प्लांट के श्रीराम मिलन भारती, प्लांट हेड एन के दुबे वह कमलेश कुमार सहित प्लांट के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण की शिकायत पर पहुंचे अधिकारी, देखी वास्तविक स्थिति



मौरावा, उन्नाव। नगर पंचायत स्थित पडाव अड्डा का निरीक्षण एसडीएम प्रवेश श्रीवास्तव पुरवा क्षेत्राधिकारी तेज सिंह नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी ने किया। लगातार शिकायतें पहुंच रही थी कि जाम घंटो तक लगा रहता है। दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। लोगों ने बताया कि इसी वजह से हिलौली रोड पर स्टेशन से लेकर केएमपी इंटर कॉलेज तक घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर पडाव अड्डा का निरीक्षण किया गया। जल्द ही रोड के किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा। पटरी के ऊपर से फल वालों ने फल की टोकरी लगा रखी है। दुकानदारों में किसी ने पंखा किसी ने कुर्सियां लगा रखी है। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश श्रीवास्तव, तेज सिंह क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद रहे। इधर, जल्द ही बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाए जाने की चचाएं तेज हो गयी है।

## निर्माण कार्य के चलते चार दिन के लिए बंद हुआ सीएचसी जाने वाला मार्ग

सोहावल-अयोध्या। जनता के लंबे इंतजार और क्षेत्रीय लोगों के अथक प्रयास के बाद आखिरकार हनुमानगढ़ी सुचित्तागंज से सीएचसी सोहावल को जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिसके चलते लगभग चार दिनों के लिए चार पहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बंद हो गया है। जबकि निर्माण कार्य में लगे लोगों ने बताया कि 24 घंटे बाद साइकिल और दो पहिया वाहन चालक इस सड़क पर चलना शुरू कर सकते हैं। इस सड़क निर्माण से अधिवक्ता दीपक सिंह फरीद अहमद कांग्रेस पार्टी के नेता लाल मोहम्मद लल्लू ने खुशी जाहिर की है।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता और पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम बड़वार निवासी सौरभ (25 वर्ष) पुत्र कल्यान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार (10 मार्च 2026) की शाम करीब 4.30 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रतिराम और उनके पुत्र सुम्मेर ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दोनों ने सौरभ के साथ अभद्र गाली-गलौज की और जब उसने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान उसे काफी चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उसे भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से निकल गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। नाराहट पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रतिराम और सुम्मेर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## रसोई गैस को लेकर कांग्रेस का आज कंपनी बाग में धरना

**ललितपुर।** रसोई गैस और वाणिज्यिक गैस की बढ़ती कीमतों तथा कालाबाजारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 14 मार्च को कंपनी बाग में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन शनिवार को दोपहर 12 बजे कम्पनी बाग में होगा। उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, विधि प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, पूर्व सांसद-विधायक तथा ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रसोई गैस और वाणिज्यिक गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

## युवती को सोशल मीडिया पर दी गालियां और धमकी

**ललितपुर।** नगर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभद्र गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के एक मोहल्ला में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी रोहित रावत उसे पिछले कुछ समय से गंदे मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। आरोप है कि बुधवार (11 मार्च 2026) की रात करीब 9.30 बजे आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसे बेहद अभद्र गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, इस कृत्य में रोहित रावत के साथ विनोद तिवारी और रवि तिवारी भी शामिल हैं, जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित रावत, विनोद तिवारी और रवि तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 और धारा 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## युवक को बीच रास्ते रोका

ललितपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छायन के पास एक युवक को बाइक सवार दबंग ने बीच रास्ते रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी जमीन की रजिस्ट्री कराने से नाराज था। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम कुम्हेड़ी निवासी रामकृपाल पुत्र कुंजबिहारी ने महरौनी थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार (11 मार्च 2026) को वह अपने साथी शोभाराम के साथ बाइक से वापस घर लौट रहा था।

# दीदियों को लखपति ही नहीं, करोड़पति भी बनाया जायेगा

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के गिन्नौट बाग में आयोजित मण्डलीय सरस मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया, साथ ही परिसर में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। उन्होंने मौके पर छोटे बच्चों का अन्न प्रासन कराया और लाभार्थियों

- **उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मण्डलीय सरस मेले का फीता काटकर किया शुभारंभ**
- **जनपद में लगेगा राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला, 7 राज्यों की महिलाएं करेंगी प्रतिभाग**



को योजनाओं के प्रमाण पत्र व चाभियां वितरित कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी व उनके प्रशासनिक टीम ने उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है, आज इस मण्डलीय सरस मेले के उद्घाटन के अवसर पर जब हमारी स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक और उनकी पूरी प्रशासनिक टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर फोकसउप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गरीबों को स्वरोजगार से अमीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप दीदियां खाने-पीने का सामान समूह के माध्यम से बड़े स्तर पर बनाना चाहती है और उसकी लागत 5 करोड़ रुपए है तो उस पर 1 करोड़ 75 लाख रुपया (35 प्रतिशत) अनुदान दिया जाता है, इसके साथ ही यदि इकाई में विद्युत का उपयोग होता है तो उसके लिए 90 प्रतिशत सोलर पैनल लगवाने के लिए अनुदान भी दिया जाता है।

उन्होंने मंच के माध्यम से जनपद में राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित कराने की घोषणा की कि जिसमें 7 राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने-अपने उत्पाद लेकर यहां आयेंगी।

डिप्टी सीएम ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने नये कार्यालय ह्यकर्तव्य भवनह्ण में पहले ही दिन 6 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की, जिसके क्रम में उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनमें से कम से कम 1 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का काम करेंगे। हमें ऐसा काम करना है कि ललितपुर की दीदियों के द्वारा बनाये गए उत्पाद देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बिके। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश की आधी आबादी सामर्थवान हो।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ललितपुर के सहरिया समुदाय के लोग काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों के लिए पलायन करते थे, लेकिन अब उन्हें पलायन करने की जरुरत नहीं हैं, क्योंकि हमारी सरकार का खजाना उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शक्तिशाली और समृद्धशाली बनाने के लिए खुला हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि नये वित्तीय वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांग पेंशन की धनराशि 01 हजार से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है, जिसका लाभ नये वित्तीय वर्ष से पात्रों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में 03 करोड़ प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृत किया है, जिससे अब तक छूटे हुए लाभार्थियों को भी जल्द आवास योजना का लाभ मिलने वाला है।इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत दिव्यांग, सहरिया, कुष्टरोगी, बुजुर्ग आदि वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जा रहा है।

## विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक चाभी और नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशवा प्रसाद मौर्या द्वारा उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सदस्यों को चैक, सीसीएल व सीआईईएफ डेमो चेक का वितरण मंच के माध्यम से दिया गया, इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी व स्वीकृति पत्र वितरित किये गए, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत 5 लाभार्थियों ट्रेटर की चाभी का वितरण किया गया और गर्भवती महिलाओं की गोदभरायी व बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,एमएलसी रमा निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## जूनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं 18 मार्च तक आयोजित की जायेंगीः खेल अधिकारी

**बिजनौर।** खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर जनपद बिजनौर में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न खेलों की जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग (बालक/बालिका) प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला खेल कार्यालय बिजनौर द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं विभिन्न तिथियों में आयोजित होंगी, जिनमें जनपद के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे जिला खेल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैडमिंटन तथा शूटिंग प्रतियोगिताएं 14 मार्च को आयोजित होंगी। वहीं वालीबॉल, हैंडबाल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी तथा भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं 17 मार्च को संपन्न कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स, कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिताएं 18 मार्च को आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथियों पर प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु विभिन्न खेलों के प्रभारी अधिकारियों एवं संघ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला खेल अधिकारी ने जनपद के सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें तथा जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें।

## गैस की किल्लत की अफवाहों पर ध्यान न दें, स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः डीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि पिछले कई दिनो से गैस सिलेण्डर की किल्लत एवं पेट्रोल/डीजल की कमी का समाचार प्रसारित हो रहे है, जोकि पूरी तरह अफवाह पर आधारित है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्तमान में सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से घरेलू पदार्थों का रिजर्व स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में बेबुनियाद अफवाहों पर उपभोक्ताओं द्वारा अधिक बुकिंग करने से सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण गैस बुकिंग में समस्या आ रही है, जिसे ठीक कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है, जिसके अंतर्गत दो सिलेंडर की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में किसी भी अवैध भंडारण एवं जमाखोरी अथवा कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए आपूर्ति विभाग द्वारा निरंतर टीमों के माध्यम से जांच की जा रही है। प्रश्नगत स्थिति पर गंभीरता से प्रशासन के द्वारा नजर रखी जा रही है तथा तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के द्वारा पहले की अपेक्षा सप्लाई में बढ़ौतरी की सूचना दी गई है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दे, जिलें में गैस एवं पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी नहीं है।

यदि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या किसी उपभोक्ता को आती है तो वह जिला पूर्ति अधिकारी विभाग बिजनौर के मो0 न0 7839564755 पर सूचित करें। निसमानुसार उपभेक्ता की समस्या का तत्काल समाधान किया जायेगा।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं जनपद में सकुशल और नकल विहीन सम्पन्न

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं जनपद में शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हो गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद में परीक्षा अवधि के दौरान

- **जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर किया धन्यवाद ज्ञापित**

जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था तथा पारदर्शिता बनाये रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों, केन्द्र व्यवस्थापकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर सहयोग और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया, जिसके परिणामस्वरुप परीक्षाएं पूर्णतः नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकी।



उन्होंने परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा शिक्षा विभाग के समस्त कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने परीक्षा अवधि के दौरान हर समय अपेक्षित सहयोग प्रदान करने एवं परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों को सकारात्मक रुप से जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए जनपद के समस्त सम्मानित प्रिंट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा है कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं मीडिया के सामूहिक सहयोग से यह महत्वपूर्ण परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकी है, जिसके लिए सभी सम्बंधितों का योगदान सराहनीय है।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

ललितपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक इलाके से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने आरोपी और उसके माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन बुधवार सुबह घर से मेहंदी लगवाने के लिए निकली थी।

जब वह रात 8 बजे तक घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान उन्हें पता चला कि सरायपुरा निवासी शशांक जैन (उर्फ वासु) युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

## मृतक डॉ. राजकुमार के परिजनों ने निष्पक्ष खुलासा करने पर पुलिस का आभार जताया



**नगीना, बिजनौर।** चिकित्सक की हत्या का सही व समय से खुलासा करने पर मृतक डॉ0 राजकुमार के परिजन नगीना सीओ अन्जनी कुमार के कार्यालय पहुंचे और उन्होंने सीओ एंव थाना प्रभारी अवनीत मान और घटना के खुलासे में लगी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। परिजन कहा कि अन्य पुलिस को भी नगीना सीओ व थाना प्रभारी जैसे निष्पक्ष व ड्यूटी के प्रति ईमानदार जैसे पुलिस ऑफिसरों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मालूम हो कि बीती 05 मार्च की शाम नगीना में शिवालय हैल्थ केयर सेंटर के एमडी डॉ0 राजकुमार की किराए के शूटर ने निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की तो चंद घंटे में ही घटना का खुलासा हुआ तो मृतक डॉ. राजकुमार का साथी सुमित्रा हॉस्पिटल का संचालक नीरज चैहान मुख्य मास्टर मांइड निकाला। घटना का निष्पक्ष व अतिशीघ्र खुलासा होने पर मृतक राजकुमार की बहन नीशा, उसका भाई रवि व परिवार के अन्य सदस्यों ने नगीना सीओ अन्जनी कुमार के कार्यालय पहुंचकर सीओ व थाना प्रभारी अवनीत मान का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। मृतक राजकुमार की बहन नीशा ने राजकुमार की परवरिश के लिए अपनी शादी तक नहीं की, क्योंकि राजकुमार से उन्हें बेहद प्रेम व लगाव था। मृतक की बहन नीशा हिचकियों व छलक रहें आंसूओ के साथ सीओ, थाना प्रभारी व उनकी टीम को दुआएं देती रही।

## 12वीं कक्षा की परीक्षा देने के बाद 6 छात्राएं लापता

**बिजनौर।** चांदपुर में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा देने के बाद स्कूल से निकलीं छह छात्राएं लापता हो गईं। चांदपुर थाने के प्रभारी अमित कुमार ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की संस्कृत की अंतिम परीक्षा थी। चांदपुर और हीमपुर क्षेत्र की छह छात्राएं प्रतिष्ठित इंटर कॉलेज में परीक्षा के बाद घर नहीं पहुंचीं तो परिजन ने काफी तलाश के बाद देर शाम पुलिस में तहरीर दी ।पुलिस के अनुसार, छात्राओं की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है, फोन सर्विलांस की मदद ली जा रही है और एक छात्रा के फोन की लोकेशन उत्तराखंड में मिली है। छात्राएं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की रहने वाली हैं।

## कारोबारियों की जांच में जुटी रही आयकर, प्रवर्तन टीम



**बांदा।** शहर में नेता व बडे.मौरंग कारोबारियों के यहां जांच में जुटी आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय की 20 टीमों ने लगातार गुरूवार की शाम तक जांच पड़ताल की। शहर में इस बात की चर्चा रही कि अधिकारियों की जांच की दिशा अब कारोबारियों के विदेशी फंडिंग की ओर हो गया है। जांच एजेंसियों को संदेह है, कि मौरंग खनन कारोबार की कमाई रियल स्टेट में खपायी गई है। इस बात की चर्चा है, कि जांच के दौरान ढ़ाई करोड़ पैसे से अधिक की नकदी और जेवरात पकड़े गये हैं। जांच अधिकारी बरामद हुए समानों का मिलान करते रहे सूत्रों ने कहा, कि मिली बेनामी संपत्ति का हिसाब-किताब अगर कारोबारी नहीं दे पाते हैं। तो इसे जब्त कर लिया जायेगा। कारोबारियों के आवासों में पीएसी व पुलिस के कड़े पहरे में लगभग 36 घंटे से आ कर विभाग के अधिकारी जांच में जुटे रहे। जांच कब तक चलेगी कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं है और न ही अधिकारी मीडिया से कोई बात कर रहे हैं। मीडिया कर्मियों को जांच के दायरे में नजदीक नहीं जाने दिया जा रहा है। अभी तक लगभग 20 करोड रुपए की टैक्स चोरी की बात अभी तक सामने आई है। इस बात की चर्चा है, कि मौरंग, आटो मोबाइल एवं मेडिकल कारोबार से जुटाई गई अरबों रुपए की संपत्ति से अब विदेशी फंडिंग की जा रही है तथा रियल स्टेट से जुड़े कारोबारी करोड़ो की टैक्स चोरी कर रहे थे। बताते चले कि शहर के कालू कुंआ निवासी लोक सभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी व अब भाजपा नेता दिलीप सिंह ने बीते माह राजस्थान के जैसेलमेर से शाही अंदाज में बेटी की शादी की थी। इसमें उन्होंने करोड़ो रुपए खर्च किए थे। माना जा रहा है, कि इसके बाद से ही वह आयकर के रडार पर आ गये थे। बुधवार की सुबह आयकर विभाग की 20 टीमे अचानक यहां पहुंची और चिंहित कारोबारियों के आवासों को घेर लिया। पीएसी के जवानो के साथ चारो तरफ से पूरे मकान को नजर बंद कर दिया गया। इस दौरान न तो कोई बाहर आ सका और न ही कोई अन्दर आ सका।

## उपमुख्यमंत्री का विपक्ष पर तीखा हमला कहा अफवाह फैलाकर माहौल बिगाडना चाहती है विपक्षी पार्टियां

**ललितपुर।** नगर के गिन्नौट बाग में आयोजित मण्डलीय सरस मेले में पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दल अफवाह फैलाकर देश और प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से प्रदेश में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। पहले की सरकारों में योजनाओं का पैसा बीच में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, लेकिन अब पारदर्शिता के साथ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल से बैंक खातों के माध्यम से गरीबों, किसानों और जरूरतमंदों को सीधे लाभ मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर दुष्प्रचार का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ नेता लगातार जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो रही है, जिससे आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ घर से निकलकर अपने कार्य कर रही हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही हैं। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ नेता केवल अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं, लेकिन देश और प्रदेश की जनता सब समझती है और समय आने पर उन्हें जवाब देगी।

## बोलेरो की टक्कर से वृद्धा की मौत, छात्रा ने लगायी फांसी

**बांदा।** पपरेंदा गांव के समीप खेत से पैदल अपने घर जा रही वृद्धा को अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच करने के बाद महिला के परिजनों को घटना की सूचना दी। थानाध्यक्ष चिल्ला अर्पित पांडेय ने बताया कि वृद्धा विद्यावती पत्नी रामरूप यादव 70 पपरेंदा गांव से एक किलोमीटर पहले सड़क से पैदल घर जा रही थी। तभी अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों से घटना के बारे में पूंछताछ कर रही है।

दूसरी घटना में बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासिनी लक्ष्मी पुत्री चद्रभान 19 बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। अज्ञात कारणों के चलते युवती ने कमरे में बांस की बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर बाद जब वह लोगों के बीच नही दिखी तो परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो देखा कि वह फंदे पर लटक रही थी। परिजनों ने तत्काल सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



**महोबा।** जनपद के सलारपुर गांव स्थित कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नमामि गंगे, वन विभाग एवं कोर अर्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, गंगा स्वच्छता शपथ तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 के मनोज ने प्रथम, कक्षा 7 की प्रियांशी ने द्वितीय तथा कक्षा 6 की पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 के यश ने प्रथम, कक्षा 8 के अभिषेक ने द्वितीय तथा कक्षा 7 की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला गंगा समिति से जिला परियोजना विभाग के अधिकारी यशराज आनन्द, कोर अर्थ फाउंडेशन के संस्थापक आर्यन, जिलाध्यक्ष अविनाश, प्रियांशु एवं प्रखर भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सलीम, सहायक अध्यापक गोमती नामदेव, प्रवीण सिंह सहित विद्यालय के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया।

# सांसद अनुराग शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत और सार्थक चर्चा की।

इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान के लिए झांसी के हसारी रोड पर प्रस्तावित फोर-लेन रेलवे ओवरब्रिज के शीघ्र निर्माण तथा

- **ललितपुर में कोच वाशिंग पिट लाइन की स्थापना की रखी मांग**



उसकी वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने संसदीय क्षेत्र में लंबे समय से लंबित अन्य आरओबी कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ गति देने की मांग रखी, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके ।इसके अतिरिक्त सांसद ने ललितपुर में ट्रेनों की बेहतर साफ-सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोच वाशिंग पिट लाइन की स्थापना की मांग भी प्रमुखता से उठाई, ताकि यात्रियों को स्वच्छ एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और आमजन की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास और स्वर्णिम भविष्य के लिए वे निरंतर प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत हैं।

## अवध शुगर मिल में 15 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होगा

**स्योहारा, बिजनौर।** अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि०, यूनिटद्दस्योहारा की ओर से सिद्ध मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से शुगर मिल डिस्पेन्सरी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 15मार्च 2026 रविवार को आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे।

शिविर में दिल, पेट, दिमाग सहित अन्य बीमारियों से संबंधित जांच की जाएगी। इस अवसर पर डॉ0 अनुराग मेहरोत्रा (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ0 सिद्धार्थ (गैस्ट्रो सर्जन), डॉ0 अंकुर (न्यूरो सर्जन), डॉ0 नेहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ0 स्तुति (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ0 मोहित टंडन (मेडिसिन एवं नेफ्रोलॉजी), डॉ0 स्वाति (पल्मोनोलॉजिस्ट), डॉ0 मोहम्मद इमरान (ऑर्थो), डॉ0 सुहैल (यूरोलॉजिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शुगर मिल डिस्पेन्सरी में पहुंचकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

अधिशासी अध्यक्ष अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि० यूनिटद्दस्योहारा ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि 15 मार्च रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचकर इस निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं सकते है।

## तंबाकू से दूर रहने की दिलाई शपथ

ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) में संचालित तंबाकू परामर्श केन्द्र द्वारा धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर गत दिवस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने की।

# चूल्हे तक युद्ध का ताप

ईरान युद्ध का असर किचेन तक पहुंच गया है। युद्ध जारी रहा तो गैस आपूर्ति, पेट्रोलियम आपूर्ति, उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने में बड़ी चुनौती पेश आयेगी। महंगाई बढ़ेगी सो अलग। वैसे कुछ चीजें महंगी होने भी लगी हैं। संभवतः यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े हैं कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़े। प्रधानमंत्री ने 'चुनौती' की बात स्वीकार की है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। देशवासियों ने उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग भी दिया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए 'संजीवनी' है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है? इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया,



कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है? ये छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका? यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है? कूटनीतिक रणनीति क्या है? आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन 'तारपीडो' करेगा? यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' की अधिसूचना जारी कर उसे लागू कर दिया है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने कतारें लगाना शुरू कर दिया है। मौजूदा संकट आम रसोई के मद्देनजर है कि शाम को गैस का चूल्हा जलेगा या नहीं, घर का खाना बनेगा अथवा नहीं। यह संकट उस वर्ग का ज्यादा है, जिसकी जिंदगी धक्के खाने में खप जाती है, जिसके संसाधन बेहद सीमित हैं और जिसने जनादेश देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। क्या प्रधानमंत्री उन लोगों को भी संबोधित नहीं कर सकते? इस संकट के दरमियान ही अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान आया है कि युद्ध का काम लगभग पूरा हो चुका है। अर्थात अमरीका युद्ध को समाप्त करने और निकलने का सुरक्षित रास्ता तलाश रहा है, लेकिन इजरायल और ईरान फिलहाल ऐसा नहीं सोच रहे, जाहिर है कि तेल-गैस का संकट बरकरार रहेगा, बल्कि बढ़ भी सकता है। करीब 60 देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। बहरहाल रूस हमारे लिए चमकती हुई उम्मीद है। वह गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और कच्चे तेल का भी दूसरा सबसे बड़ा देश है। अमरीका ने रूस पर से तेल-गैस संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं। रूस ने हमें कच्चा तेल और गैस की आपूर्ति शुरू भी कर दी है। ऐसे में लोगों को धैर्य बनाये रखना चाहिए क्योंकि सरकार गंभीरता से सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

### विचार

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

-महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजय पायी जा सकती है।

-कौटिल्य.

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

-श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा-भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

-माखन लाल चतुर्वेदी.

# हल नहीं हुआ है ईरान में शासन का मसला



संजय श्रीवास्तव

> जो खबरें आ रही हैं, उनके मुताबिक ईरान के नये सुप्रीमो मोजतबा हुसैनी खामेनई घायल हैं। दूसरी तरफ मोजतबा खामेनई की तरफ से जो मीडिया में बातें आयी हैं, उसके मुताबिक उन्होंने ईरान पर हमले का बदला लेने की बात कही है। अब ये हकीकत है या प्रोपेगंडा, पर यह तो तय है कि मोजतबा खामनेई के नये सुप्रीमो के रूप में चुन लिए जाने के बाद भी, ईरान में नये शासक का मसला हल नहीं हुआ।

ईरान में एक प्रत्यक्ष जंग के पीछे एक अप्रत्यक्ष जंग भी जारी है। यह जंग ईरान के भीतर कुछ गुटों के बीच चल रही है। पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी से लेकर मुजाहिदीन-ए-खल्क और कुर्द संगठनों तक। इस बहुपक्षीय जंग का भी लक्ष्य कमोबेश वही है, जो अमेरिका का है, ईरान की सता पर कब्जा। ईरान इजराइल और अमेरिकी संघर्ष अनंत काल तक नहीं चलेगा। ट्रंप का ऐलान है कि ईरान से बिना शर्त समर्पण के अलावा कोई समझौता, युद्धविराम वगैरह नहीं होगा। युद्ध लगातार चला तो कुछ महीनों में खत्म भी होगा। युद्ध के संभावित परिणाम बहुआयामी हो सकते हैं, संभवतः इन चार नतीजों में से कोई एक। जो युद्ध को झेल रहे हैं अथवा जो मात्र बाहरी दर्शक हैं वे भले ही अभी परिणामों पर बहुत ध्यान न केंद्रित कर पा रहे हों पर वे धड़े जो इस परोक्ष जंग में शामिल हैं, अपने को ईरानी सत्ता व्यवस्था का हितधारक समझते हैं, वे इन युद्ध प्रसूत परिणामों पर गहरी नजर बनाए हुए हैं। सबको यकीन है कि ट्रंप जैसा नेता ईरान को मात्र सैन्य क्षमता में कमजोर करके युद्ध रोक देने वाला नहीं और वह वेनेजुएला सरीखी सफलता पा जाये यह भी इस मामले में मुमकिन नहीं।

युद्ध के नतीजों का पहला परिदृश्य बनता है कि ईरान की सेना और आईआरजीसी बिना शर्त पूर्ण आत्मसमर्पण कर दे और एकजुट विपक्षी गुट रजा पहलवी की अगुवाई में अंतरिम सरकार बनाए। दूसरा, ईरान में आने वाला नया नेतृत्व पूरी तरह आत्मसमर्पण के बजाय परमाणु तथा मिसाइल कार्यक्रमों पर कुछ समझौता करे, अमेरिका पीछे हटकर इजराइल को निगरानी सौंपे कि उल्लंघन पर वह हमले करेगा। तीसरा, शासन अपनी आंतरिक काउंसिल के माध्यम से स्थिति को संभाल ले। ईरान मिसाइल और ड्रोन हमलों से लड़ता रहे और इस बीच एक नया सर्वोच्च नेता चुन ले। आईआरजीसी सत्ता थाम ले यानी सैन्य शासन हो जाए और वह अमेरिका प्रेरित विद्रोह को कड़ाई से दबाए। चैथा और सबसे बुरा परिदृश्य यह कि यह कि युद्ध लंबा खिंचते देख अमेरिका कुर्दों और ईरानी सत्ता के दूसरे विरोधी धड़ों को भड़का दे, इस अफरा-तफरी से आजिज उन 40 फीसद लोगों के बीच जो ईरान मूल के नहीं बल्कि अजरबैजान, कुर्दिस्तान से संबंध रखते है,





उन कुर्दों और अजेरी लोगों के बीच अस्थिरता फैल जाए जिसके साथ लूर, अरब, बलोच, जेरी भी शामिल हो जाएं। आंदोलनों के समय जो नारा लगा करता था, 'न गाजा न लेबनान, ईरान के लिए मेरी जान', भूल जाएं, जिससे ईरान में विलगाव और विखंडन आरंभ हो जाए, देश गृहयुद्ध तथा आंतरिक कलह एवं हिंसा में जलने लगे। आईआरजीसी से आंतरिक ताकतें टकराएं, यूरेनियम स्टॉक, परमाणु संयंत्र अतिवादी हाथों में जा जाएं। देश लीबिया जैसा टूट जाए या सीरिया सा बिखर जाए। ट्रंप का पोस्ट-वॉर रणनीति भी यही है। ईरानी सेना और आईआरजीसी पूरी तरह समर्पण कर दे बहुत मुमकिन नहीं। क्योंकि इस्लामी गणराज्य की संस्थाएं अभी भी मजबूत हैं और सत्ता परिवर्तन का रास्ता उतना सरल नहीं है, जितना बाहर से दिखता है। पहलवी को संयुक्त विपक्ष द्वारा नेता स्वीकारने की संभावना भी कम है। चैथा परिदृश्य बहुत भयावह है। सता की ताक में लगे ईरानी गुट भी पहला परिदृश्य बिल्कुल नहीं चाहेंगे कि वे मुंह देखते रह जाएं, सत्ता अमेरिका के मुंह लगे। पूर्ण समर्पण के बाद उनके भी हाथ खाली होंगे। वे रजा पहलवी को बाहर रखकर बाजी मारते नहीं देखना चाहेंगे। इसके साथ ही वे चैथा परिदृश्य भी निर्मित होने देन नहीं चाहेंगे इससे वे भी संकट में फंसेंगे उनकी चाहत पूरी होने में बहुत देर लगेगी, ईरान का मलबा ही उनके हाथ आयेगा। कुल मिलाकर दूसरे और तीसरे परिदृश्य की उम्मीद अधिक है हालांकि ईरान के भीतर सत्ता की जंग लड़ते हितधारक सभी स्थितियों में अपने लिये लाभदायक विकल्प की तलाश में हैं। लेकिन इस संक्रमण के दौर में रजा पहलवी युद्ध से पहले से खुद को 'संक्रमणकालीन नेता' के तौरपर पेश कर रहे हैं। फिलहाल उन्होंने ईरानी जनता को संदेश दिया है कि सतर्क रहें और उचित समय पर अंतिम कार्रवाई के लिए सड़कों पर लौटने को तैयार रहें, जिसकी जानकारी मैं आपको दूंगा। मैं जल्द से जल्द आपके साथ होऊंगा ताकि हम मिलकर ईरान को वापस पा सकें और उसका पुनर्निर्माण कर सकें। वे राजशाही के बजाए एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित करने का वादा कर रहे हैं। लेकिन पहलवी की राह आसान नहीं है। उनकी सबसे बड़ी कमजोरी उनकी 'विभाजनकारी' छवि है। आरोप है कि वे अमेरिका और इजराइल के हस्तक्षेप को ह्य'मुक्ति' का जरिया मानते हैं। ईरान का एक बड़ा वर्ग इसे 'देशद्रोह', उन्हें 'विदेशी कठपुतली' के बतौर देखता है।

ईरान

अमेरिकी और इजराइली हमलों के प्रति उनके अपेक्षाकृत सकारात्मक रुख ने भी उन्हें आलोचना के घेरे में ला दिया है। पहलवी का आंदोलन धीरे-धीरे कट्टर दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर झुकता दिखाई देता है, जिससे उनकी सामाजिक राजनीतिक स्वीकार्यता सीमित लगती है। उनकी वैधता और लोकप्रियता की समस्या के अलावा ईरान के विपक्ष के बीच बिखराव पहलवी की राह को कंटकाकीर्ण करने वाला है, क्योंकि कई गुट उनके दावों को बदनाम करने की कोशिश में लगे हैं। फिर रजा पहलवी के पास ईरान के भीतर कोई मजबूत संगठनात्मक ढांचा भी नहीं है। दूसरा गुट इस्लामी गणराज्य के खिलाफ संघर्ष करते रहने वाला 'नेशनल काउंसिल ऑफ रेजिस्टेंस ऑफ ईरान' है, मरियम रजवी की अगुवाई वाले इस गुट की जड़ें विद्रोही संगठन मुजाहिदीन-ए-खल्क में हैं। यह भी ईरान को एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने, मृत्युदंड समाप्त करने, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को समान अधिकार देने तथा परमाणु कार्यक्रम समाप्त करने जैसे वादे करता है, लेकिन इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि विवादास्पद है। 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान यह सद्दाम हुसैन का सहयोगी था, सो ईरानियों के मन में इसके प्रति अविश्वास ज्यादा है। रजा पहलवी की 'लोकतांत्रिक' महत्वाकांक्षाएं और मुजाहिदीन-ए-खल्क का 'क्रांतिकारी' एजेंडा, तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक वे आपसी मतभेद भुलाकर एक साझा विजन पेश न करें। मरियम रजवी या पहलवी जैसे नेता विदेशी मीडिया में भले ही चर्चित हों, लेकिन ईरान के अंदर उनकी वास्तविक राजनीतिक पकड़ सीमित है। वैसे भी तभी सत्ता में आ सकते हैं, जब अमेरिका जमीनी सेना उतारे। लेकिन जैसा कि अफगानिस्तान और इराक में देखा गया, ऐसी सरकारें कभी भी 'वैधता' हासिल नहीं कर पातीं।

तीसरा महत्वपूर्ण खिलाड़ी कुर्द संगठन हैं। ट्रंप इन्हें अपना मोहरा बनाना चाहते हैं। हाल ही में 'कोअलिशन ऑफ पॉलिटिकल फोर्सेज ऑफ ईरानी कुर्दिस्तान' नामक गठबंधन के तहत पांच प्रमुख कुर्द संगठनों ने मिलकर राजनीतिक मंच बनाकर कुर्दों के अधिकारों और स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं। रजा पहलवी जैसे विपक्षी नेता भी कुर्द संगठनों की आलोचना करते रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि विपक्ष के भीतर क्षेत्रीय स्वायत्तता जैसे मुद्दों पर गहरी असहमति है। ईरान में सत्ता संघर्ष जितना बाहर से दिखाई देता है, वास्तविकता उससे कहीं अधिक जटिल है। ईरान में सत्ता परिवर्तन यदि होता होगा तो वह किसी विदेशी हस्तक्षेप या निर्वासित विपक्ष के नेतृत्व में नहीं बल्कि व्यवस्था के भीतर से ही होगा। संभव है कि सत्ता संरचना में कुछ सुधारवादी तत्व उभरें या नया सर्वोच्च नेता अपेक्षाकृत व्यवहारिक नीतियों को अपनाए। ईरान को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो न तो विदेशी हमलों का समर्थन करे और न ही कट्टरपंथ का बल्कि जो ईरानी पहचान और संप्रभुता के आधार पर एक साझा मंच तैयार कर सके। भविष्य की सत्ता संरचना तय करने में समय, संघर्ष और आंतरिक राजनीतिक संतुलन की निर्णायक भूमिका होगी।

### सोशल मीडिया



असम के लिए बहुत खास दिन! बड़े इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ जरूरी वेल्फेयर पहल शुरू की गयी है। जिससे हमारे मेहनती किसानों व चाय बागान कर्मियों को बहुत फायदा होगा। पीएम मोदी.

# जीवन में समन्वय

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके गुरु, शिक्षक या किसी महापुरुष से मिली शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसी से जीवन के रास्ते तय होते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

# भागदौड़ भरे जीवन में गायब होती खुशी

लोकमित्र गौतम



अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस (20 मार्च) पर विशेष

वर्तमान में इंसान जितनी सुख-सुविधाओं से घिरा है, अब के पहले किसी भी दौर में इसकी कल्पना तक नहीं की गई। दुनियाभर के पौराणिक साहित्य में जिन स्वर्गों की कल्पना की गई है, आज धरती के इंसान के पास उससे भी कहीं ज्यादा सहूलियतें हैं। लेकिन हैरानी की बात ये है कि इंसान फिर भी खुश नहीं है। साल 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी इस बात पर गहराई से सोचा और खुशी की भूटान द्वारा तय की गई अवधारणा को न केवल वास्तविक खुशी के रूप में मान्यता दी बल्कि दुनियाभर को इस तरह की खुशी हासिल करने के लिए 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस मनाये जाने की घोषणा भी की। संयुक्त राष्ट्र ने इस संबंध में निर्णय लेते हुए यह माना कि आर्थिक विकास के साथ-साथ लोगों की खुशी और कल्याण की वैश्विक नीतियों का लक्ष्य ही वास्तविक खुशी होती है। इसकी बुनियाद में भूटान की जो खुशी संबंधी अवधारणा थी, वह खुशी को सकल घरेलू उत्पाद के रूप में मान्यता देने की थी। भूटान ने वास्तव में जीडीपी की जगह जीएनएच यानी 'ग्रॉस नेशन हैपीनेस' की अवधारणा प्रस्तुत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने इसे विश्व स्तर पर स्वीकार्य बनाने के लिए ही 20 मार्च को वैश्विक खुशी के दिन के रूप में मान्यता दी और तब से हर साल यह दिन मनाया जाता है।

विश्व खुशी दिवस के मौके पर हर साल एक वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट जारी की जाती है, जिसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों की कुछ निश्चित पैमानों के मुताबिक उनकी खुशी का आंकलन किया जाता है। इस पैमाने के तहत खुशी के लिए जो मानक तय किये जाते हैं, उसमें किसी व्यक्ति के लिए मौजूद सामाजिक समर्थन, उसकी आय और उसका जीवन स्तर, स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा, व्यक्तिगत आजादी, उस देश और समाज में भ्रष्टाचार का स्तर, वहां के लोगों के बीच आपसी विश्वास और जीवन संबंधी उदारता को पैमाना बनाया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले कई सालों से दुनिया के सबसे खुश देशों में फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडेन जैसे देश लगातार शीर्ष पर बने हुए हैं। क्योंकि इन देशों में बेहतर सामाजिक सुरक्षा, संतुलित जीवनशैली और सामुदायिक विश्वास को खुशहाली का मुख्य कारण माना जाता है। दुर्भाग्य से हमारे अपने देश की स्थिति इस रिपोर्ट में अपेक्षाकृत लगातार काफी नीचे रही है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या वास्तव में आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और मानसिक संतुलन पर भी ध्यान देना जरूरी है? विश्व खुशी दिवस केवल एक औपचारिक उत्सवभर नहीं है। यह आधुनिक जीवन की कई गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान दिलाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में आज करोड़ों लोग तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। आधुनिक जीवन में प्रतिस्पर्धा, नौकरी के दबाव, आर्थिक चिंताएं और सामाजिक अपेक्षाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे माहौल में खुशी और मानसिक संतुलन को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी हो गया है। चूंकि आज सफलता को लोग पद, पैसा और प्रतिष्ठा से जोड़ते हैं। लेकिन विश्व खुशी दिवस हमें याद दिलाता है कि जीवन की यह वास्तविक सफलता, मानसिक संतोष और रिश्तों की गर्माहट में ही होती है। देखने में आज सोशल मीडिया की वजह से लोग आपस में कहीं ज्यादा जुड़े दिखाई देते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि लोगों के बीच से सामाजिक संबंध आज बेहद कमजोर हो गये हैं। अकेलापन आज कई देशों में एक बड़ी सामाजिक समस्या बन चुका है। ऐसे में यह खुशी दिवस हमें परिवार, मित्रों और समाज के साथ वास्तविक जुड़ाव की अहमियत बताता है। किसी देश में चाहे जितना भी आर्थिक विकास हो गया हो, लेकिन अगर वहां लगातार तनाव रहता है, लोग अनेक किस्म के असंतोषों के साथ जी रहे होते हैं, तो वह विकास अधूरा है। इसलिए आज कई अर्थशास्त्री तथा नीति-निमार्ता जीवन की गुणवत्ता को विकास का महत्वपूर्ण मापदंड मानते हैं।



यही वजह है कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में लोगों के पास जीवन जीने के साधन चाहे जितने बढ़ गये हों, लेकिन वह खुशी के मामले में अतीत से काफी पिछड़े हुए हैं। मसलन मोबाइल फोन को ही लें, इसने हमारे रोजमर्रा के जीवन के कामकाज को तो आसान बनाया है, लेकिन लगातार इसके जरिये हम जितने ज्यादा लोगों के साथ संपर्क में रहते हैं, हमारे असंतुष्ट और तनावग्रस्त होने की उतनी ही बड़ी आशंका मौजूद रहती है। आज दुनिया के 97 फीसदी से ज्यादा लोग किसी न किसी वजह से अपने आपको इतिहास के किसी भी दूसरे समय के मुकाबले कहीं ज्यादा व्यस्त पा रहे हैं। यही कारण है कि आज दुनिया में आधे से ज्यादा लोगों का प्रकृति के साथ पहले जो सीधा रिश्ता हुआ करता था, वह रिश्ता पूरी तरह से खत्म हो गया है। जिन लोगों का थोड़ा बहुत रिश्ता बचा भी है, वह बेहद औपचारिक तथा लेनदेन का हो गया है। प्रतिस्पर्धा की लगातार बढ़ती आदत हमें प्राकृतिक रूप से खुश नहीं रहने देती। जबकि आधुनिक मनोविज्ञान काफी पहले यह साबित कर चुका है कि खुशी को केवल भावनात्मक अनुभव ही नहीं बल्कि मानसिक और जैविक प्रक्रिया भी समझा जाता है। जब हम खुश होते हैं तो वैज्ञानिकों के मुताबिक हमारे शरीर में से कई महत्वपूर्ण रसायनों का स्राव होता है, जैसे डोपामाइन जो हमें प्रेरणा और आनंद की स्थिति में ले जाता है तथा सेरोटोनिन जो मन को स्थिर और संतुलित बनाये रखता है। इसी क्रम में ऑक्सीटोसिन एक ऐसा रसायनिक स्राव है, जो हममें सामाजिक संबंधों और विश्वास से जुड़ें हार्मोन पैदा करता है, जिससे कि हम खुश रहते हैं और एक दूसरे के प्रति लगाव महसूस करते हैं। इसी तरह एंडोर्फिन भी इसी क्रम का एक हार्मोन है, जो खुश रहने पर हमारे शरीर में पैदा होता है और जिससे हम अपने दर्द को कम करने व खुशी को बढ़ाने में कामयाब होते हैं।

**खुशी का भारतीय दृष्टिकोण**

भारतीय संस्कृति दुनिया की उन कुछ गिनी-चुनी संस्कृतियों में से है, जो हमेशा खुशी के विचार की समर्थक रही है। भारतीय जीवन पद्धति में जिस संतोष की धारणा है, वह वास्तव में खुशी को महत्वपूर्ण थाती समझने के कारण ही है। उपनिषदों व भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में यह विचार मिलता है कि वास्तविक सुख बाहरी वस्तुओं से नहीं बल्कि मन की स्थिति से पैदा होता है। यही कारण है कि आज ज्यादातर सफल लोग ध्यान और माइंडफुलनेस को फिर से अपने जीवन की जरूरी गतिविधियों में शामिल करने लगे हैं। ये प्राचीन भारतीय परंपराएं आज न केवल दुनियाभर में फिर से लोकप्रिय हो रही हैं बल्कि लोग इनसे मानसिक तौरपर शांति महसूस कर रहे हैं। मगर सवाल है आखिर हम आज अपनी गतिविधियों में क्या जोड़ें कि हमारी खुशी बढ़ जाए? विश्व खुशी दिवस हमें यह सोचने और तलाशने का मौका देता है कि आखिर हम क्या वो उपाय अपनाएं, जिनसे हमारी खुशी का स्तर और दायरा बढ़े? इस पर लंबे विचार-विमर्श के बाद जिन कुछ स्थितियों पर साझी सहमति बनी है कि उन्हें अपनाने से हम अपने जीवन में खुशियों का ग्राफ ऊपर उठा सकते हैं, वे कुछ इस तरह से हैं-

- नियमित व्यायाम और योग करें।
- परिवार और मित्रों के साथ समय बिताएं।
- कुदरत के नजदीक रहें।
- मन में कृतज्ञता की भावना विकसित करें।
- सोशल मीडिया से जितना दूर रह सकते हैं, उतना रहें और हां, मौका मिलने पर दूसरों की मदद जरूर करें।

शोध बताते हैं कि इन चीजों को अपने जिंदगी में शामिल करने से 90 फीसदी लोगों के जीवन में खुशियों की तादाद बढ़ जाती है। इसलिए इस खुशी दिवस के मौके पर हर किसी को यह अपने मन में गांठ बांध लेनी चाहिए कि जीवन की असली सफलता और उपलब्धियां कहीं पहुंच जाना भर नहीं है बल्कि कहीं पहुंचकर भी खुश और संतुलित जीवन बिताना ही सही मायनों में जिंदगी की समग्र खुशी है।

## आप की बात

### शिक्षा का स्तर सुधारें

मदरसा एक शिक्षा संस्थान हैं और लाखों का बच्चों एवं देश का इससे भविष्य जुड़ा है। इसलिए सरकार को इनको ठीक करने, इनको सुधारने के लिए हर तरह से प्रयास करना चाहिए। लेकिन कुछ लोग होते ही ऐसे हैं जो इसी ताक में रहते हैं कि विवाद का कोई मौका मिले जिसमें पैर अड़ाकर वे अपनी मौजूदगी का प्रदर्शन कर सकें। राजनीति में तो खैर अधिकांश इसी वर्ग से आते हैं। इसीलिए नेता किसी मुद्दे पर चाहे जितना बोलें, चाहे जितने बहस, विश्लेषण करें, लेकिन कभी सच नहीं बोलेंगे। वे जितना अधिक बोलेंगे, उतना ही उलझाते रहेंगे और लोग उसमें उलझते, फंसते व भ्रमित होते रहेंगे। सियासत का इसी में स्वार्थ है और सियासी लोग ऐसे ही अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। शिक्षा के साथ कोई भी सियासत नहीं होनी चाहिए। मदरसा में लाखों छात्र बढ़ते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इनमें शिक्षा और प्रशिक्षण का स्तर सुधारें ताकि यहां पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर स्किल और प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### औद्योगिक प्रशिक्षण

देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार कौशल विकास मिशन चला रही है लेकिन एक लंबे समय से इसकी गतिविधियां ठप हैं। कोरोना काल में दो वर्ष तक सब कुछ ठप रहा। ऐसे में रोजगार सृजन बहुत जरूरी है इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और सबको प्रशिक्षण का अवसर देना चाहिए। शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं जैसे-जैसे बढ़ रही हैं उसी गति से देश में कुशल एवं शिक्षित श्रम तैयार हो रहा है और देश के श्रमबल में हर साल बड़े पैमाने पर नये युवा जुड़ रहे हैं लेकिन इनके रोजगार के लिए कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बेरोजगारी बड़ रही है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाना और सबके लिए काम की व्यवस्था करना भारत और राज्यों के सरकारों की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास मिशन और मुद्रा योजना चला रही है लेकिन देखने में यह आया है कि बैंक बड़े-बड़े लोन तो आसानी से दे देते हैं और डूबा भी बैठते हैं लेकिन बेरोजगार युवाओं को कारोबार शुरू करने के लिए एक-दो लाख का लोन देने में बड़ी अनाकानी करते हैं। इसलिए सरकार को स्वयं कर्ज उपलब्ध कराना चाहिए।

**आलोक कुमार भट्ट, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसएसवी में प्रवेश के लिए 16 से मिलेगा आवेदन फॉर्म

**अयोध्या।** एसएसवी इंटर कॉलेज में नए सत्र 2026- 27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन फॉर्म 16 मार्च से विद्यालय अवधि में प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन की आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद आवेदन को उसी दिन विद्यालय में जमा करना होगा। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि प्रवेश फार्म भरने के लिए दो फोटो सहित छात्र के शैक्षिक विवरण की ही आवश्यकता होगी।

उन्होंने बताया कि कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 में ही इस वर्ष प्रवेश होंगे। प्रवेश परीक्षा अप्रैल माह में आयोजित होगी। कक्षा 11 के गणित, जीवविज्ञान, वाणिज्य वर्ग के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम तथा कला वर्ग, व्यावसायिक वर्ग के हिंदी माध्यम के सभी आंतरिक और वाह्य छात्रों को प्रवेश के परीक्षा में शामिल होना होगा। वर्तमान सत्र में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए कक्षा आठ उत्तीर्ण आंतरिक विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी। डॉ.तिवारी ने बताया कि कक्षा 10 और 12 के लिए नए सत्र में स्थान रिक्त नहीं होने की वजह से प्रवेश परीक्षा संभव नहीं है।

# स्वच्छता के शिखर पर 19 को नजर आयेगी रामनगरी

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 19 मार्च को जब श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र स्थापित कर रही होंगी, उस वक्त मंदिर परिसर से बाहर पूरे नगर की छटा भी अलौकिक नजर आएगी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले हजारों अतिथि एवं लाखों श्रद्धालु रामनगरी की दिव्यता के साथ स्वच्छता के पैमाने पर मॉडल नगर निगम का अक्स जेहन में उतार कर लौटें, इसके लिए नगर निगम खास तैयारी कर रहा है। नगर निगम के तिलक हाल में आयोजित तैयारी बैठक में 19 मार्च को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राष्ट्रपति के आगमन एवं आयोजित किया जाएगा। मंदिर परिसर के अलावा इन स्थलों पर आगंतुकों के भ्रमण की संभावना अधिक है। इसके साथ ही अतिथियों के ठहरने के लिए चिन्हित

- महापौर ने राष्ट्रपति के आगमन को लेकर की तैयारी बैठक
- 20 पार्किंग स्थलों पर नगर निगम करेगा प्रकाश का इंतजाम
- आगंतुकों को रास आएगी सरयू तट, रामपैड़ी एवं मंदिरों की छटा

समारोह के मद्देनजर जन सुविधाओं को बेहतर बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अधिकारियों को नगर के सभी अंडरपास, बृहस्पति कुंड, लता चैक, राम की पैड़ी, सरयू तट पर एवं सजावट के खास निर्देश दिए हैं। यहां पेयजल का भी इंतजाम किए गए स्थलों, वाहन पार्किंग स्थलों, भंडारा स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, टैक्सी स्टैंड पर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय किया गया है।

इस दौरान फुटपाथ पर अतिक्रमण न रहे, इसका ध्यान रखने के लिए प्रवर्तन दल को हिदायत दी गई। महापौर ने 20 पार्किंग स्थलों पर सफाई एवं प्रकाश का प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अतिथियों को कूड़ा-करकट तथा सड़क पर आवागमन के समय धूल का सामना न करना पड़े, इसके लिए सफाई के साथ ही पानी का छिड़काव भी किया जाय। उन्होंने कहा कि नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव 17 मार्च तक कर लिया जाय।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि रैन बसेरा एवं वाटर एटीएम की आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं सफाई भी सुनिश्चित हो। साढ़े आठ किलोमीटर लंबे आवागमन मार्ग पर सफाई, मोबाइल टॉयलेट एवं पेयजल के लिए टैंकर उपलब्ध रहने का निर्णय लिया गया। मार्ग पर लगभग 20 जगह संस्कृतिक कार्यक्रम के मंचन की व्यवस्था होगी, जहां सफाई और पेयजल का विशेष इंतजाम रखना होगा। इस मार्ग को पौधों से भी सजाया जाएगा। भंडारा स्थल पर पेयजल की व्यवस्था और सफाई के लिए कर्मचारी तैनात करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राममणि शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, सभी जोनल अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आज से

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च को चार पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4080 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में राजकीय पॉलिटेक्निक (मुमताजनगर लखनऊ रोड) पर 240 और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में भी 240 अभ्यर्थियों की व्यवस्था की गई है। मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज कैंट में 240 , एसएसवी इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला में 480 और विमला देवी वर्मा श्याम लाल राजकीय इंटर कॉलेज कंधारी बाजार रिकाबगंज, बापू बालिका इंटर कॉलेज सहाबगंज और साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज रामपथ अमानीगंज में भी 240-240 अभ्यर्थियों की परीक्षा कराई जाएगी।

## अवध विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में पारम्परिक ज्ञान एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भारतीय ज्ञान प्रणाली की भूमिका विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या कुलपति प्रो0 डा0 बिजेन्द्र सिंह, प्रो0 डा0 बी0पी सिंह, डा0 जयशंकर प्रसाद, डा0 मंजुल त्रिवेदी, लॉ कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुवेर्दी ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि आधुनिक भारतीय शिक्षा और संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा प्रस्तावित समावेशी विकास के आलोक में यह स्पष्ट किया कि शिक्षा और समाज दोनो एक सिक्के के दो पहलू हैं। बिना एक के दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती है। कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष डा0 चतुवेर्दी ने कहा कि यह संगोष्ठी भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए मील का पत्थर साबित होगी। क्योंकि इस दो दिवसीय संगोष्ठी में कुछ ऐसा विचार निकलकर सामने आयेगा जो परम्परा के आधार पर आधुनिकता को स्थापित करेगा। कार्यक्रम मे प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, प्रवक्ता डा0 वीर विक्रम सिंह, मुख्य वक्ता डा0 मंजुल त्रिवेदी, डा0 अविनाश मिश्रा, डा0 शिव शरन, डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, डा0 मंजय कुमार यादव, डा0 अमजद अंसारी, डा0 प्रमोद कुमारण पाण्डेय, डा0 धर्मेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ सिलेंडर सर पर रख आप ने किया प्रदर्शन



**बाराबंकी।** वर्तमान समय में देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से गंभीर रूप से परेशान है। यह महंगाई केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम है। जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर में 120 रुपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उक्त उद्गार पटेल तिराहे पर लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ के बीच विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यक्त किये। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय को सौपा गया। तथा देश की आम जनता को बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने हेतु केंद्र सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नफीस अंसारी, अफसाना बानो, अरविंद यादव, रवि पांडे, राजू शुक्ला, राजेंद्र पांडे, मिंटू, दीक्षानन्द, अजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला कारागार से फरार दो शातिर अपराधियों का नहीं मिला सुराग

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** जिला कारागार से फिल्मी अंदाज में फरार हुए दो शातिर अपराधियों की तलाश में पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। घटना को करीब डेढ़ महीना बीत जाने के बाद भी दोनों आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।जानकारी के

- पुलिस ने दोनों पर घोषित किया 25-25 हजार का इनाम

अनुसार 28 जनवरी को जिला जेल से सुल्तानपुर निवासी गोलू अग्रहरी और अमेठी निवासी शेख अली कंबलों को आपस में बांधकर रस्सी बनाते हुए जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे।

घटना सामने आने के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। इस मामले में कोतवाली नगर थाने में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दोनों फरार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने अदालत से दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी प्राप्त कर लिया है। वहीं इस घटना के बाद जेल प्रशासन पर भी कार्रवाई हुई थी। सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर जेल अधीक्षक समेत 12 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था।

# कानून और शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम ने संभाली कमान

जिला संवाददाता

**बहराइच।** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमे की नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नानपारा प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इस दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने

- नानपारा में पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च



स्वयं कमान संभालते हुए पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

अपने सक्रिय, संवेदनशील और सख्त प्रशासनिक कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली एसडीएम मोनालिसा जौहरी पूरे समय क्षेत्र में मौजूद रहीं और हर एक व्यवस्था को स्वयं परखती नजर आईं। उन्होंने प्रमुख नमाज स्थलों, भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम की सख्ती भी साफ दिखाई दी। नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा सड़क के बाहर तक सामान रखे जाने से यातायात प्रभावित होता देख एसडीएम का पारा चढ़ गया और एसडीएम ने मौके पर ही दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क पर रखा सामान तत्काल हटाकर दुकान के अंदर रखा जाए, क्योंकि ऐसे अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए दुकानदारों से कहा कि यदि अगली बार मुझे किसी भी दुकान का सामान बाहर सरकारी सड़क पर रखा मिल गया तो उसको जब्त कराकर थाने भिजवा दूंगी

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रशासन की पहली प्राथमिकता शांति व्यवस्था, सुरक्षा और सुचारू यातायात बनाए रखना है। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की। एसडीएम की सख्त व सतर्क निगरानी एवं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते नानपारा क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

## एपीके फाइल भेज मोबाइल किया हैंक, साइबर सेल ने करवाये 2,70000 वापस




**बाराबंकी।** एपीके फाइल भेज मोबाइल हैककर खाते से रुपये उडाने वाले ठगो से साइबर सेल टीम ने पीड़ित को रकम वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित रामकौशल पुत्र रामलखन निवासी ग्राम मुरादाबाद थाना देवा ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर खाते से 10 लाख रुपए निकाल लिये जाने को लेकर शिकायती प्रार्थना दिया। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, हे0का0 नीरज यादव, का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव, का0 अभिषेक चपराणा, अंकित कुमार की टीम ने त्वरित कार्यवाही कर पीड़ित को 2,70,000 रुपयो को खाते मे वापस करवाया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने पीड़ित महिलाओं की सुनीं समस्याएं



**बाराबंकी।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार मे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता मे महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग की सदस्या के समक्ष कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

जिसका संज्ञान लेते हुये त्वरित निस्तारण कराये जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम मे महिला आयोग की सदस्या श्रीमती प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और

- महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुन करे त्वरित कार्यवाही: अंजू प्रजापति
- 5 शिकायती प्रार्थना का संज्ञान लेते हुए दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

बालिकाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग और सशक्त बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों को हल्के में न लें, बल्कि गंभीरता से समयबद्ध कार्रवाई करें। इसके उपरान्त महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग के संचालित योजनाओं की समीक्षा की। तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1076, 112, 1090, 1098,1930 और 181, 102, 108, 101 जैसी टोल फ्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। बैठक मे जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी, महिला थानाध्यक्ष सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गयी जुमे की नमाज



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में अलविदा जुमा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। अयोध्या शहर की टाट शाह मस्जिद में शहर

- पूरी दुनिया में अमन और शांति के लिए मांगी गई दुआ

इमाम मौलाना समसुल कादरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा की।

नमाज के बाद शहर इमाम मौलाना समसुल कादरी ने कहा कि नमाज के दौरान पूरी दुनिया में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी गई। उन्होंने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भी अल्लाह ताला से दुआ की गई कि युद्ध जल्द समाप्त हो और सभी लोग अपने-अपने मुल्क में आजादी और सलामती के साथ रह सकें।उन्होंने कहा कि भारत अमन, चैन और भाईचारे का देश है, जहां सभी धर्मों के लोगों को अपने-अपने त्योहार मनाने की पूरी आजादी है।

उन्होंने अयोध्या जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था के साथ नमाज अदा कराई।साथ ही उन्होंने बताया कि यदि गुरुवार को चांद दिखाई नहीं देता है तो शुक्रवार को एक और अलविदा की नमाज अदा की जाएगी और ईद शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं अगर गुरुवार को चांद नजर आता है तो ईद जुम्मे के दिन ही मनाई जाएगी।

## नपाप अध्यक्ष और प्रतिनिधि मंडल ने ईदगाहों का किया निरीक्षण



**बहराइच।** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच सुधा टेकड़ीवाल व प्रतिनिधि श्याम करण टेकड़ीवाल ने आगामी ईद त्यौहार को लेकर आज सालारगंज और दरगाह स्थित ईदगाहों का निरीक्षण कर जरूरी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ में सालारगंज सभासद सुरेशगुप्ता व ,दरगाह सभासद चांद बाबू उपस्थित रहे

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## जिला शिक्षा परियोजना समिति के साथ डीएम ने की बैठक



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला शिक्षा परियोजना समिति के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की

- शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने विकास खण्ड के जहाँ विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर सामान्य से कम है, वहां के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित कर ठोस कार्ययोजना बनाते हुए प्रगति सुनिश्चित कराएं। कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान तथा जिन बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार हुआ है, उन्हें प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों का निस्तारण आवश्यक रूप से कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, विद्यालय निरीक्षण एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी शामिल रहे।

## त्रैमासिक जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार की देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (डीडीसी)/जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा सहभागिता की गयी।



बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा सीडी रेशियों, प्राथमिक क्षेत्र के ऋणों के अंतर्गत सभी योजनाओं की चर्चा की गयी। बैठक में सीडी रेषियों वाले सभी बैंकों को अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर योजनाओं में सफल उद्यमी पहचान करने को कहा गया। बैठक में छोटे ऋणों को देने के लिए बैकों के निर्देष दिये गये। बैठक में सीएम युवा, एमवाईएसवाई, ओडीओपी, एसएचजी,पीएमएफएमई, केसीसी व फिषरीज आदि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रतापूर्वक निस्तारित करने एवं अनावश्यक आधार पर आवेदनों को रिजेक्ट न करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा एनआरएलएम की पत्रावलियों को बैंकों से गुण-दोष के आधार पर निस्तारित कराने हेतु निर्देषित किया गया। डीएम ने निर्देष दिया कि सभी प्रशिक्षण संस्थाओं से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की सूची मा. जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराये जाने का निर्देष दिया गया। बैठक में उद्योग केंद्र द्वारा ऋण आवेदन कराकर रोजगार के अवसर मुहैया कराने हेतु बल दिया गया। डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, पशुपलान, मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संबंधित पात्र व्यक्ति समाज के निचले वर्ग के लोग है इसलिए सभी विभाग व बैंक समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद के लिए आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं ताकि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों एवं परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। बैठक के अन्त में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा बैंकों को सरकारी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बल दिया गया।

## 40 छात्राओं का दल भोपाल हुआ रवाना




**बहराइच।** शुक्रवार को शहर स्थित पीएम श्री जीजीआईसी में पीएम श्री योजना के अन्तर्गत आउट ऑफ स्टेट एक्सपोजर विजिट के अन्तर्गत 13 से 17 मार्च से 5 दिवसीय एक्सपोजर विजिट-2026 हेतु पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज बहराइच की 40 छात्राओं के दल को विद्यालय से जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु यादव ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के लिए नोडल प्रभारी दीपिका चौरसिया व सह नोडल प्रभारी ममता यादव को नामित किया गया हैं ?। जिनकी देखरेख में छात्राओं को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइल सांइस भोपाल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च इन्वारमेटल हेल्थ भोपाल व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एजूकेशन और रीसर्च भोपाल सम्मिलित हैं ?। शैक्षिक भ्रमण रवाना होने से पूर्व सभी छात्राओं को बैग,डायरी, पेन, बोतल व किट वितरित किया गया। इस अवसर पर किरन देवी,साहिस्ता खान व कीर्ति गोस्वामी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

संक्षेप

## अलविदा जुम्मा की नमाज शांतिपूर्वक अदा

**सलोन, रायबरेली।** रमजान के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुम्मा की नमाज मस्जिद उस्मान खान सहित कस्बे में शांतिपूर्ण वातावरण में अदा की गई। इस अवसर पर मस्जिद के इमाम मौलाना सऊद अली खान ने नमाजियों को अपने संबोधन में कहा यह पवित्र महीना एक दूसरे के लिए प्यार मोहब्बत भाई चारे दया और अहिंसा की प्रेरणा देने के साथ साथ मानवीय संदेशों से भरा हुआ है। इस महीने में गरीबों, लाचारों जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ गुनाहों से बचने अच्छाई को बढ़ावा देने का और अधिक मौका मिलता है। हमें चाहिए कि जिस प्रकार हम रमजान में बुराइयों से बचने का प्रयास करते हैं शेष 11 महीने में इसका अनुकरण करना चाहिए। रमजान समाज में एक मैत्रीपूर्ण और सद्भावना का माहौल पैदा करता है। साथ ही देश में सामाजिक ताने बाने को मजबूत करता है। नमाज के बाद सभी नमाजियों ने मुल्क में अमन भाईचारा शांति कायम रखने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर निजामुद्दीन अंसारी, मुतवल्ली अशरफ खान मेवाती, सलीम राइन, मौलाना सलमान नदवी, मोहम्मद अयूब खान, मोहम्मद साकिब, अली अहमद मोहम्मद इस्माइल सहित भारी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश, क्षेत्राधिकारी यदुवेन्द्र पाल, कोतवाली प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

## घर से चोरी बाइक जंगल से बरामद

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र की यह घटना साबित करती है कि अगर पीड़ित समय पर सूचना दे और पुलिस के साथ सक्रिय भूमिका निभाए, तो सफलता की संभावना बढ़ जाती है। वहीं रोहित सिंह के घर के सामने (रेलवे क्रॉसिंग के पास, हरचंदपुर) से बाइक चोरी हुई थी। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर परवेश तुषार और उनकी टीम ने पीड़ित के साथ मिलकर खोजबीन शुरू की। महज 24 घंटे के भीतर घटनास्थल से 7 किलोमीटर दूर गोझारी के जंगल से बाइक बरामद कर ली गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण में जनमानस की जागरूकता और सक्रियता भी उतनी ही जरूरी है जितनी पुलिस की कार्रवाई।

## शिव कुमार ने विद्यालय को दियेदो कूलर दान

**रायबरेली।** जगतपुर विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोझइया भीष्म शाह के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस, कार्यक्रम में छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया राजस्थानी डांस बूमरो बूमरो ने शमां बांध दिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह व जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना रहे। विशिष्ट अतिथि बीइओ अरविंद सिंह एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के शिक्षक शिवकुमार सिंह ने निजी कोष से कक्षा एक और दो के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दो बड़े कूलर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार को सौंपा। जिपं सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को सहायक शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप दी जाएगी। ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह ने नकद पारितोषिक देकर के विद्यार्थियों का मान बढ़ाया।

# अदिति सिंह ने 568.02 लाख से बने पुल का किया लोकार्पण

## क्षेत्र के एक दर्जन ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात




**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड अमावां में क्षेत्रीय विधायक अदिति सिंह ने नाबार्ड वित्तपोषित योजना के तहत 568.02 लाख की लागत से निर्मित पुल का लोकार्पण किया। यह पुल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। वर्षों से लकड़ी के पुराने और जोखिम भरे पुल से आवागमन करने वाले लगभग दर्जनों गांवों के लोगों को अब सुरक्षित, मजबूत और चौड़ी सड़क से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे दैनिक आवाजाही, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों, किसानों की फसल ढुलाई, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक वाहनों का आवागमन आसान हो जाएगा। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि यह परियोजना ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करने वाली साबित होगी, क्योंकि बेहतर कनेक्टिविटी से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, बाजार तक पहुंच आसान होगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

लोकार्पण समारोह के दौरान विधायक अदिति सिंह ने कहा, आप सभी का स्नेह, सम्मान और विश्वास ही हमें निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस परियोजना को क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग का सफल समाधान बताया और भविष्य में भी ऐसे ही विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर रामपुर बघेल के सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ होली मिलन समारोह में भी विधायक ने सहभागिता की। उत्सव के माहौल में लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। सदर विधायक ने कहा कि यह परियोजना योगी सरकार की ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूती और नाबार्ड के सहयोग से चल रही योजनाओं का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रायबरेली सदर क्षेत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनी शिकायतें

**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपयोगी रहा स्कूली बच्चों का शैक्षिक भ्रमण

**नसीराबाद,रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के विज्ञान एवं गणित विषय की क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 100 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी के भ्रमण पर भेजा गया। शैक्षिक भ्रमण के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह से प्रातः छात्र-छात्राओं की टोली इंदिरा गांधी उड़ान अकादमी के लिए रवाना हुई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विमानन क्षेत्र की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे उनमें विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि और जागरूकता में वृद्धि हुई।

## अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न, प्रशासन रहा मुस्तैद



**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अंतर्गत कस्बा शुकुल बाजार के साथ-साथ महोना गांव में जुमे की अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न हुई। नमाज के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह तथा थाना अध्यक्ष बाजार शुकुल विवेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक टीम ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। नमाज के समय मस्जिदों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा की। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से कस्बा शुकुल बाजार और महोना गांव में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई तथा पूरे क्षेत्र में भाईचारे का माहौल बना रहा।

## रसोई में लौटी पुरानी परंपरा, गैस की किल्लत से महिलाएं फिर बनाने लगीं मिट्टी के चूल्हे

**शुकुल बाजार, अमेठी।** रसोई गैस के बढ़ते दामों और समय पर सिलेंडर न मिलने की परेशानी से ग्रामीण परिवार जूझ रहे हैं। इसका असर अब गांवों की रसोई में साफ दिखाई देने लगा है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं फिर से मिट्टी के चूल्हे बनाने लगी हैं और लकड़ी, उपले तथा सूखी टहनियों से खाना पकाने का पुराना तरीका अपनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 900 से 950 रुपये तक पहुंच गई है, जिससे हर महीने सिलेंडर भरवाना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोग जरूरत के समय ही गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि रोजमर्रा का खाना मिट्टी के चूल्हे पर ही पकाया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि कुछ साल पहले तक गैस कनेक्शन मिलने से चूल्हों का चलन लगभग खत्म हो गया था, लेकिन महंगाई ने गांव की रसोई में एक बार फिर पुराने चूल्हों की लौ जला दी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत मायके पक्ष ने लगाये गंभीर आरोप



**चांदा, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुकुल उमरी गांव निवासी कपिला धुरिया (पत्नी रामबली) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला छत से नीचे गिर गई थी।, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएँ भी हो रही हैं। मृतका के तीन बेटे हैं–आदित्य, प्रियांशु और दीपांशु। इनमें से एक बेटा विकलांग भी है। मृतका का मायका राजा पट्टी लोटिया में स्थित है। परिजनों के अनुसार परिवार में पहले से ही विवाद की स्थिति बनी रहती थी। और महिला को परेशान किए जाने की बात भी सामने आ रही है। मायके पक्ष ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही चांदा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## सीएम ने 'अवध केसरी' पत्रिका का किया विमोचन

**रायबरेली।** राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 5 कालीदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट की। समिति की ओर से मुख्यमंत्री को उनकी सफल जापान एवं सिंगापुर यात्रा के लिए धन्यवाद वशुभकामनाएं ज्ञापित की गईं। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद रायबरेली के विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं और प्रस्तावों से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। इसमें विशेष रूप से जनपद में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण तथा हैदरगढ़ स्थित शुगर मिल के बंद होने से किसानों को हो रही गन्ना उठान की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया।



राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका अवध केसरी का मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा विधिवत विमोचन भी कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद रायबरेली के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक के प्रकाशन की शुभकामनाएं दी और प्रसन्नता जताई कि समिति बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। पत्रिका के दसवें अंक के बारे में पत्रिका के उपसंपादक आरबी सिंह ने बताया कि अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह द्वारा हम सबको अंग्रेज आक्रांताओं से मुक्ति दिलाने के लिए किए गए संघर्ष के बारे में लेखकों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई है। इसके साथ ही 1857 में साहित्यकारों ने भी देश की आजादी में अपनी कलम के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसका भी विवरण इस अंक में विस्तार से दिया गया है। समिति का उद्देश्य है कि अवध केसरी पत्रिका के माध्यम से जन-जन तक 1857 क्रांति में अमर शहीद हुए योद्धाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना, उस समय किन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए संघर्ष किया गया था, उसके बारे में लोगों को बताना और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करना है। समिति का प्रयास निरंतर अमर शहीद के परिजनों का सहयोग करना और उनके द्वारा किए गए कार्यों से हर किसी को अवगत कराना है। जिससे देश का भविष्य राष्ट्रहित का चिंतन करें, आध्यात्मिक धार्मिक के साथ ही देश के विकास में अपनी भूमिका निभाए।

## अकीदत के साथ अदा की अलविदा जुमे की नमाज, अमन व शांति के लिए की गयीं दुआएं

**जगदीशपु,अमेठी।** मुकद्दस रमजान माह के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज परंपरागत व अकीदत के साथ अदाकर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। जिम्मेदार अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जहां मस्जिदों के बाहर बंदोबस्त के लिए स्थानीय पुलिस बल मुस्तैद रहा। मुबारक माह रमजान में आखिरी जुमा में अलविदा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नमाज अदा करने से पूर्व मस्जिद के इमाम ने गुनाहों की मगफिरत के लिए खुदा से दुआएं की। अलविदा की नमाज से पहले बताया गया कि मुकद्दस माह रमजान का महीना अल्लाह के करम से हमको मिला। अलविदा जुमा का विशेष महत्व है आज का दिन तमाम दिनों का सरदार है। इस दिन माफी मांगने से अल्लाह हमारे सारे गुनाह माफ कर देता है अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों से खचाखच भरी रही। जहां बड़ी संख्या में रोजादारों ने विभिन्न मस्जिदों में देश की शांति,प्रगति और खुशहाली के लिए नमाज अदा की। जगदीशपुर क्षेत्र के रानीगंज, वारिसगंज, देवकली, इमलीगांव, माहेमऊ, सिधियांवा, बड़ागांव,हारीमऊ,निहालगढ़, पालपुर,जाफरगंज, कमरौली, कठौरा,सिन्दुरवा, कोईराला मुबारकपुर,दौलतपुर लोनहट, पूरबगांव,बाबागंज,गडारियाडीह ,बाबूपुर सरैया,मलांवा,नियांवा व पूरेगौहर व हारीमऊ आदि मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग अलविदा जुमा की नमाज अदा करने पहुंचे। अलविदा माहे रमजान से जुड़ी तमाम बातों पर उलेमाओं ने रोशनी डाली। उन्होंने अपनी तकरीर में कहा कि अब रमजान का आखिरी पड़ाव सामने है जिन लोगों ने गरीबों,मजलूमों यतीम व फकीरों को जकात व सदका-ए-फितर नहीं दिया है उन्हें अविलम्ब अदा कर दें।

## अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा



**जयसिंहपुर, सलतानपुर।** रमजान के अंतिम शुक्रवार को क्षेत्र भर में अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और अमन के माहौल में अदा की गई। जयसिंहपुर क्षेत्र की सभी प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के दौरान लोगों ने मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआएं मांगीं। गंगेव, जयसिंहपुर बाजार समेत क्षेत्र की कई मस्जिदों में दोपहर से पहले ही नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। नमाज के समय मस्जिदों और उसके आसपास का इलाका पूरी तरह गुलजार नजर आया। बड़ी संख्या में लोगों ने अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में नमाज अदा की। अलविदा जुमे के मद्देनजर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह, क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी और कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने गंगेव, जयसिंहपुर बाजार सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने मस्जिदों के आसपास तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और भीड़ प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर और मुख्य मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। प्रशासन की सक्रियता के चलते प्आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि अलविदा जुमे को लेकर मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को रमजान के अंतिम अशरे की मुबारकबाद दी और ईद की तैयारियों को लेकर भी बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई।

## धोखाधड़ी से दोबारा बेचने व कब्जा करने के प्रयास में न्यायालय के आदेश पर 3 के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के उसरहा निवासी एक विधवा महिला की भूमि को धोखाधड़ी से दोबारा बेचने और कब्जा करने के प्रयास में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता राज कुमारी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके दिवंगत पति सालिकराम ने पूर्व में कुसुढीसागरपुर स्थित गाटा संख्या 982 का एक प्लॉट सन्त प्रसाद और सन्त कुमार से खरीदा था। पीड़िता का आरोप है कि जब उनके पति बीमार थे, तब सन्त प्रसाद और सन्त कुमार ने छल-कपट करते हुए जमीन का कुछ हिस्सा एक अन्य व्यक्ति शंकरन को बेच दिया। इस विवाद को लेकर सालिकराम ने न्यायालय में वाद दायर किया था। 14 अप्रैल 2017 को न्यायालय ने पीड़िता के पक्ष में आदेश देते हुए विपक्षियों को जमीन पर कब्जे और दखलंदाजी पर रोक लगा दी। बावजूद न्यायालय के स्थगन आदेश के भूमाफिया राकेश कुमार ने सांठगांठ कर 24 दिसम्बर 2025 को तथ्यों को छिपाते हुए उसी जमीन का दोबारा बैनामा करा लिया गया। राज कुमारी ने बताया कि जमीन हड़पने की इस साजिश के खिलाफ उन्होंने महराजगंज थाना, पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर भी गुहार लगाई थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद महराजगंज पुलिस एक्शन मोड में आई है। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सन्त प्रसाद, सन्त कुमार और राकेश कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

## नमाज के दौरान सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** शुक्रवार को मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस ने अलविदा की नमाज के दौरान व्यापक स्तर पर सुरक्षा के बंदोबस्त किए। अलविदा की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च करते हुए ड्रोन से मस्जिद के आसपास के क्षेत्र पर नजर बनाए रखी। शुक्रवार को रमजान महीने के आखिरी जुमा को होने वाली अलविदा की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने पूरी सतर्कता बरतते हुए पुलिस की टीमें संवेदनशील स्थानों पर सक्रिय रही। मुसाफिरखाना कस्बे व आसपास के इलाकों के साथ अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सक्रिय रही। उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया सीओ अतुल सिंह कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने प्रशासन के साथ स्थानीय कस्बे व आसपास के इलाकों में फ़्लैग मार्च करते हुए लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण भावनाओं के साथ मानने की अपील की। पुलिस टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही। वही भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल के नेतृत्व में कस्बा वारिसगंज रानीगंज व दौलतपुर लोनहट मय पुलिस फोर्स फ़्लैग मार्च किया। इसके साथ ही पुलिस ने मस्जिद के आसपास इलाकों में ड्रोन से क्षेत्र का निरीक्षण किया।

## गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गैस सिलेंडर की कमी होने का बाजार गरम होने के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय कस्बे के इसौली रोड स्थित अली इंडेन गैस एजेंसी व दादरा रोड स्थित आशीष गैस एजेंसी पर सुबह से ही सिलेंडर लेने वालों की भीड़ जमा हो गई। जिसके कारण लंबी कतारें लग गई। कई उपभोक्ता बिना गैस सिलेंडर के लिए अपनी बारी का इंतजार करते करते थक गए और खाली हाथ वापस घर लौट गए। अचानक से मांग बढ़ने के कारण उपभोक्ताओं के सामने समस्या उत्पन्न हुई है। जबकि संचालकों का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। गैस सिलेंडर को लेकर उड़ रही अफवाहों से लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। ग्राहकों का कहना है कि बुकिंग व वितरण की ऑनलाइन प्रणाली धीमी रहने से उपभोक्ताओं को इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग दर्ज होने के बाद मोबाइल नंबर पर ओटीपी देरी से पहुंच रही है।

# हॉकी व हैंडबॉल में स्टेडियम के खिलाड़ियों का दबदबा

**सुलतानपुर।** खेल निदेशालय के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कई खेलों के आयोजन किए गए, क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की देखरेख में आयोजित की गई, आज जूनियर बालक बालिका वर्ग में जूडो, बालिका वर्ग में कुश्ती, हॉकी हैंडबॉल बालक वर्ग में बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, उद्घाटन सभासद रमेश सिंह एवं हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह द्वारा किया गया दिन भर चली प्रतियोगिता का समापन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू एवं निसार अहमद राजा द्वारा किया गया ल। प्रतियोगिता में हैंडबॉल बालिका में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ने डीवीए को 18-15 से हराया हॉकी बालिका में फाइनल मुकाबला स्टेडियम ए और स्टेडियम बी के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम ए ने 5-2 से जीत दर्ज की कबड्डी बालक में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया फाइनल मुकाबला राज एकेडमी और बेसिक नारायणपुर के बीच खेला गया, जिसमें राज एकेडमी ने 25-11 से जीत दर्ज की कुश्ती बालिका 40 किलो में अंशिका रही प्रथम 43 किलो में स्वाती रही प्रथम वहीं 46 किलो भार वर्ग में नैंसी बनी विजेता 49 किलो रुचि बनी विजेता, 53 किलो में वैष्णवी रही प्रथम 57 किलो में आरती रही विजेता जूडो बालक 40 किलो में लकी प्रथम 45 किलो में आदित्य वहीं 55 किलो भार वर्ग में विनय रहे प्रथम, जूडो बालिका में 60 किलो में तनु प्रथम, 63 किलो भार वर्ग में वसुंधरा बनी विजेता ' बैडमिंटन बालक में पंद्रह वर्षीय वर्ग में अक्षत शुक्ला ने तरुण कसौधन 21-12 से हराकर जीत दर्ज की, अंडर 19 एकल में आकाश तिवारी ने अक्षत शुक्ला को 21- 17 से हराकर जीत दर्ज की। 15 वर्षीय डबल्स में अक्षत और तरुण की जोड़ी ने वैभव और आर्यन यादव को 21-12 से हराया। अंडर 19 डबल्स में अंशुमान गुप्ता और आकाश की जोड़ी ने शिवम राव और अक्षत शुक्ला की जोड़ी को 21-16 से मात दी संचालन प्रदीप यादव एवं मुनेंद्र मिश्र ने किया। निर्णायक इरशाद खान स्टेडियम कोच राम नरेश श्याम धर ओझा चंचल भट्टाचार्य प्रवीण मिश्रा आशा प्रदीप यादव आनंद श्रीवास्तव उदय सिंह ओम प्रकाश पाल अर्जुन यादव अवधेश मिश्रा अर्जुन यादव रहे। दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ' इस दौरान खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया सुरेश यादव हॉकी सुल्तानपुर सचिव तारिक वसीम, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी टेबल टेनिस संघ सचिव मो सईद कबड्डी सचिव महेश यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक हीरालाल यादव हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला फायजा पुलक डे सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।



## धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव समारोह

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के अटल नगर वार्ड में स्थित आरपीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने छटा बिखेर दी। कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने मौजूद प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। भाजपा नेता विकास वर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आवश्यकता है। सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक संदेश देने का मंच बनते हैं। भाजपा नेता अवनीश कुमार गुड्डू सिंह ने बच्चों को आगे बढ़ने एवं लक्ष्य की प्राप्ति करने के कुछ टिप्स बताए। भाजपा नेत्री श्रीमती रेखा बरनवाल ने बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए प्रतिभाओं का सम्मान किया। मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि डिंपल सिंह, एबीएसए अजय सिंह, कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार,ईओ अमित सिंह, सपा नेता नवनीत यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश द्विवेदी, किसान नेता प्रभात सिंह, गिरीश पांडे, रणवीर सिंह, केदारनाथ दूबे, डॉ रामकरन वर्मा, प्राचार्य डॉ मंजू मगन, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद सिंह, डॉ रामअभिलाष सिंह, गौरी शंकर पांडे, हिमांशु सिंह, देवेंद्र पांडे, रामतीर्थ सिंह, आशीष सिंह, नीरज शर्मा, रत्नेश वैश्य, बृजलाल यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## शादी में जमकर चलीं कुर्सियां, हुई मारपीट

**मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीएसए रोड स्थित राम सिया वाटिका में गुरुवार रात करीब 12 बजे शादी समारोह में शराब को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पार्षद ने समर्थकों के साथ मिलकर कुर्सियां चला दी। दोनों पक्ष में खूब मारपीट हुई। इससे शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। महिलाएं, बच्चे व बेटियों की चीखें गूंजने लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। चार लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पार्षद के रिवाल्वर का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी शुरू की है। मथुरा नगर के गोपाल नगर नगला चन्द्रभान में बृहस्पतिवार रात को राजस्थान के डीग जिले से नगला चन्द्रभान निवासी प्रमोद कुमार के दरवाजे पर बरात आई थी। क्षेत्रीय पार्षद पति तिलक वीर चैधरी समारोह में पहुंचे थे। इसी दौरान उनका किसी से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कुर्सियां से मारपीट शुरू हो गई। यह भी बताया जा रहा है कि इस बीच फायरिंग भी हुई। दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। अगर मामले में तहरीर मिलेगी तो आगे की कार्रवाई होगी। हंगामे के बीच फायरिंग होने की भी बात कही जा रही है। बवाल से शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई और मेहमान इधर उधर भागने लगे। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों पक्ष के चार लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है। पिता ने गेस्ट हाउस खाली करके घर से बेटी की शादी संपन्न कराई।

## राष्ट्रपति के गोवर्धन दौरे की तैयारियां तेज

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित गोवर्धन दौरे को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पंचायत द्वारा पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई, रंग-पुताई और सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। संभावित तीन दिवसीय प्रवास के दौरान राष्ट्रपति के वृंदावन स्थित प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन करने की संभावना है। इसके साथ ही उनके गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने की भी जानकारी मिल रही है। राष्ट्रपति के दौरे की सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत सक्रिय हो गए हैं। नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों, मंदिरों के आसपास और परिक्रमा मार्ग पर विशेष रूप से सफाई कराई जा रही है।

# दिव्य रथ में बैठ भगवान रंगनाथ ने दिये दर्शन



- शोभायात्रा के दौरान वृंदावन के रास्तों में उमड़ा हुजूम

**मथुर।** वृंदावन रंगजी मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सव में शुक्रवार को भगवान गोदारंगमन्नार विशालकाय रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकले। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य जब आराध्य रथ में विराजमान हुए तो भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। करीब पचास फीट ऊंचे इस रथ को खींचने के लिए सैकड़ों भक्तों ने जोर लगाया। रथ खींचने की भक्तों में होड़ लगी रही। रथ खींच हर कोई सौभाग्यशाली समझने लगा। दक्षिण भारतीय परंपरा के रंगजी मंदिर में शुक्रवार की सुबह वैदिक परंपरा के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में भगवान रंगनाथ, श्रीदेवी, भूदेवी के साथ निज गर्भगृह से पालकी में विराजमान होकर ज्योतिष गणनानुसार मीन लग्न में दिव्याकर्षक रथ में विराजित हुए, तो रंगनाथ भगवान के जयजयकार से वातावरण गूंज उठा।

मंदिर के पुजारियों ने बताया कि आज प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर रंगनाथ भगवान श्री देवी, भूदेवी के साथ निज गर्भगृह से पालकी में विराजमान होकर रथ में विराजित होने के लिए निकले तो रंगनाथ भगवान के जय जयकार से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। तदोपरांत वैदिक रीति से मन्दिर पुरोहित विजय किशोर मिश्र व गोविंदकिशोर मिश्र ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर पूजन वंदन किया। लगभग एक घण्टे तक चले पूजन तथा मंगलाचरण के बाद जैसे ही सात कूपे का धमाका व काली के स्वर ने रथ के चलने का संकेत किया, भक्तो का उत्साह दोगुना हो गया। रंगनाथ भगवान के जयकारे लगा विशालकाय रथ को खीचने की होड़ सी लग गयी। मध्यान्ह रथ बड़ा बगीचा पहुंचा। जहाँ विश्राम के उपरांत पुनः रथ मन्दिर के लिए रवाना हुआ। रथ घर से ठाकुर जी को पुनः पालकी में विराजमान कर बगीची में विराजित कर शीतलता और विश्राम प्रदान करने के उद्देश्य से रंगीन फब्बारे चलाये गये। इस दौरान जगह-जगह रथयात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जा रहा है।

## सुहाग नगरी के धार्मिक स्थलों की बदलेगी तस्वीर

**फिरोजाबाद।** उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने के अपने संकल्प को निरंतर धरातल पर उतार रही है। इसी कड़ी में सुहाग नगरी फिरोजाबाद के प्राचीन मंदिरों और धार्मिक स्थलों के सुंदरीकरण व पर्यटन विकास के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। जिले के तीन प्रमुख आस्था केंद्रों भगवान श्री नरसिंह धाम छदामी लाल जैन मंदिर और पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के सुंदरीकरण और पर्यटन विकास के लिए करोड़ों की धनराशि स्वीकृत की गई है।

- योगी सरकार ने विकास के लिए खोला खजाना

**नरसिंह धाम व जैन मंदिर को मिलेगी भव्यता :** धार्मिक पर्यटन विकास योजना के तहत मंछना स्थित प्राचीन भगवान श्री नरसिंह धाम के लिए 112.34 लाख की राशि मंजूर की गई है। यहां श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक विश्राम गृह, बेहतर प्रकाश व्यवस्था व सुलभ पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। वहीं अपनी बेजोड़ वास्तुकला के लिए मशहूर छदामी लाल जैन मंदिर के लिए 128.32 लाख स्र्स्वीकृत किए गए हैं। इन विकास कार्यों से जैन समाज के इस प्रमुख केंद्र की भव्यता और अधिक बढ़ेगी, जिससे देश- विदेश के पर्यटक यहां आकर्षित होंगे।

**सिद्ध 'पसीने वाले हनुमान जी' मंदिर का होगा कायाकल्प :** जन आस्था के बड़े केंद्र सिद्ध पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के लिए भी योगी सरकार ने 100.03 लाख का बजट आवंटित किया है। मंदिर परिसर में भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ- साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि दर्शन की प्रक्रिया सुगम और शांतिपूर्ण हो सके।

पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों को पर्यटन सर्किट से जोड़ने की तैयारी है। स्वीकृत बजट से इन मंदिरों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं विकसित की जाएंगी। हमारा उद्देश्य श्रद्धालुओं को केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि एक सुखद आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से स्थानीय स्तर पर होटल, परिवहन और गाइड जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कई दशकों से उपेक्षित पड़े इन प्राचीन स्थलों की सुध लेने पर फिरोजाबाद के संतों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह है।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय हिन्दू संगठन की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पीएम के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए गौ माता को ह्यराष्ट्र माताह्न घोषित करने तथा पूरे देश में गौ-वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में गौ माता को प्राचीन काल से ही पूजनीय माना गया है और वेद-पुराणों में गौ को माता के रूप में सम्मान दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अनुच्छेद-48 में भी राज्य को गौवंश और अन्य दुधारू व कृषिकीय उपयोगी पशुओं के वध को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। ज्ञापन में मांग की गई कि गौ-वध, गौ-तस्करी और गौ-मांस के अवैध व्यापार को कठोर दंडनीय अपराध घोषित किया जाए तथा गौवंश संरक्षण व गौशालाओं के विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ठोस नीति बनाई जाए। संगठन पदाधिकारियों ने कहा गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा विषय है, इसलिए केंद्र सरकार को इस पर गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन जन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वाले में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह भानवीर संतोष कुमार बाबा जगन्नाथ राकेश बिरथरिया दीपक वशिष्ठ, अवधेश आदि मौजूद रहे।

## छात्रों ने चलाया मिशन साक्षरता अभियान

**टूंडला।** रामसिहं महाविद्यालय नगला सिकन्दर टूंडला की ओर से आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का आयोजन नगला मुरली में आयोजित किया जा रहा है। एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वंयसेवक-सेविकाओं ने गाँव के ओपी मैमोरियल की साफ सफाई की तथा ग्रामीणों से सम्पर्क किया तथा उन्हें शिक्षा' व साक्षरता के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रबंधक डा. डीपी सिहं ने स्वंय सेवक। स्वंय सेविकाओं साक्षरता मिशन का संदेश देते हुए कहा कि सरकारी योजना के तहत लोगों को साक्षर बनाने के लिए शिक्षा केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय की प्रो. मंज सिहं ने वर्तमान संभावित आर्थिक पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधीकारी प्रो. सुभाष चन्द्र ने किया। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज ने किया जनपद का वार्षिक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा शैलेश कुमार पांडेय द्वारा जनपद का वार्षिक निरीक्षण किया गया,इसी क्रम में उनके द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में शुक्रवार परेड़ की सलामी ली गयी। पुलिस लाइन में यातायात की टोली, पुलिस कार्यालय की टोली महिला टोली एवं जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त रिक्रूट आरक्षियों की टोलियों द्वारा मंच से गुजरते हुए डीआईजी को भव्य परेड़ की सलामी दी गयी। परेड़ का संचालन एएसपी क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा किया गया। डीआईजी द्वारा परेड़ का निरीक्षण करते हुए रिक्रूट आरक्षियों की टोलीवार ड्रिल का बारीकि से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उनके द्वारा पुलिस लाइन में वृक्षारोपण करते हुए पुलिस लाइन में नवीनीकृत आदर्श बैरक नम्बर 1 का लोकार्पण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभी इकाइयों परिवहन शाखा रेडियो शाखा, बैरक भोजनालय,कैंटीन आटा चक्की, लाइब्रेरी आरटीसी कम्प्यूटर लैब क्वार्टर गार्द, आर्म्स वर्क शॉप स्टोर डीएफएमडी कक्ष कैश कार्यालय,कैंटीन आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात उनके द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में रिक्रूट आरक्षियों व अन्य पुलिस कर्मचारियों संग सैनिक सम्मेलन का आयोजन करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स संग मीटिंग आयोजित कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकर तत्समय निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसी क्रम में डीआईजी द्वारा जनप्रतिनिधियों संग भी मीटिंग आयोजित की गयी। तत्पश्चात जनपद के समस्त मीडिया बन्धुओं संग मीटिंग आयोजित करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धिक को निर्देशित किया। वार्षिक निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने थाना मक्खनपुर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों त्यौहार रजिस्टर,ग्राम अपराध रजिस्टर आईजीआरएस महिला हैल्पडैक्स, मालखाना,शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# संस्कृति विवि के छात्रों को कोडिंग निंजा कंपनी ने दी नौकरी

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छह विद्यार्थियों को भारत की विख्यात आनलाइन कोडिंग एडटेक कंपनी ह्यकोडिंग निंजाह्न ने एडमीशन काउंसलर के पद पर चयन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी है। कंपनी से आए एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि ह्यकोडिंग निंजाह्न भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन कोडिंग एडटेक कंपनियों में से एक है, जिसकी स्थापना 2016 में हुई थी। इसकी स्थापना अंकुश सिंगला, कन्नू मित्तल और धवल पराते ने की थी, जिनके पास आईआईटी और स्टैनफोर्ड की पृष्ठभूमि है और अमेजन, फेसबुक, कार्स24 और भारत के अन्य शीर्ष स्टार्टअप में काम करने का अनुभव है। कोडिंग कंप्यूटर




प्रोग्राम के सोर्स कोड को डिजाइन करने, लिखने, परीक्षण करने, लागू करने और बनाए रखने की क्षमता है। यह कोड एक प्रोग्रामिंग भाषा में लिखा जाता है, जिसकी अपनी संरचना और अर्थ होते हैं। कोडिंग करने के लिए, इस भाषा को समझना और इसके काम करने के तरीके को समझना आवश्यक है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल के अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि कंपनी द्वारा संस्कृति विवि एमबीए, बी.टेक.और बीसीए के मयूख राज, शिवानी गौतम, बाबी सिंह पनवर, संस्कृति पांडे, तरुन सिंह, दीपांशु शर्मा को चयनित किया गया है। विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विवि की सीईओ डी.मीनाक्षी शर्मा और कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने बधाई दी है। साथ ही उनको कंपनी के साथ मन लगाकर काम करने और विवि का नाम रौशन करने की नसीहत भी दी।

## एक दिवसीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टूंडला।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र टूंडला पर स्कूल प्रबंधन समिति सीएमसी की एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों के समग्र विकास,विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा समुदाय की सहभागिता को मजबूत बनाना रहा। कार्यशाला का आयोजन ज्योति पाठक खंड शिक्षा अधिकारी टूंडला के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भाजपा जिला अध्यक्ष खंड विकास अधिकारी टूंडला तहसीलदार टूंडला उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के ग्राम प्रधान शिक्षकगण एवं एसएमसी सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधार शिला है और सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों और ग्राम प्रधानों से विद्यालयों के विकास में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने में स्कूल प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि अभिभावक और समुदाय विद्यालय से सक्रिय रूप से जुड़ते हैं तो बच्चों की उपस्थिति और उनके सीखने के स्तर में उल्लेखनीय सुधार संभव है। इस अवसर पर विद्यालयों के विकास में सहयोग देने वाले ग्राम प्रधानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्टॉफ मौजूद रहा।

# जनपद में गैस की कोई कमी नहीं : जिलाधिकारी



**फिरोजाबाद।** ईरान-अमेरिका के मध्य उपजे तनाव के कारण संभावित गैस संकट की अटकलों को देखते हुए डीएम रमेश रंजन ने एडीएम विशु राजा एडीएम न्यायिक एवं एडीएम नमामि गंगे सहित जनपद के सभी गैस एजेंसी मालिकों और उप जिलाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक उच्च स्तरीय आपात बैठक की। डीएम ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति श्रृंखला निरंतर गतिमान है, गैस एजेंसी मालिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर यह सूचना प्रसारित करें, कि गैस आपूर्ति सामान्य है,जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम में कदापि न आए, डीएम ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि इस संवेदनशील समय को कोई भी एजेंसी पैसा कमाने का माध्यम न बनाएं, यदि कालाबाजारी या निर्धारित मानक से कम गैस देने की शिकायत मिली तो संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रम फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, डीएमने निर्देश दिए हैं कि यदि एजेंसी पर भीड़ बढ़ती है, तो नागरिकों की सुविधा हेतु पेयजल और शैड की सुविधा अनिवार्य रूप से की जाए, जनता को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए, बैठक के दौरान डीएम ने फिरोजाबाद गहरा सर्विस जयनारायण गैस सर्विस यश बाबा पीतांबरा और नसीरपुर इंण्डेन गैस सर्विस सहित अन्य प्रमुख एजेंसियों से संवाद किया,साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले गैस एजेंसियों के मालिकों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, गैस एजेंसीयों पर किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए डीएम ने सेक्टर, स्टैटिक और जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। डीएमके निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी ने आमजनों से अपील की, कि भारत सरकार के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार घरेलू सिलेण्डरों की आपूर्ति में कोई समस्या नही है तथा जनपद में सभी घरेलू कनैक्शनधारकों को उनकी बुकिंग के उपरान्त 02-03 दिवस में सुगमता से घरेलू गैस उपलब्ध करायी जा रही है। घरेलू गैस सिलेण्डर की बुकिंग कराने के 25 दिन के अन्तराल के बाद ही ऑनलाइन माध्यम से दोबारा बुकिंग करायी जा सकती है (ऑनलाइन बुकिंग नं. 8454955555/7718955555 है)। पी०एन०जी० एंव सी०एन०जी० की आपूर्ति निर्वाध रूप से जारी है, जिससे घरेलू और परिवहन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई कमी नही होगी। इसके अतिरिक्त डीजल पेट्रोल का भी पर्याप्त भण्डारण पेट्रोल पम्पों के पास है तथा जिसकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। जनपदवासी किसी भी प्रकार की अफवाह एंव भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें एंव किसी भी स्थिति में पैनिक न हो और यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए।

## सभापति ने ली उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक

**मथुरा।** उप्र विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक कार्यकारी सभापति हरि ओम पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य ऋषि पाल सिंह, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चैधरी एवं एमएलसी योगेश नौहवार आदि मौजूद रहे। बैठक में नगर आयुक्त जग प्रवेश, मथुरा वृन्दावन विप्रा की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन, सीडीओ पूजा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्या, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधावल्लभ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेंद्र नारायण शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक वसंत कुमार दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुलवीर सिंह, जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, परियोजना निदेशक नेडा एसके वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विगत तीन वर्षों में जनपद में सदस्य परिषद एवं मा० सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से माननीय कार्यकारी सभापति जी को अवगत कराया गया, जिसपर कार्यकारी सभापति जी ने निर्देश दिए गए कि उक्त पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा माननीय जनप्रतिनिधियों को कृत कार्यवाही से ससमय अवगत कराए। एक जनपद एक उत्पाद के सबंध में क्या लक्ष्य है और उसके संबंध में क्या प्रगति हुई है, के संबंध में अवगत कराया गया कि जनपद में सैनिटरी फिटिंग और सेनेटरी वेयर तथा ठाकुर जी की पोशाक, श्रंगार मूर्ति एवं कंठी माला एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत है। बैठक में कार्यकारी सभापति ने जानकारी ली कि पिछले तीन वर्षों में जिले में विधान परिषद की किन समितियों की बैठक हुई और उनके कितने निदेर्शों का अनुपालन किया गया है।

## आगरा में अमोनिया गैस के रिसाव से हाहाकार

**आगरा।** जिले में बृहस्पतिवार रात कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस की चपेट में आकर ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को उल्टियां होने लगीं। मौके पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी पहुंच गए। आगरा के गांव कुकथरी में बृहस्पतिवार रात को समाधिया कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इससे कोल्ड स्टोरेज में काम कर रहे 60 से अधिक मजदूर भाग गए। 50 मीटर की दूरी पर स्थित दूसरे कोल्ड स्टोरेज बद्री विशाल में भी मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ लोग बेहोश हो गए। गांव में भी गैस फैलने से ग्रामीणों की हालत बिगड़ गई। इससे अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। एहतियात पूरे गांव को खाली करा लिया गया। 6 दमकल भी बुला ली गईं। दो घंटे बाद गैस के रिसाव को बंद कराया गया। तब राहत मिल सकी। घटना रात तकरीबन 9 बजे की है। पिनाहट के गांव कुकथरी में उपेंद्र कुमार का समाधिया कोल्ड स्टोरेज है। रात में कोल्ड स्टोरेज में तकरीबन 60 मजदूर और कर्मचारी काम कर रहे थे। दो ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियों में आलू भी लोड किया जा रहा था। अचानक अमोनिया गैस सिलिंडर की पाइप लाइन फट गई। इसमें से तेजी से गैस रिसाव शुरू हो गया। इससे मजदूर और अन्य लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। नवाबगंज, बरेली का मजदूर मोहम्मद सलीम बेहोश होकर गिर गया। यह देखकर अफरातफरी मच गई। लोग कोल्ड स्टोरेज से निकलकर भागने लगे। वहीं खेतों में काम कर रहे लोगों को भी उल्टी आने लगी। वह भी खेत छोड़कर भागने लगे।

## पत्रकारों संग डीआईजी की गोष्ठी, शहर की समस्याओं पर हुई खुली चर्चा




**फिरोजाबाद।** पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र शैलेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों के साथ गोष्ठी आयोजित कर संवाद किया। इस दौरान एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद, एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। गोष्ठी की शुरूआत में डीआईजी ने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह अप्रैल 2025 से इस पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह इसी मंडल में मथुरा में एसपी तथा आगरा, बरेली, जौनपुर, हाथरस, संतकबीर नगर और बस्ती में एसएसपी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही वर्ष 2014, 2015 और 2016 में आगरा में एएसपी के रूप में भी कार्य किया है। इसके बाद उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से परिचय लिया और उनकी समस्याएं सुनीं। पत्रकारों ने जैन मंदिर चौराहा पर लगने वाले जाम, आसफाबाद से नगला बरी क्षेत्र में सड़कों पर बेतरतीब खड़े चार पहिया वाहनों, गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ व वाहनों के अतिक्रमण जैसी समस्याएं उठाईं। इस पर डीआईजी ने एसएसपी सौरभ दीक्षित को आवश्यक कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और जल्द व्यवस्था सुधारने का भरोसा दिलाया। वहीं पुलिस लाइन में पुलिस मॉडर्न स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे डीआईजी ने सराहनीय विचार बताते हुए इस दिशा में प्रयास करने की बात कही।

## गैस संकट का दिखा असर, बढ़ी महंगाई

**आगरा।** कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की किल्लत और बढ़ती कीमतों के कारण आगरा के बाजारों में चाय, समोसा और कचौड़ी समेत कई फास्ट फूड के दाम बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि महंगी गैस के कारण कारोबार चलाना मुश्किल हो रहा है, जबकि ग्राहक बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। आगरा में एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत के बीच बाजार में खाने-पीने के सामान की कीमतों में पहले ही बढ़ोतरी कर दी गई है। चाय-नाश्ते से लेकर फास्ट फूड तक लगभग हर चीज महंगी हो गई है। दुकानदार गैस महंगी होने का हवाला दे रहे हैं, जबकि कई स्थानों पर अभी भी पुराने दाम पर उपलब्ध सिलिंडर का इस्तेमाल किया जा रहा है। शहर के विभिन्न बाजारों में चाय, समोसा, कचौड़ी, चाट व अन्य फास्ट फूड के दाम बढ़ा दिए गए हैं। बाजार में बढ़ती महंगाई का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। दैनिक मजदूरी करने वाले और मध्यम वर्ग के लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कमला नगर स्थित रेस्तरां संचालक पोला भाई ने बताया कि कॉमर्शियल सिलिंडर 3500 रुपये में भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। मजबूरी में कुछ खाने-पीने की वस्तुओं के दामों में वृद्धि की और कुछ आइटमों की बिक्री बंद कर दी है। वहीं हरीपर्वत क्षेत्र के दिल्ली गेट स्थित चाय की दुकानों पर अब गैस संकट का असर साफ दिखाई देने लगा है। पहले जहां सुबह से रात तक ग्राहकों की भारी भीड़ लगी रहती थी, वहीं अब गैस के दाम बढ़ने और कॉमर्शियल सिलिंडर की किल्लत के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आ गई है। दुकानदार ओमप्रकाश ने बताया कि पहले कुल्हड़ वाली चाय 20 रुपये में मिलती थी, लेकिन गैस महंगी होने के कारण अब चाय की कीमत 25 रुपये करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि दुकान पर उनके पास आखिरी सिलिंडर बचा है। इसके बाद चाय बनाना मुश्किल हो सकता है। इसके साथ ही छोटे-छोटे चाय विक्रेता जो अब तक 10 रुपये की एक चाय बेच रहे थे, उन्होंने चाय अब 20 रुपये में देना शुरू कर दिया है।

# आईएसआई एजेंट युवती के प्रेम जाल में आदर्श बना जासूस

- देने लगा नौसेना से जुड़ी गोपनीय व खुफिया जानकारी, बस एक गलती और खेल खत्म

**आगरा।** कागारौल क्षेत्र के युवक ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला हैंडलर के जाल में फंसकर नौसेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक कर दी। यूपी एटीएस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लखनऊ में कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। फेसबुक पर आईएसआई हैंडलर युवती के जाल में फंसकर कागारौल के चीतपुर गांव के रहने वाले आदर्श उर्फ लकी ने नौसेना से संबंधित गोपनीय सूचनाओं को लीक किया था। दोस्ती के बाद व्हाट्सएप और मैसेंजर के माध्यम से वॉइस और वीडियो कॉल करता था। सूचनाएं देने के लिए खाते में रकम लेता था। इससे वह अपने शौक पूरे कर रहा था। आईएसआई हैंडलर के बारे में जानकारी मिलने के बाद 2 साल से एटीएस नौसेना के आरोपी जवान के बारे में गोपनीय जानकारी जुटा रही थी। शादी के बाद हनीमून के लिए वह दुबई गया था। वहां से लौटने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। केरल के कोच्चि में नेवल के दक्षिण कमांड में तैनात आरोपी आदर्श को सोमवार को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। उसे लखनऊ कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। उसने आईएसआई के हैंडलर को युद्धपोत की तस्वीर और लोकेशन भेजी थीं। एटीएस के सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हैंडलर के रूप में कई युवतियों को एजेंट बना रखा है। उनके फेसबुक पर फर्जी नाम और पते से आईडी हैं। इनके माध्यम से सेना से जुड़े लोगों को जाल में फंसाया जाता है। उनकी फोटो भी उपलब्ध होती है। पाकिस्तानी एजेंट युवती सैन्य कर्मियों के संपर्क में आकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती हैं। सामान्य बातचीत से शुरू हुआ सिलसिला खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान में बदल जाता है। इसके लिए हैंडलर दो तरीके अपनाती हैं। एक तो संबंधित कर्मचारियों से प्यार भरी बातें करती हैं। हनी ट्रैप में लेकर अश्लील वीडियो काल भी करती हैं। कई बार जाल में फंसे व्यक्ति को ब्लैकमेल कर जानकारी हासिल की जाती है। एक साल पहले फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस फैक्टरी के चार्जमैन रविंदर को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। उस पर भी गोपनीय सूचनाओं लीक करने का आरोप था। उसे नेहा शर्मा नाम की हैंडलर ने फेसबुक पर अपने जाल में फंसाया था। ऑर्डिनेंस फैक्टरी में उस समय गगनयान से संबंधित उपकरण तैयार किया जा रहे थे। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय नौसेना के जवान आदर्श कुमार उर्फ लकी तीन साल पहले हनी ट्रैप का शिकार बना था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आईएसआई के हैंडलर ने आशी नामक महिला की आईडी बनाकर उसे फंसाया था। इसके बाद उससे व्हाट्सएप पर भी दोस्ती गांठी और उसका भरोसा जीतने के बाद युद्ध पोतों की तस्वीरें भेजने को कहा। तस्वीरें भेजने के बाद उसके बैंक खाते में कई बार में हजारों रुपये भेजे गए। एटीएस को अंदेशा है कि आदर्श की तरह कुछ अन्य नौसैनिकों को भी आईएसआई ने हनी ट्रैप का शिकार बनाया है, जिसकी गहनता से छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक आदर्श ने वर्ष 2021 में नौसेना में नौकरी हासिल की थी। इसके बाद उसकी तैनाती केरल के कोच्चि में दक्षिण नेवल कमांड में हुई थी। सोशल मीडिया पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध होने पर खुफिया एजेंसियों ने निगरानी शुरू कर दी, जिसके बाद एटीएस को छानबीन करने को कहा गया। एटीएस ने उसके सोशल मीडिया अकाउंट आदि खंगालने शुरू किए तो आईएसआई को सामरिक महत्व की सूचनाएं देने की पुष्टि हो गई।

संक्षेप

## एचएफसीएल ने हासिल किया 10159 करोड़ का ओएफसी ऑर्डर

नई दिल्ली। वाईफाई, ऑप्टिकल फाइबर और 5जी जैसी अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञ अग्रणी भारतीय दूरसंचार कंपनी एचएफसीएल लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता के हाई फाइबर काउंट ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ दीर्घकालीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति का समझौता किया है। ओएफसी उत्पादों के मौजूदा बिक्री मूल्य के आधार पर इस अनुबंध का कुल संभावित मूल्य करीब 10,159 करोड़ रुपये है। इस पांच वर्षीय समझौते का क्रियान्वयन इस कंपनी की विदेश में पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी द्वारा किया जाएगा जिसमें खरीद का ऑर्डर परियोजना और विशेष विवरण के अनुसार समय समय पर जारी किया जाएगा।

## अपने ब्रांडेड कलर कोटेड शीट्स की निर्माण क्षमता में 25% की वृद्धि करेगा कामधेनु

नोएडा। उत्तर प्रदेश में अपने ब्रांड कामधेनु कलर मैक्स शीट की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को पुनः सशक्त बनाने की एक रणनीतिक पहल के तहत, भारत की खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी निर्माता एवं विक्रेता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने आज एक वर्ष के भीतर अपनी विनिर्माण क्षमता में 25% की वृद्धि करने की योजना की घोषणा की। यह नई व्यावसायिक रणनीति हाल के समय में राज्य में उत्पादों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। वर्तमान में कंपनी के पास राज्य में डीलरों और वितरकों का मजबूत नेटवर्क है। आज कामधेनु कलर कोटेड शीट्स का उपयोग कई सरकारी तथा गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। हमारे उत्पादों की बढ़ती मांग, विशेष रूप से राज्य में तेजी से बढ़ते आवास और अवसंरचना क्षेत्र के कारण, हम अपने उच्च गुणवत्ता वाले कलर कोटेड शीट्स की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया फैमिली प्रोटेक्शन फीचर

नई दिल्ली। ट्रूकॉलर पहचान करने के काम से आगे बढ़कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा है, इसके तहत भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लॉन्च किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुजुर्गों को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। हर परिवार में आमतौर पर एक टेक-जानकार सदस्य या मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी होता है, जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है।

## डिजिटल नारी, सशक्त नारी: वित्तीय सशक्तीकरण की राह पर सोनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उन्नाव की रहने वाली सोनी की कहानी इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल वित्त किस तरह केवल आजीविका ही नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दे सकता है। सोनी एक जनरल स्टोर चलाने के साथ स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष और समूह सखी के रूप में महिलाओं को वित्तीय सेवाओं और अवसरों से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। सोनी के जीवन में बदलाव की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई, जब उन्हें 50,000 रुपये का पहला ऋण मिला, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति संभली। इसके बाद 2 लाख के ऋण से उन्होंने चार छोटी दुकानों का निर्माण कराया। आज इनमें से एक में वह अपना जनरल स्टोर चलाती हैं, और बाकी दुकानों को किराए पर देकर अतिरिक्त आय अर्जित करती हैं।

## चुपा चुप्स ने पेश किया क्रेजी रैफे लंबी और ट्विस्टेड जेली

नई दिल्ली। चुपा चुप्स ने क्रेजी रैफे नामक नए उत्पाद के लॉन्च के साथ मस्ती का तड़का लगाया है। यह एक लंबी, ट्विस्टेड और सेंटर-फिल्ड जेली है, जो रोजमर्रा एक मजेदार अनुभव में बदल देती है। रुपये 20 कीमत वाली 30 ग्राम की यह जेली खास तौर पर किशोरों और प्री-टीन उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है, जो देखने में आकर्षक और इंटरैक्टिव कैंडी अनुभव प्रदान करती है। चुपा चुप्स रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और मस्ती का प्रतीक है। क्रेजी रैफे के साथ हमारा उद्देश्य ऐसा फॉर्मेट पेश करना था, जो आज के किशोरों के लिए नया, इंटरैक्टिव और रोमांचक महसूस हो। यह सिर्फ फ्लेवर की बात नहीं है, बल्कि रोजमर्रा के पलों को मजेदार और अभिव्यक्तिपूर्ण अनुभव में बदलने की कोशिश है।

# सेंसेक्स में 1471 अंकों की गिरावट




मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,470 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी को 488 अंकों का नुकसान हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपये की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,579.82 अंक यानी दो प्रतिशत गिरकर 74,454.60 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,348 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 941 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 132 अन्य शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार में आई यह तेज गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और भारत जैसी ऊर्जा आयातक अर्थव्यवस्थाओं के लिए बढ़ती व्यापक आर्थिक चिंताओं के कारण है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 10,24,181.74 करोड़ रुपये घटकर 4,29,82,252.27 करोड़ रुपये रह गया। साप्ताहिक आधार पर देखें तो बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 4,354.98 अंक यानी 5.51 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि निफ्टी 1,299.35 अंक यानी 5.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। उन्होंने कहा कि इस हालत में विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार पैसा निकाल रहे हैं और रुपया गिरकर अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे बाजार की धारणा और बिगड़ गई है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त का रुझान रहा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 2.87 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 2.48 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सबसे ज्यादा 4.83 प्रतिशत की गिरावट आई।

# रुपया 20 पैसे टूटकर 92.45 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



मुंबई। पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतें 101 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाने के बीच रुपया शुक्रवार को 20 पैसे टूटकर 92.45 प्रति डॉलर (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत रुख, विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुझान ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में रुपया 92.45 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 20 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 24 पैसे टूटकर 92.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। घरेलू बाजारों में कमजोरी और डॉलर के मजबूत होने से रुपया शुक्रवार को नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से रुपये के गिरावट में रहने की आशंका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मुद्रास्फीति की चिंता रुपये पर और दबाव डाल सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के 92.10 से 92.80 के बीच कारोबार करने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.17 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत टूटकर 74,563.92 अंक पर आ गया जबकि निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.41 प्रतिशत चढ़कर 101.9 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिवकाल रहे थे।

# एनएफआरए करे क्षेत्रवार अध्ययनः संसदीय समिति

नयी दिल्ली। एक संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि वित्तीय सूचना नियामक एनएफआरए उद्योग-आधारित लेखांकन और लेखा-परीक्षा से जुड़ी चुनौतियों की पहचान करने के लिए क्षेत्रवार अध्ययन कर सकता है।

समिति ने साथ ही निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद के लिए क्षेत्रवार लेखांकन मार्गदर्शन की व्यवस्था करने को भी कहा। सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) को कंपनी कानून, 2013 के तहत बनाया था और यह लेखा परीक्षकों का नियमन करता है। साथ ही यह संस्था कंपनियों के स्तर लेखांकन और लेखा-परीक्षा मानकों के अनुपालन पर नजर रखती है। लोकसभा में बृहस्पतिवार को पेश कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की एक रिपोर्ट में वित्त मामलों की स्थायी समिति ने एनएफआरए के संबंध में कुछ सिफारिशें की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को एनएफआरए के भीतर लेखांकन गुणवत्ता समीक्षा और अनुशासनात्मक कार्यों के बीच अंतर करने के लिए तेजी से कदम उठाने चाहिए, ताकि प्रक्रियात्मक स्पष्टता, संस्थागत स्वतंत्रता और ऑडिट निगरानी ढांचे की विश्वसनीयता को मजबूत किया जा सके।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री 10.6 प्रतिशत बढ़ी



नयी दिल्ली। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 4,17,705 इकाई हो गई। इस दौरान बाजार में सकारात्मक भावनाएं जारी रहीं लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि इससे विनिर्माण एवं निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। उद्योग संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

फरवरी 2025 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि की मुख्य वजह यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही। इनकी बिक्री 13.5 प्रतिशत बढ़कर 2,36,957 इकाई रही जबकि पिछले फरवरी 2025 में यह 2,08,795 इकाई थी। यात्री कारों की बिक्री 3.8 प्रतिशत घटकर 1,06,799 इकाई रह गई जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 1,10,966 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की थोक बिक्री 1.1 प्रतिशत बढ़कर 11,620 इकाई रही जबकि फरवरी 2025 में यह 11,493 इकाई थी। सियाम के अनुसार, फरवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 35.2 प्रतिशत बढ़कर 18,71,406 इकाई हो गई जबकि फरवरी 2025 में यह 13,84,605 इकाई थी। मोटरसाइकिल की थोक बिक्री फरवरी में 30.8 प्रतिशत बढ़कर 10,96,537 इकाई हो गई जो एक वर्ष पहले इसी महीने 8,38,250 इकाई थी। इसी तरह स्कूटर की बिक्री 42.3 प्रतिशत बढ़कर 7,29,774 इकाई रही, जबकि फरवरी 2025 में यह 5,12,783 इकाई थी इसके अलावा तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 74,573 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 57,788 इकाई थी। उद्योग में सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

# आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये डाले

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को खुले बाजार की गतिविधियों के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद कर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये की नकदी डाली है।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने विभिन्न श्रेणियों के बॉन्ड खरीदे, जिसमें 14,491 करोड़ रुपये के 7.41 प्रतिशत जीएस 2036 बॉन्ड, 13,006 करोड़ रुपये के 6.45 प्रतिशत जीएस 2029 बॉन्ड और 8,350 करोड़ रुपये के 6.64 प्रतिशत जीएस 2035 बॉन्ड प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा 2046, 2034, 2032 और 2039 में परिपक्व होने वाली सरकारी प्रतिभूतियों की भी खरीद की गई। इस समय बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.49 लाख करोड़ रुपये की अधिशेष नकदी होने का अनुमान है। यह नीलामी पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा घोषित 50,000-50,000 करोड़ रुपये की दो नीलामियों का हिस्सा थी। ओएमओ खरीद की यह घोषणा इस महीने के अंत में होने वाले अग्रिम कर और जीएसटी भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली से नकदी की भारी निकासी की आशंका को देखते हुए की गई थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जनवरी से अब तक केंद्रीय बैंक ने ओएमओ खरीद के जरिये कुल 3.50 लाख करोड़ रुपये की नकदी प्रणाली में डाली है।

# सीजीडी बिक्री मात्रा में 8 से 10 प्रतिशत की कटौती के आसार

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से भारत के शहरी गैस वितरण उद्योग (सीजीडी) की दैनिक बिक्री मात्रा निकट अवधि में आठ से 10 प्रतिशत तक घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, इस आपूर्ति बाधा का सबसे अधिक असर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर पड़ा है। यह गैस उद्योग की कुल जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत पूरा करती है जबकि बाकी की गैस घरेलू स्रोतों से आती है। संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर एलएनजी की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, कीमतों में बढ़ोतरी को अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की क्षमता शहरी गैस वितरण कंपनियों की लाभप्रदता को सहारा देगी। साथ ही मजबूत नकदी भंडार, सशक्त प्रायोजकों का समर्थन और अपेक्षाकृत सीमित कर्ज जैसी स्थितियां इन कंपनियों की ऋण-खंड को समर्थन दे सकती हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया में लंबे समय तक बनी रहने वाली अनिश्चितता पर नजर बनाए रखना आवश्यक होगा। रिपोर्ट में सात सीजीडी कंपनियों का विश्लेषण किया गया जो पिछले वित्त वर्ष उद्योग की कुल बिक्री का लगभग 70 प्रतिशत संभालती थीं। इसमें पाया गया कि औद्योगिक एवं वाणिज्यिक पाइप से मिलने वाली गैस सबसे ज्यादा प्रभावित होगी।

## अधिकांश महिलाएं अब स्वतंत्र निवेश निर्णय लेती हैं : डीएसपी म्यूचुअल फंड

कानपुर। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने YouGov के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी Winvestor Pulse 2025-26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की जिम्मेदारी का प्रभार तेजी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने भारतीय महिलाओं को अपनी वित्तीय यात्रा में भागीदारी से स्वामित्व की ओर बढ़ते हुए देखा है। Winvestor Pulse के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है। महिलाएं ज्ञान और जानकारी की तलाश कर रही हैं, बाजारों के साथ जुड़ रही हैं, सलाहकारों से परामर्श कर रही हैं।

## निसान की केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से साझेदारी

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन एक कल्याणकारी पहल केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) के साथ गठजोड़ का एलान किया है। इसके माध्यम से पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के मौजूदा एवं सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपनी गाड़ी खरीदने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। यह गठजोड़ हमारे सुरक्षा बलों के प्रति निसान मोटर इंडिया के सम्मान को दर्शाता है। साथ ही यह भरोसेमंद इंस्टीट्यूशनल पार्टनरशिप के माध्यम से सार्थक मूल्य प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता भी दिखाता है। इस गठजोड़ के तहत केपीकेबी से जुड़े लाभार्थियों को न्यू निसान मैग्नाइट पर अन्य सभी ग्राहकों को मिलने वाले बेनिफिट के अतिरिक्त एक्सक्लूसिव बेनिफिट मिलेंगे।

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया




नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान शुक्रवार को मामूली रूप से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया।

फिच रेटिंग्स ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू मांग जीडीपी वृद्धि का सबसे बड़ा कारक रहने वाली है। फिच ने ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक- मार्च 2026 रिपोर्ट में वर्ष 2026 के दौरान विश्व की जीडीपी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान इस शर्त पर है कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में कोई बड़ी और लंबे समय तक चलने वाली बढ़ोतरी नहीं होगी और तेल की औसत वार्षिक कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाएगी। हालांकि अगर ऐसी स्थिति आती है कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच जाएं और वहां पर टिकी रहें, तो यह वैश्विक आपूर्ति के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। भारत के संबंध में फिच ने कहा कि जनवरी और फरवरी में वास्तविक गतिविधियों के धीमे होने के अस्थायी संकेत मिले हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और ऋण वृद्धि अभी भी दहाई अंकों में है। फिच को उम्मीद कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वृद्धि दर धीमी होगी, क्योंकि बढ़ती मुद्रास्फीति वास्तविक आय को प्रभावित करेगी और उपभोक्ता खर्च की वृद्धि को सीमित करेगी। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर धीमी होकर 7.8 प्रतिशत रही, जो जुलाई- सितंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहेगी।

## पेज एक का शेष

### ईरान में 15

किया जाएगा। इसी बीच पश्चिमी इराक में अमेरिकी एयरफोर्स का केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान क्रैश हो गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक विमान में सवार 6 सैनिकों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद ईरान के साथ जारी युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। रिपोर्ट के मुताबिक हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के एक हिस्से को पूरी तरह सील कर दिया गया है और वहां भारी सुरक्षा तैनात है। मुजतबा खामेनेई को उनके पिता और ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद 9 मार्च को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया था। अली खामेनेई की 28 फरवरी को मौत हुई थी। ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो विदेशी कामगारों की मौत हो गई। ओमान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। फिलहाल मृतकों की पहचान और उनकी नेशनलिटी के बारे में जानकारी जारी नहीं की गई है। घटना के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ड्रोन कहां से आया था। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका आज ईरान पर अब तक के सबसे ज्यादा हवाई हमले करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना युद्ध में दबाव बनाए रखेगी और अभियान को और तेज किया जाएगा। उनके मुताबिक बड़ी संख्या में फाइटर जेट और बॉम्बर विमानों से स्ट्राइक मिशन चलाए जाएंगे।

### ईरान ने

पूर्वी तट से लोड किया गया था। ईरान के साथ बातचीत के बाद, भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग मिला, जबकि इस क्षेत्र में अन्य देशों के जहाज अभी भी जोखिम में हैं। भारत अपने कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस ( छठऋ) के आयात का एक बड़ा हिस्सा इस जलडमरूमध्य के माध्यम से ही प्राप्त करता है, इसलिए यह घटना ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है

### रक्षामंत्री राजनाथ

परियोजना में सिविल और रक्षा क्षेत्र दोनों ने मिलकर काम किया है। जमीन आवंटन को लेकर कुछ चुनौतियां थीं जिसे आपसी तालमेल से निबटाया गया। जब सिविल और डिफेंस साथ में मिलकर काम करते हैं तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। रक्षामंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ की तहजीब के साथ-साथ विकास की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। विदेश में रहने वाले भारतवंशी जब लखनऊ आते हैं, तो यहां के विकास को देखकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं। विदेश में जब भारत के लोगों से मिलता हूं तो वे यहां के विकास की प्रशंसा करते हैं। यूनेस्को ने लखनऊ को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी का दर्जा दिया है यानि अब यह शहर खान-पान की श्रेणी में भी अव्वल हो गया है। विश्व के समृद्ध खानपान की सूची में लखनऊ को स्थान प्राप्त होना गौरव का विषय है। लखनऊ अब दुनिया की मोस्ट लिवएबल सिटी यानि यह दुनिया के उन शहरों में शामिल हो गया है, जहां रहने के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश का चेहरा बदल गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि योगी जी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। योगी जी ने माफिया और गुंडों के घरों पर बुलडोजर चलवाकर जमीन मुक्त करवाई और उस पर विकास का कार्य किया है। बुलडोजर केवल तोड़ता नहीं है बल्कि विकास की जमीन भी तैयार करता है।

### रक्षा उत्पादन

रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब लखनऊ की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का विचार सामने आया, तब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका विजन प्रस्तुत किया। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस परियोजना को मूर्त रूप दिया। सीएम योगी ने कहा कि यह पहल राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका समुचित उपयोग किया और उसी से संसाधन जुटाकर करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा किया। उन्होंने कहा कि शहरी विकास के क्षेत्र में यह मॉडल एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि किस प्रकार संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करके बड़े प्रोजेक्ट पूरे किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत आईआईएम रोड से पक्का पुल तथा पक्का पुल( डालीगंज) से समता मूलक चौराहा तक के दो चरणों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही समता मूलक चौराहा से शहीद पथ और शहीद पथ से किसान पथ तक के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया है। पूरी परियोजना लगभग 28 किलोमीटर लंबी है, जो राजधानी के विभिन्न हिस्सों को जोड़ते हुए यातायात को सुगम बनाएगी।

### निर्बाध एलपीजी

एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। उन्होंने कहा घबराहट में सिलेंडर की बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है, और किसी भी एलपीजी डीलर के पास स्टॉक खत्म नहीं हुआ है। शर्मा ने बताया कि ईरान युद्ध से पहले औसतन 55.7 लाख बुकिंग के मुकाबले इस समय एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जो स्पष्ट रूप से घबराहट में की जा रही बुकिंग को दर्शाता है। पश्चिम एशिया संघर्ष ने कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को प्रभावित किया है, क्योंकि ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया गया है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा पारगमन मार्गों में से एक है।

### गैस की

की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई की गई है। प्रदेश में कार्यरत 4,108 एलपीजी गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के सापेक्ष एलपीजी रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई गई है। वितरकों के यहां एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भारत सरकार की ओर से वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति प्रदान की गई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित न हो। आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल रूम में भी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### प्रदेश में सात

दिव्यांगजन सशक्तीकरण, आशीष कुमार प्रबंध निदेशक राज्य पर्यटन निगम को वर्तमान पद के साथ विशेष सचिव धार्मार्थ कार्य का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अधिकारियों में प्रदीप कुमार सिंह-दो एसडीएम झांसी से एसडीएम गोंडा बनाए गए हैं। सुरेंद्र कुमार एडीएम (न्यायिक) मथुरा से अपर आयुक्त कानपुर मंडल, वेद प्रिय आर्य एसडीएम जालौन से एडीएम (न्यायिक) मथुरा और गुलाब सिंह विशेष कार्याधिकारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण झांसी से एडीएम (न्यायिक) कुशीनगर बनाए गए हैं।

### विमान ईंधन

होगा। एयरलाइन का कहना है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण जेट फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, इसलिए टिकटों पर सरचार्ज बढ़ाया गया है। इंडिगो ने यात्रियों पर पड़ने वाले बोझ को कम रखने के लिए अलग-अलग दूरी के हिसाब से चार्ज तय किया है। कंपनी ने कहा कि पूरी बढ़ी हुई लागत को वसूलने के लिए किराए में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की जरूरत थी, लेकिन ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए फिलहाल छोटा अमाउंट ही चार्ज किया जा रहा है। इंडिगो ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर इन चार्जेस में बदलाव किया जाएगा।

### बेहतर वित्तीय

में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी को भी याद किया। उन्होंने तिवारी के एक चर्चित कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे अक्सर कहते थे, यहां आने वाला हर व्यक्ति मुझसे बड़ा है, बस मेरा कद थोड़ा छोटा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कथन उनकी सरलता और विनम्र व्यक्तित्व को दर्शाता है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तराखंड को बेहतर स्थान मिलने के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण हैं। इनमें राज्य की राजस्व वृद्धि, व्यय की गुणवत्ता में सुधार, राजकोषीय घाटे का संतुलित प्रबंधन तथा ऋण प्रबंधन की बेहतर रणनीति शामिल है।

### पीएम किसान

नई किस्त के 4335.11 करोड़ रुपये जुड़ने के बाद यह राशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है। देश के कुल लाभार्थियों में लगभग 23 प्रतिशत किसान उत्तर प्रदेश से हैं, जो इस योजना में प्रदेश की बड़ी भागीदारी को दर्शाता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि तीन बराबर किस्तों में दो-दो हजार रुपये के रूप में सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की थी। तब से यह योजना देश के करोड़ों किसानों के लिए आर्थिक सहारा बन चुकी है। मोदी-योगी सरकार के प्रयासों से योजना का लाभ लगातार अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच रहा है और इससे किसानों की आय तथा सम्मान दोनों को मजबूती मिल रही है।

### सीएम योगी

कहा कि यह पहल किसानों के जीवन को सुगम बनाने और खेती को नई शक्ति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### एचपीसीएल

अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई उझानी के क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद की गई। मिश्रा परिवार के सदस्य शुक्रवार की सुबह शवगृह के बाहर जमा हो गए, जहां मिश्रा और गुप्ता के शव रखे गए हैं। मिश्रा की मां रानी देवी ने रोते हुए कहा कि उनके बेटे ने पहले ही कई बार अपनी जान को खतरा होने की बात बताई थी और इसके लिए जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और विधायक तक से शिकायत की थी।




# निशानेबाज सम्राट और सुरुचि टॉप्स कोर समूह में

## सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किये



नयी दिल्ली। उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एच एस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। टॉप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन. एस. जोहल की अध्यक्षता में मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

ओलंपिक के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने इस साल की शुरुआत में अपना छठा विश्व खिताब जीता। पोलियो के कारण बाएं पैर में विकार की दिव्यांगता का शिकार यह 37 वर्षीय खिलाड़ी लगातार तीन डोपिंग परीक्षणों में अनुपस्थित रहने के उल्लंघन के लिए तीन साल के निलंबन के बाद पिछले साल प्रतियोगिता में लौटा है। इस सूची में शामिल होने वाले एक अन्य खिलाड़ी इस वर्ष के एशियाई रजत पदक विजेता राइफल निशानेबाज नीरज कुमार हैं। हालांकि, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल को सूची में हुए कुछ बदलावों और नए नामों के शामिल होने के बाद 56 सदस्यीय मुख्य समूह से बाहर कर दिया गया है। पिछले साल गुलवीर के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विकास स्तर (डेवलपमेंटल लेवल) से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया जाना बिल्कुल उचित था। वे 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल जोड़ी तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम फेदरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया को भी विकासात्मक स्तर से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया गया है। टॉप्स कोर समूह के खिलाड़ियों को 50,000 रुपये का मासिक भत्ता मिलता है। इसके साथ ही उन्हें विदेशों में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन 25 डॉलर भी मिलते हैं। टॉप्स की विकास समूह सूची में 22 मुक्केबाजों को शामिल किया गया है, जिनमें 14 महिलाएं हैं। इनमें विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता परवीन (महिला 60 किलोग्राम), अरुंधति (महिला 70 किलोग्राम) और हितेश गुलिया (पुरुष 70 किलोग्राम) सहित अन्य मुक्केबाज शामिल हैं। सूत्र ने बताया, इसका उद्देश्य भविष्य के ओलंपिक खेलों के लिए मुक्केबाजों की एक मजबूत टीम तैयार करना है, और विकास समूह में बड़ी संख्या में मुक्केबाजों को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। वर्तमान में 130 खिलाड़ियों की विकास सूची में 13 निशानेबाजों को भी शामिल किया गया है। विकास समूह के खिलाड़ियों को 25,000 रुपये का भत्ता और विदेश में प्रशिक्षण तथा प्रतियोगिताओं के दौरान अतिरिक्त 25 डॉलर दिए जाते हैं। कोर और विकास समूह दोनों के खिलाड़ियों का मूल्यांकन कम से कम छमाही आधार पर किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनका प्रदर्शन, फिटनेस और स्तर निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।

# ईरान फुटबॉल टीम को विश्व कप में भाग लेने से कोई नहीं रोक सकता



जेनेवा। ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से कोई भी बाहर नहीं कर सकता।

टीम ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है। ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं। देश के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने इस सप्ताह सरकारी टीवी से कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खेलना संभव नहीं लग रहा। इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका। पोस्ट में कहा गया, विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो। टूर्नामेंट कार्यक्रम के अनुसार ईरान को 15 जून को कैलिफोर्निया में न्यूजीलैंड के खिलाफ और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलना है। इसके बाद 26 जून को सिएटल में ग्रुप चरण का अंतिम मैच मिस्र से होगा। इस मुद्दे पर ट्रंप के बयान भी अलग-अलग रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने कहा था, मुझे सच में फर्क नहीं पड़तो कि ईरान खेले या नहीं। लेकिन मंगलवार को व्हाइट हाउस में जियानी इंफैनटिनो से मुलाकात के दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान की टीम का स्वागत है। ईरान एशियाई फुटबॉल में एक मजबूत टीम मानी जाती है और फीफा की विश्व रैंकिंग में वह 20वें स्थान पर है।

**संक्षेप**

### गोवा जुलाई में करेगा अगली अल्टीमेट टेबल टेनिस की मेजबानी

नयी दिल्ली। गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा कि इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है, उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

### केम्प एफसी की नजरें आईडब्ल्यूएल 2 में मजबूत शुरुआत पर

बेंगलुरु। कर्नाटक की तेजी से उभरते केम्प फुटबॉल क्लब देश की शीर्ष लीग में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ 25 मार्च को कोलकाता की सुरुचि संघा एफसी के खिलाफ इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2 में अपने अभियान का आगाज करेगा। बेंगलुरु स्थित इस टीम का गठन महज चार साल पहले हुआ था। केम्प एफसी कर्नाटक के महिला फुटबॉल जगत की सबसे होनहार टीमों में से एक बनकर उभरी है। सत्र शुरू होने से पहले क्लब ने वीएसटी समूह से समर्थन मिलने की घोषणा भी की है। लगभग 80 प्रतिशत की प्रभावशाली जीत दर और 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनियोजित विकास योजना के साथ क्लब ने केएसएफए लीग प्रणाली में काफी प्रगति की है। अब उसका लक्ष्य आईडब्ल्यूएल 2 में शीर्ष पर पहुंचना है। हमारा पूरा ध्यान फुटबॉल और युवा महिला खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। हमने महज तीन सत्रों में एक मजबूत टीम बनाई है। हमने कोचिंग और खेल विज्ञान में निवेश किया है और प्रतिभाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार की है। आईडब्ल्यूएल 2 हमारी इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और खिलाड़ी इस चुनौती के लिए तैयार हैं।

# पांच युवा मुक्केबाजों ने पदक पक्के किये



बैंकॉक। भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत के बाद विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में पोडियम में जगह पक्की कर ली। गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी (54 किग्रा), अंबेकर मीतेई (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) और राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) की जीत से भारत की पदक की उम्मीदें और मजबूत हुईं। ये सभी सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे देश के लिए टूर्नामेंट में पांच पदक पक्के हो गए। सुबह के सत्र में गुंजन ने अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा पर 5-0 से जीत हासिल की जबकि जॉयश्री देवी ने पहले दौर में रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) से जापान की यूरा कनेमारू को हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो पर 4-। से जीत दर्ज की। शाम के सत्र में दो और भारतीय मुक्केबाज आगे बढ़े जिसमें चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) ने दूसरे दौर में स्पेन की एंड्रिया बुएल्गा गार्सिया को आरएससी से हराया जबकि राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की सिओभान हेली को 4-। से मात दी। वहीं साहिल दुहान (60 किग्रा) अपने आखिरी आठ मुकाबले में फ्रांस के डेविड हारुत्युनयान से ।-4 से हार गए।

# भारतीय महिलाओं की क्रिकेट में भागीदारी में तेजी से बढ़ोतरी



नयी दिल्ली। बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10,000 से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। वहीं युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है।

अध्ययन के अनुसार, 15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है। हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है। क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है। इसके अनुसार, अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है।

साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया। कलेक्टिव न्यूजरूम की सह-संस्थापक और प्रधान संपादक रूपा झा ने कहा, ये नतीजे प्रगति और लगातार आने वाली चुनौतियां दोनों दिखाते हैं। हालांकि भागीदारी और दर्शकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, फिर भी रूढ़िवादी सोच और व्यावहारिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह डेटा महिला खिलाड़ियों के समर्थन के लिए आगे और चर्चा और कदम उठाने को प्रेरित करेगा।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन

नयी दिल्ली। अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे।

उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी। प्रभाकरन भी अनुभवी फुटबॉल प्रशासक हैं जिन्होंने आई-लीग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनंदो धर के कुछ समय तक कार्यवाहक महासचिव के रूप में कार्य करने के बाद 2022 में एआईएफएफ के पूर्णकालिक महासचिव के रूप में दास का स्थान लिया था। प्रभाकरन ने एक्स पर लिखा, एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का आज सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इस बेहद कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं। ओम शांति। एआईएफएफ ने भी अपने पूर्व शीर्ष अधिकारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के प्रति उनके प्रयासों को हमेशा याद रखा जाएगा। संपूर्ण भारतीय फुटबॉल जगत की ओर से मैं इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अपने शुरुआती पेशेवर जीवन में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, जीएसके और शेल सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम किया। जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन निर्माण कंपनी आईएमजी ने 1996 में भारतीय बाजार में प्रवेश किया तब वह मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में इससे जुड़े थे। दास के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वह एआईएफएफ के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले महासचिवों में से एक थे। उन्होंने 12 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दीं।

# अबरार से करार चिंता का विषय नहीं : राजीव शुक्ला

## सनराइजर्स लीड्स में पाकिस्तान के स्पिनर की खरीद पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष की प्रतिक्रिया



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने द हंड्रेड नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने बृहस्पतिवार को द हंड्रेड खिलाडियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने पीटीआई से कहा, यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। द हंड्रेड या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए 190000 पाउंड (लगभग 2.34 करोड़ रुपये) दिए। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का एक्स अकाउंट कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया। आईपीएल की फ्रेंचाइजी ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच खराब राजनयिक रिश्तों के कारण 2009 से पाकिस्तानी खिलाड़ी से कोई अनुबंध नहीं किया है। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का भी मालिक है। उसने पिछले साल पहले के नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का टेकओवर किया था। सनराइजर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी काव्या मारन नीलामी में शामिल हुईं।

उनकी एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की टीम भी है लेकिन उनके पास इस टीम में कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है। अबरार नीलामी के दौरान बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। इससे पहले एक और स्पिनर उस्मान तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 140,000 पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपये) में खरीदा था। हालांकि फिनिक्स का आईपीएल से कोई नाता नहीं है।

# चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी

बासेल। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलपुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। भारतीय टीम के मलेशिया मूल के कोच टैन किम हर ने पीटीआई को बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे। इसमें कम से कम एक सप्ताह लगेगा। समझा जा रहा है कि यह चोट नयी नहीं है और शीर्ष स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों में आम है। भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता के खिलाफ 74 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-15, 15-21, 28-26 से जीत हासिल की। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग अब सात से 12 अप्रैल तक होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

# गगनजीत भुल्लर ने वापसी की आईजीपीएल चंडीगढ़ खिताब जीता

चंडीगढ़। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने आखिरी दौर में बिना किसी बोगी के चार-अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह आईजीपीएल आमंत्रण चंडीगढ़ में अपना खिताब बरकरार रखने में सफल रहे। उन्होंने चार शॉट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपना चौथा आईजीपीएल खिताब जीता। भुल्लर ने पहले दो दौर में 68 और 69 का कार्ड खेला था। उन्होंने 13वें और 16वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी से एक और 68 का कार्ड बनाया। उनके तीन दिन के कुल 11 अंडर के स्कोर में सिर्फ एक बोगी थी जो दूसरे दौर में बनी थी। भुल्लर इस तरह वरुण पारिख (70) से तीन शॉट आगे रहे जबकि सचिन बैसोया (68) सात-अंडर से मानव शाह (70) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटेगी सरकारः सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबिलाइज़ेशन फंड) सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना मौजूदा वैश्विक संकट जैसी स्थिति में देश को आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा।

लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह कोष पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट जैसी आकस्मिक वैश्विक चुनौतियों से लगने वाले झटकों को झेलने के लिए एक बफर के तौर पर काम करेगा। उन्होंने कहा, एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष भारत को वैश्विक मुश्किलों का सामना करने के लिए वित्तीय सुदृढ़ता देगा। उन्होंने कहा कि यह कोष हालिया संकट जैसी स्थितियों और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आने पर सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना विभिन्न तरह के आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा। वित्त मंत्री ने पश्चिम एशिया संकट और देश में एलपीजी की कथित कमी को लेकर सदन में शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों पर प्रहार करते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब मैं अप्रत्याशित वैश्विक स्थिति, आपूर्ति श्रृंखला और एलपीजी (संकट) पर बात कर रही हूं तो वे अपना एजेंडा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष आसन के करीब आकर हंगामा कर रहा है, यह देश का दुर्भाग्य है। अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच के जरिए, सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी थी। चालू वित्त वर्ष के लिए बजट में 80,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्राप्तियों के साथ, कुल अतिरिक्त नकदी व्यय 2.01 लाख करोड़ रुपये होगा। विपक्ष के शोरगुल के बीच मंत्री के जवाब के बाद, अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच सहित अन्य विनियोग विधेयक को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया और शोरगुल नहीं थमने पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजकर चार मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमानों (आरई) के भीतर होगा। एलपीजी की कमी की चिंताओं को लेकर विपक्ष की नारेबाजी के बीच, सीतारमण ने कहा, अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच के कारण 2025-26 के अनुमानित बजट से परे व्यय में कोई वृद्धि नहीं होगी। सीतारमण ने कहा कि पूर्व सैनिकों के लिए इस अनुपूरक मांग में करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है और इस तरह पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लिए कुल आवंटन 2025-26 के लिए 31 मार्च तक करीब साढ़े 14 हजार करोड़ रुपये दिया जा रहा है। इस बीच, कुछ सदस्यों के सत्तापक्ष की सीट के नजदीक पहुंच जाने पर सीतारमण ने कहा कि यदि संसद इसे पारित नहीं करेगी तो यह जारी कैसे होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 9,000 करोड़ रुपये राज्यों को दिया जा रहा है क्योंकि दिसंबर में संशोधित आकलन के बाद कई राज्यों ने इसकी मांग की थी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, बिना सोचे समझे बात करने वाले नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी सदस्य थोड़ा पढ़ने के बाद सवाल पूछा करिये।

# वाम दलों और कांग्रेस का अपवित्र गठबंधन है विकास विरोधी : वैष्णव



नयी दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को वाम दलों और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि ये दल केरल के विकास कार्यों को आगे बढ़ने नहीं दे रहे हैं और राज्य की प्रगति को बाधित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में रेल नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए बजट आवंटन आठ गुना बढ़ाया है।राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास के पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे वैष्णव ने आरोप लगाया कि वाम दलों और कांग्रेस के अपवित्र गठबंधन का किसी भी परियोजना को पूरा करने का इरादा नहीं है।रेल मंत्री ने दोनों दलों के गठबंधन को सीसीपी कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी करार देते हुए कहा, असल मुद्दा यह है कि कांग्रेस और वाम दलों के बीच एक दिलचस्प गठबंधन है। मैं इसे सीसीपी यानी कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी कहता हूं और उनका एकमात्र लक्ष्य चल रही हर परियोजना को रोकना है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों का किसी भी परियोजना को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के लिए I,900 करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं, लेकिन भूमि अधिग्रहण की स्थिति स्पष्ट नहीं है। सबरी रेल लाइन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लंबे प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने हाल में भूमि अधिग्रहण शुरू किया है। उन्होंने कहा क्या यह केरल के लोगों की सेवा करने का तरीका है? वैष्णव ने कहा कि समय-समय पर कांग्रेस और वाम दलों की सरकारें रही हैं और इसी कारण वह इस गठबंधन को सीसीपी कहते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा द्वारा स्वीकृत परियोजना को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। जब वैष्णव ने यह टिप्पणी की, तब सदन में देवेगौड़ा मौजूद थे। कांग्रेस और वाम दलों के इस अपवित्र गठबंधन का विकास कार्य करने का बिल्कुल इरादा नहीं है। इसलिए परियोजनाओं के पूरा होने में इतने साल लग रहे हैं। एक सवाल के लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि हाल के वर्षों में बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2009-14 के दौरान केरल में अवसंरचना परियोजनाओं और सुरक्षा कार्यों के लिए औसतन 372 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष आवंटित किए जाते थे।

## संक्षेप

### रास में पेश हुए 18 निजी विधेयक

नयी दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को अर्थव्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को बढ़ावा देने के प्रावधानों वाले एक विधेयक सहित विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा कुल 18 विधेयक पेश किए गए। उच्च सदन में भारतीय जनता पार्टी के सुजीत कुमार ने सिल्वर अर्थव्यवस्था (विकास और सशक्तिकरण) विधेयक पेश किया। इसमें वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अर्थव्यवस्था में योगदान देने तमाम प्रावधान किए गए हैं। कांग्रेस की रेणुका चौधरी ने दो निजी विधेयक पेश किए, जिनमें जलवायु अनुकूल कृषि एवं किसान संरक्षण विधेयक तथा भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। इसी पार्टी की जे बी माथेर हीशम ने भारतीय न्याय संहिता संशोधन विधेयक पेश किया। भाजपा के धनंजय भीमराव म्हादिक ने जहां कोल्हापुरी चमड़ा शिल्प (परिरक्षण आजीविका सुरक्षा) विधेयक पेश किया, वहीं उनकी पार्टी के भीम सिंह ने दो विधेयक पेश किए। सिंह द्वारा पेश किए गये विधेयकों में संविधान संशोधन विधेयक (नए अनुच्छेद 366 का अनुस्थापन) तथा शहरी क्षेत्र (विकास एवं विनियमन) विधेयक शामिल है।

# पश्चिम एशिया संकटः विदेश मंत्री ने अपने ईरानी समकक्ष से बात की

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के तुरंत बाद जयशंकर और अराघची ने 28 फरवरी को बातचीत की थी। इसके बाद उन्होंने 5 मार्च और 10 मार्च को भी बात की थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि बीती रात ईरानी विदेश मंत्री अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बीती रात फोन पर बातचीत ऐसे समय में हुई जब भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। इस समुद्री मार्ग को अमेरिका-इजराइल के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद ईरान ने आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है।

# पाकिस्तान के हवाई हमलों में चार लोगों की मौतः अफगानिस्तान



काबुल। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सेना पर काबुल और दक्षिणी प्रांत कंधार में रात भर जारी रहे हवाई हमलों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

तालिबान सरकार ने कहा कि हमले में कम से कम चार आम नागरिक मारे गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयम बरतने की अपील के बावजूद दोनों पड़ोसी देशों के बीच लड़ाई का यह तीसरा सप्ताह है। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि पाकिस्तान के विमान ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन काम एयर से संबंधित ईंधन डिपो (ईंधन भंडार केंद्र) पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी नागरिक विमानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमान को ईंधन की आपूर्ति करती है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। फरवरी के आखिर से ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। अफगानिस्तान ने कहा था कि उसने सीमा पर पाकिस्तानी हमलों के जवाब में पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाकर हमले किए थे।

पाकिस्तान की सेना का कहना है कि उसके अभियानों में सीमा पर मौजूद पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) और उनके समर्थक नेटवर्क को निशाना बनाया गया था। पाकिस्तानी तालिबान और उनके समर्थक नेटवर्क को अफगानिस्तान ने कभी औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। दोनों पक्षों ने भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है जो वर्षों में उनकी सबसे घातक लड़ाई बन गई है और पाकिस्तान इसे अफगानिस्तान के साथ खुला युद्ध बता रहा है। एक्स पर अपने पोस्ट में मुजाहिद ने दावा किया कि पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के पक्तिया और पक्तिका प्रांतों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में कई नागरिक स्थलों और निर्जन स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि काबुल में बच्चों समेत कम से कम चार नागरिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। पूरे अफगानिस्तान में हताहतों की कुल संख्या स्पष्ट नहीं है।

# विपक्ष ने बिरला से आठ सांसदों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों ने सरकार और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया है कि आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाए। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सुप्रिया सुले, द्रमुक सांसद कनिमोझी और तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी रॉय ने बृहस्पतिवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से मुलाकात की और आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन को रद्द करने की मांग की। सूत्रों के मुताबिक, रीजीजू ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस मामले को लोकसभा अध्यक्ष के सामने उठाएंगे। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने बिरला और रीजीजू के सामने फिर से यह मुद्दा उठाया। सूत्रों ने यह भी बताया, रीजीजू ने विपक्ष से कहा है कि वह परामर्श के बाद इस मुद्दे पर उनसे संपर्क करेंगे। सूत्रों ने कहा कि निलंबित सांसदों का विषय विपक्ष और सरकार के बीच टकराव का एक मुद्दा है। इसके अलावा विपक्ष पश्चिम एशिया संघर्ष और भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा की मांग कर रहा है। बजट सत्र के पहले चरण के दौरान तीन फरवरी को सदन में आसन की ओर कागज फेंकने के कारण सदन की अवमानना के मामले में विपक्ष के आठ सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस. वेंकटेशन शामिल हैं।

# ईंधन भरने वाले विमान में सवार चार चालक दल के चार सदस्यों की मौतः अमेरिकी सेना




दुबई। पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हुए ईंधन भरने वाले अमेरिकी सैन्य विमान केसी-135 विमान में सवार चालक दल के छह सदस्यों में से चार की मौत हो गई है।

अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने एक बयान में यह घोषणा की। इसने कहा, विमान में सवार चालक दल के छह सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो चुकी है और बचाव कार्य जारी है। अमेरिकी सेना ने कहा, घटना की परिस्थितियों की जांच जारी है। हालांकि, विमान का नुकसान न तो शत्रुतापूर्ण गोलीबारी के कारण हुआ और न ही मित्रवत गोलीबारी के कारण।

## इंटरटेनमेंट...

# आदित्य धर ने दर्शकों के प्रति जताया आभार



नयी दिल्ली। फिल्म धुरंधर के निर्देशक आदित्य धर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों ने उनके काम पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए वह गहरी कृतज्ञता महसूस करते हैं। धर की फिल्म धुरंधर द रिवेंज रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक ने बृहस्पतिवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया और अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी टीम और प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा मैं अपना जन्मदिन धुरंधरः द रिवेंज को अंतिम रूप देने में बिताते हुए एक पल ठहरकर बीते असाधारण साल को याद कर रहा हूं। उन्होंने आगे कहा आज यहां बैठकर मैं गहरी कृतज्ञता से भर गया हूंइस पूरी यात्रा के लिए, उस टीम के लिए जो हमेशा मेरे साथ चलती रही, और उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने वर्षों से मेरे काम पर भरोसा जताया है। फिल्म निर्देशक आदित्य धर ने कहा कि उनका दिल कृतज्ञता से भरा हुआ है और दर्शकों का भरोसा उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने कहा आप सभी के संदेश, ट्वीट, स्टोरीज़ और आदित्य धर मीम्स में की गई बारीकियों को पढ़कर मेरा दिल भर आया है। काश मैं आप में से हर एक को व्यक्तिगत रूप से जवाब दे पाता, लेकिन कृपया यह जान लें कि मैं आपके प्यार और प्रोत्साहन को दिल से महत्व देता हूं। उन्होंने कहा मैं इनमें से किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं लेता। एक ऐसे उद्योग में जहां कुछ भी तय नहीं होता और हर फिल्म विश्वास की एक छलांग होती है, वहां दर्शकों का भरोसा ही सब कुछ होता है। अगर इस साल ने मुझे कुछ सिखाया है, तो वह यह है कि अपने सपनों पर विश्वास कभी नहीं खोना चाहिए, चाहे वे कितने भी बड़े क्यों न हों। ईमानदारी के साथ काम करें, अपने काम में अपनी पूरी ताकत लगा दें, तो उसका सकारात्मक परिणाम निकलेगा। भरोसा रखें कि हर छोटा कदम और हर संघर्ष हमें धीरे-धीरे वहीं ले जा रहा है, जहां हमें होना चाहिए। धर की फिल्म धुरंधर दिसंबर 2025 में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। रणवीर सिंह के साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अभिनीत इस फिल्म में कंधार विमान अपहरण, 2001 संसद हमला और 26I11 मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक और आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित गुप्त खुफिया अभियानों की कहानी दिखाई गई है।

### गौरव गेरा ने री-क्रिएट किया धुरंधर का पॉपुलर सीन

मुम्बई। क्टर गौरव गेरा ने पिछले साल आई रणवीर सिंह की धुरंधर में आलम भाई का किरदार निभाया है। फिल्म में गौरव के किरदार को काफी पसंद किया गया और इसका दूध सोडा वाला सीन काफी वायरल भी हुआ था। अब अक्षय कुमार के रियलिटी शो व्हील ऑफ फॉर्च्यून में पहुंचे गौरव गेरा ने अपने इस पॉपुलर सीन को री-क्रिएट किया। साथ ही उन्होंने अपने किरदार को लेकर भी बात की। व्हील ऑफ फॉर्च्यून के हालिया एपिसोड में पहुंचे गौरव गेरा ने शो पर अपने पॉपुलर दूध सोडा वाले सीन को फिर से परफॉर्म करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोग हैरान रह जाते हैं, जब उन्हें पता चलता है कि दादी बनकर दूध सोडा बेचने वाले मोहम्मद आलम का रोल उन्होंने ही निभाया था। गौरव ने शो में बताया कि बहुत सारे लोग तो पहचान ही नहीं पाते दादी की वजह से।

# गुरुद्वारे में कीर्तन गाते थे मीका सिंह, एक इवेंट ने बदली किस्मत



मुम्बई। बॉलीवुड की निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान अपने यूट्यूब चैनल को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वह अपने कुक दिलीप के साथ कई सेलेब्रिटी के साथ बातचीत करती हैं और इसका वीडियो शेयर करती हैं। दर्शक फराह के वीडियो को देखते हैं और दिलीप के साथ उनकी नोकझोंक को पसंद करते हैं। फराह ने शुक्रवार को अपने यूट्यूब चैनल पर एक और नया वीडियो पोस्ट किया है। इसमें वह मशहूर पंजाबी पॉप गायक, रैपर और संगीतकार मीका सिंह के फार्म हाउस पर नजर आ रही हैं। इस बीच फराह खान से बातचीत में मीका सिंह ने उन्हें अपनी गायन यात्रा, और कुछ मजेदार पलों के बारे में बताया। मीका ने अपनी शुरूआती जर्नी के बारे में बताते हुए कहा कि उनके पिता गुरुद्वारे में कीर्तन करते थे, उनको म्यूजिक का शौक था। उन्होंने कहा, 'मैंने भी बहुत कीर्तन किया है।

# मधुबाला बायोपिक में कास्टिंग की चर्चा तेज



मुम्बई। हंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय अदाकाराओं में गिनी जाने वाली मधुबाला की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फिल्म की कास्टिंग को लेकर लगातार नए-नए नाम सामने आ रहे हैं। पहले खबर थी कि इस फिल्म में लीड रोल के लिए कियारा आडवाणी को चुना गया है, लेकिन यह खबर झूठी साबित हुई।

फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री साई पल्लवी का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह इस भूमिका के लिए फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की शुरूआती पसंदों में शामिल रही हैं। हालांकि कास्टिंग को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

दरअसल, इस बायोपिक को लेकर पिछले कुछ महीनों से कई तरह की खबरें सामने आती रही हैं। कभी कियारा आडवाणी के नाम की चर्चा हुई, तो कभी सैयारा फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा को मधुबाला का किरदार निभाने की खबरें आईं। लेकिन बाद में कुछ रिपोर्ट्स में इन दावों को अफवाह भी बताया गया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म के निमार्ता एक ऐसे चेहरे की तलाश में हैं जो मधुबाला की खूबसूरती और अभिनय दोनों को पर्दे पर जीवंत कर सके। इसी वजह से कास्टिंग को लेकर काफी सावधानी बरती जा रही है और कई नामों पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मधुबाला भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। उनकी फिल्में और उनकी निजी जिंदगी दोनों ही लंबे समय तक चर्चा में रही हैं। ऐसे में उनकी जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक को लेकर दर्शकों में भी काफी उत्सुकता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com